फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 278 प्रभात जयपुर, मंगलवार 12 मई, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**WHEN THE VILLAGE ROARED AT THE SKY**

Gajon is the roar. The word itself, most scholars agree, comes from the Sanskrit word *garjana*, meaning a roar or a cry, the sound the Sanyasis...

**Protecting Plants, Protecting Our Future**

Observed on May 12, the International Day of Plant Health highlights the vital role plants play in sustaining life, food security and the global economy

# क्या प्र.मंत्री मोदी की अपील अर्थव्यवस्था के "टिपिंग पॉइन्ट" पर पहुँचने का संकेत है?

## जापान की वित्तीय फर्म नोमूरा होल्डिंग्स ने मोदी की अपील के विश्लेषण में यह आशंका जताई

- नोमूरा होल्डिंग्स ने प्र.मंत्री मोदी की अपील को मद्देनज़र उन नीतिगत कदमों की पहचान की है, जिन्हें नई दिल्ली आने वाले दिनों में उठा सकती है। उसने विदेशी मुद्रा रिज़र्व संग्रह योजना शुरु किए जाने की संभावना व्यक्त की।
- नोमूरा ने पैट्रोल और डीज़ल की कीमतों में दस प्रतिशत वृद्धि की बात की ओर बताया कि सरकारी तेल कंपनियों को इस समय प्रतिमाह 30,000 करोड़ रूपए का नुकसान हो रहा है।
- विपक्षी दलों ने मोदी की अपील की कड़ी आलोचना की। राहुल गांधी ने कहा, यह अपील सरकार की असफलता का प्रमाण है, कांग्रेस सांसद कार्ति चिदम्बरम ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की और तृणमूल सांसद सागरिका घोष ने प्र.मंत्री की विदेश यात्रा पर और चुनाव प्रचार में भारी खर्च पर निशाना साधा और लिखा "राजा मस्त जनता त्रस्त"।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 मई। राज्य चुनावों के परिणाम आने के तुरंत बाद आर्थिक मितव्ययिता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई सात सूत्रीय अपील की विपक्षी पार्टियों ने आलोचना की है, वहीं जापानी वित्तीय फर्म नोमुरा होल्डिंग्स ने उन नीतिगत कदमों की पहचान की है, जिन्हें नई दिल्ली आगामी हफ्तों में शुरू कर सकती है। नोमुरा के अनुसार, इन कदमों में सोना सहित, गैर-आवश्यक वस्तुओं के आयात को हतोत्साहित करना और लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (एनआरएस) के तहत नियमों को कड़ा करना शामिल हो सकता है। वर्तमान में भारतीयों को वार्षिक 2,50,000 अमेरिकी डॉलर तक विदेश भेजने की अनुमति है।

ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि भारत सरकार रुपया मजबूत करने के लिए विदेशी मुद्रा जमा संग्रह योजना शुरू करने पर भी विचार कर सकती है।

नोमुरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नागरिकों से अनावश्यक खर्च को कम करने और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ऊर्जा संरक्षण की अपील यह संकेत देती है कि भारत की वित्तीय स्थिति "टिपिंग पॉइंट" पर पहुंच सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के बयान यह दर्शाते हैं कि सरकार ने जो समायोजन किया है, उसका भार धीरे-धीरे परिवारों से साझा करने की उम्मीद कर सकती है, क्योंकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और भू-राजनीतिक तनाव भारत के वित्तीय संतुलन पर दबाव डाल रहे हैं।

नोमुरा ने कहा कि पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है, क्योंकि राज्य के स्वामित्व वाली तेल विपणन कंपनियां वर्तमान में ईंधन और एलपीजी की बिक्री पर प्रति माह 30,000 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही हैं। नोमुरा का अनुमान है कि इस बढ़ोतरी से भारत में मुद्रास्फीति में लगभग 0.5 प्रतिशत पॉइन्ट्स की वृद्धि हो सकती है।

इस बीच, विपक्षी नेताओं ने आयात

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जल जीवन मिशन घोटाले में महेश जोशी को जेल भेजा

जयपुर, 11 मई। एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े मामले में तत्कालीन जलदाय मंत्री महेश जोशी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। वहीं, अदालत ने मामले में दलाल की भूमिका निभाने वाले संजय बड़ाया को 13 मई तक पुलिस रिमांड पर एसीबी को सौंप दिया है।

रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एसीबी की ओर से पूर्व मंत्री महेश जोशी को विशेष अदालत में पेश किया गया। एसीबी की ओर से विशेष लोक

- घोटाले में दलाल की भूमिका निभाने वाला संजय बडाया 13 मई तक पुलिस रिमांड पर।

अभियोजक शालिनी ने आरोपी की पुलिस अभिरक्षा की अवधि को बढ़ाने की गुहार की, जिसका महेश जोशी की ओर से विरोध किया गया। वहीं एसीबी की ओर से हाल ही में गिरफ्तार संजय बड़ाया को अदालत में पेश कर पांच दिन का रिमांड मांगा गया। एसीबी की ओर से कहा गया कि आरोपी बड़ाया से मामले को लेकर पूछताछ करनी है। ऐसे में उसे पांच दिन के रिमांड पर सौंपा जाए। इस पर अदालत ने बड़ाया को 13 मई तक पुलिस रिमांड पर एसीबी को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केरल में कांग्रेस के सहयोगी दलों की राय सतीशन के पक्ष में है

## राहुल गांधी वेणुगोपाल के पक्ष में हैं, पर अगर उनकी नहीं चली तो वे वेणुगोपाल को कोई और बड़ा पद दे सकते हैं, शायद पार्टी अध्यक्ष का पद

- सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यकाल अगले वर्ष समाप्त होने वाला है।
- केरल में जहाँ अधिकांश विधायकों की पसंद वेणुगोपाल हैं, वहीं जनता की पसंद सतीशन हैं, उनके लिए आम कार्यकर्ता राज्य भर में प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसे लेकर कांग्रेस हाईकमान ने भारी नाराज़गी भी जताई।
- केरल में कांग्रेस नेतृत्व भारी दुविधा में हैं, इसलिए अब चयन प्रक्रिया में सोनिया गांधी, ए के एंटनी व सहयोगी दलों को शामिल करने पर भी विचार चल रहा है।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 मई। केरल में चुनाव परिणाम घोषित होने के लगभग एक सप्ताह बाद भी मुख्यमंत्री पद का कोई उम्मीदवार तय नहीं हुआ है। इसका कारण कांग्रेस के अंदर मौन खींच-तान है, जिसमें शीर्ष पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में हैं। सूची में सबसे आगे पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल हैं, इसके बाद वी.डी. सतीशन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चैन्निथला हैं। राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के. सुधाकरन भी खुद को दावेदार मान रहे हैं।

पार्टी अभी भी परामर्श प्रक्रिया में है, जो दो वरिष्ठ नेताओं, अजय माकन और मुकुल वासनिक, के राज्य में निरीक्षक के रूप में भेजते ही शुरु हो गई थी।

उनकी रिपोर्टों के अनुसार, जो उन्होंने विधायकों और पार्टी के स्थानीय नेताओं से परामर्श के बाद सौंपी हैं, अधिकांश विधायक वेणुगोपाल के पक्ष में हैं, जो वरिष्ठ पार्टी नेता राहुल गांधी की पसंद भी हैं। लेकिन दूसरी पंक्ति के वी.डी. सतीशन, जो कांग्रेस विधायक दल के नेता रह चुके हैं, की ओर से उनका कड़ा विरोध किया जा रहा है।

जहां केसी वेणुगोपाल विधायकों की पसंद माने जा रहे हैं, वहीं वी.डी. सतीशन जनता की पसंद प्रतीत हो रहे हैं। केरल में कांग्रेस कार्यकर्ता सतीशन के समर्थन में रैलियाँ निकाल रहे हैं। केन्द्रीय नेता इससे नाराज़ हैं तथा उन्होंने सतीशन को ऐसे प्रदर्शन बंद करवाने का निर्देश दिया।

और भी जटिलताएँ हैं। केरल की 140-सदस्यीय विधानसभा में यूडीएफ ने 102 सीटें जीतीं, लेकिन इनमें से सभी कांग्रेस के पास नहीं गईं।

कांग्रेस के पास 63 विधायक हैं, जबकि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के पास 22 सीटें हैं। शेष सीटें अन्य घटक दलों ने जीती हैं। इसलिए आईयूएमएल की राय का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हाईकोर्ट्स जमानत याचिकाओं को प्राथमिकता दें'

## सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिकाओं के लंबित मामलों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए दिशा निर्देश जारी किये

- सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बैंच ने इलाहाबाद व पटना हाईकोर्ट का विशेष रूप से हवाला दिया और कहा, इन हाईकोर्ट्स में जमानत याचिकाओं के लंबित मामले बड़ी समस्या हैं, जब कि यहाँ जज एक दिन में कई केस निपटाते हैं।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, लंबित जमानत याचिकाएं साप्ताहिक, पाक्षिक आधार पर सूचीबद्ध की जाएं। नई याचिका को दायर होने के बाद "ऑल्टरनैट डे" पर या एक सप्ताह के भीतर सूचीबद्ध किया जाए।

**- जाल खंबाता -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 11 मई। भारत के सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के उच्च न्यायालयों को जमानत याचिकाओं के त्वरित रूप से निपटारा सुनिश्चित करने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए, और जमानत मामलों में लंबित मामलों और सुनवाई में देरी पर चिंता जताई।

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि जमानत के मामलों की सुनवाई में देरी कई न्यायक्षेत्रों में गंभीर समस्या बनी हुई है, विशेष रूप से इलाहाबाद और पटना उच्च न्यायालयों में।

पीठ ने स्पष्ट किया कि ये टिप्पणियाँ आलोचना के लिए नहीं हैं, बल्कि न्यायिक दक्षता बढ़ाने और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा के उद्देश्य से हैं।

सर्वोच्च न्यायालय उस मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने पहले सभी उच्च न्यायालयों से लंबित जमानत याचिकाओं के विवरण मांगे थे। जबकि अधिकांश उच्च न्यायालयों ने डेटा प्रदान किया और समय पर सुनवाई के लिए कदम उठाए, पीठ ने कुछ अदालतों में चिंताजनक रूप से लंबित मामलों का उल्लेख किया।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय का विशेष रूप से हवाला देते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लंबित मामलों की संख्या बहुत अधिक है, हालांकि न्यायाधीश एक दिन में सैकड़ों मामलों की सुनवाई करते हों।

प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए, सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि वे जमानत याचिकाओं को साप्ताहिक या पाक्षिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सोमनाथ के 90 मीटर ऊंचे शिखर पर कुंभाभिषेक

सोमनाथ/अहमदाबाद, 11 मई। प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर सोमवार को ऐतिहासिक आध्यात्मिक क्षण का साक्षी बना, जब मंदिर के 90 मीटर ऊंचे शिखर पर पहली बार

- विशेष क्रेन की सहायता से प्रधानमंत्री ने 11 पवित्र तीर्थों के जल से कुंभाभिषेक किया।

कुंभाभिषेक किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष क्रेन की सहायता से 11 पवित्र तीर्थों के जल से मंदिर शिखर का कुंभाभिषेक किया। इसके बाद उन्होंने गर्भगृह में भगवान सोमनाथ महादेव का जलाभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर भारतीय वायुसेना के चेतक हेलीकॉप्टरों से मंदिर परिसर में पुष्पवर्षा की गई। भारतीय वायुसेना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ईरान ने होर्मुज़ में टोल वसूली के नियम घोषित किए

## ईरान के मीडिया ने कहा, ईरान ने होर्मुज़ स्ट्रेट पर पूर्ण प्रभुसत्ता हासिल करने की व्यवस्था तैयार की ली है

- पर्शियन गल्फ सॉवरिन अथॉरिटी के नए नियमों के अनुसार, जो जहाज़ होर्मुज़ से गुजरना चाहते हैं, उन्हें पहले फॉर्म भर कर ई-मेल करना होगा, उसके बाद उनका आवेदन प्रौसेस होगा, फिर आगे के निर्देश मेल द्वारा दिए जाएंगे।
- नियमों के अनुसार, गलत या अधूरी जानकारी देने का खामियाजा आवेदनकर्ता को भुगतना पड़ेगा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 मई। मध्य पूर्व में युद्ध को समाप्त करने के लिए होर्मुज़ स्ट्रेट पर अमेरिका और ईरान की नाकाबंदी के बीच, एक शिपिंग जर्नल (पत्रिका) के अनुसार, तेहरान ने इस रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों के लिए नए नियम लागू किए हैं और उनसे टोल वसूलने का निर्णय लिया है।

स्ट्रेट पर नियंत्रण को औपचारिक बनाने का कदम ऐसे समय पर उठाया गया, जब अमेरिका इस पतले रास्ते को फिर से खालेने के लिए एक डील पर जोर दे रहा था, जिसके माध्यम से सामान्यतः दुनिया के 20 प्रतिशल तेल का परिवहन होता है।

शिपिंग और समुद्री व्यापार पर खबरें और जानकारी देने वाले, इस उद्योग के जर्नल लॉयड्स लिस्ट ने कहा, "फारस की खाड़ी स्ट्रेट अथॉरिटी ने पहले ही एक नया फ्रेम वर्क शुरु कर दिया है, जिसके तहत जहाजों को ट्रांज़िट ऑथराइजेशन प्राप्त करने और यात्रा से पहले टोल का भुगतान करना आवश्यक है।"

जर्नल ने "वैसल इन्फॉर्मेशन डैक्लरेशन" नाम के एक फॉर्म का हवाला दिया, जिसे अथॉरिटी द्वारा भेजा गया, और कहा कि स्ट्रेट से सुरक्षित मार्ग चाहने वाले सभी जहाजों को "मालिकाना हक, बीमा, चालक दल के विवरण और निर्धारित ट्रांज़िट मार्ग सहित, विस्तृत रिकॉर्ड जमा कराने होंगे।"

रिपोर्ट के अनुसार, इस फ़ॉर्म में 40 से अधिक प्रश्न हैं, जिनमें जहाज का नाम, पहचान संख्या, पूर्व नाम, मूल और गंतव्य देश, जहाज के पंजीकृत मालिकों, ऑपरेटरों और चालक दल की राष्ट्रीयता, साथ ही जहाज पर मौजूद माल का विवरण भी बताना होगा।

अंग्रेज़ी भाषी प्रसारणकर्ता ईरानी प्रेस टीवी ने यह भी बताया कि तेहरान ने "स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ पर संप्रभुता का अभ्यास करने के लिए एक प्रणाली बनाई है" और स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों को ईमेल से "नियम" भेजे जा रहे हैं।

पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पी.जी.एस.ए.) के अनुसार, यह फ़ॉर्म "पूर्ण और सटीक जानकारी" के साथ भरा जाना चाहिए और जहाजों के स्ट्रेट से गुजरने से पहले अथॉरिटी को ईमेल किया जाना चाहिए। उसने कहा कि ट्रांज़िट अनुरोधों को संधारित करने के बाद, "अग्रिम निर्देश ईमेल के माध्यम से जहाजों को भेजे जाएंगे।"

इसमें यह भी चेतावनी दी गई कि किसी भी गलत या अधूरी जानकारी के लिए पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न होने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# टीवीके विधायक प्रभाकर तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष बनेंगे

चेन्नई, 11 मई। तमिलनाडु की 17वीं विधानसभा के अध्यक्ष पद पर तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के विधायक जेसीडी प्रभाकर का निर्विरोध निर्वाचन तय है। विधानसभा अध्यक्ष पद

- नामांकन के अंतिम दिन तक केवल उनका नामांकन पत्र दाखिल हुआ।

के चुनाव में नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को सिर्फ प्रभाकर ने नामांकन किया। इस कारण उनके निर्विरोध निर्वाचन की सिर्फ घोषणा बाकी है।

सत्तारूढ़ टीवीके के मुताबिक, विधानसभा अध्यक्ष पद पर निर्वाचन की घोषणा मंगलवार को आधिकारिक रूप से की जाएगी, जिसके बाद वे सदन की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शुभेन्दु अधिकारी के पीए के हत्यारों के महत्वपूर्ण सुराग मिले, तीन संदिग्ध गिरफ्तार

## बहुत बारीकी से बनाई गई योजना का सुराग ढूंढने में पुलिस को आधुनिक तकनीक से भारी मदद मिली

- पुलिस ने हत्या स्थल पर दिखी कार की जानकारी जुटानी शुरु की तो एक सीसीटीवी फुटेज में वह कार टोल प्लाजा पर दिखी, पुष्टि होने पर आगे जाँच की तो पता लगा कि कार ने यूपीआई से टोल भुगतान किया है।
- यूपीआई भुगतान स्लिप से फोन नम्बर की जानकारी मिली और फोन नम्बर के आधार पर पुलिस को एक वॉट्सऐप ग्रुप को पकड़ने में सफलता मिली। इसी आधार पर पुलिस को यूपी, बिहार व झारखंड की लोकेशन का भी पता चला।
- समझा जाता है कि यह हत्या मोटी रकम के एवज में की गई थी, पर वह पैसा कौन दे रहा था और क्यों? क्या साजिशकर्ता को यकीन था तृणमूल की वापसी होगी और मामला दब जाएगा या फिर वह उच्च स्तर पर कोई संदेश देना चाहता है, यह भारी जाँच का मुद्दा है।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 मई। सोच समझकर योजना बनाकर की गई हत्याओं के मामलों को सुलझाना अब बहुत मुश्किल नहीं रह गया है और कातिलों को यह भी नहीं पता होता कि उन्होंने अपने निशान कहाँ छोड़े और किस रूप में छोड़े। पुलिस ने शुभेन्दु अधिकारी के पीए की हत्या के मामले में कम से कम तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर हत्या करने वाले गिरोह का हिस्सा होने का संदेह है।

बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी के व्यक्तिगत सहायक की हत्या के अपराधियों की शुरुआत में पकड़ मुश्किल लग रही थी, और उनके पकड़े जाने और सजा दिलाने की उम्मीदें बहुत कम थीं।

हत्या के मामले में हर मिनट तक की योजना बनाई गई थी और योजना का निष्पादन भी बिल्कुल सही था, जिससे जांचकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि यह पेशेवर हत्यारे गिरोह का काम है। अपराधियों ने घटना स्थल पर अपनी पहचान का कोई सुराग नहीं छोड़ा, जिससे जांचकर्ताओं को थोड़े समय के लिए भ्रमित भी होना पड़ा।

राज्य भर में कई स्थानों पर सघन जांच अभियान के बाद, पुलिस को कोलकाता के पास एक टोल प्लाजा के लेनदेन से एक अहम सुराग मिला। हत्या स्थल पर देखी गई कार को टोल प्लाजा से गुजरते देखा गया, और विस्तृत सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण ने पुष्टि की कि यह वही कार थी।

इसके बाद जांचकर्ताओं ने टोल गेट रिकॉर्ड्स को देखा और देखा कि टोल भुगतान, जो नेटवर्क के माध्यम से किए गए थे, में वह फोन नंबर जुड़ा था, जिससे भुगतान हुआ था। एक बार इस मुख्य सुराग की पुष्टि हो जाने के बाद बाकी की खोज आसान हो गई।

जांच के दौरान, टीम यूपी, बिहार और झारखंड में कुछ स्थानों और पतों तक पहुंची। टेलीफोन नंबर और सीसीटीवी फुटेज ने बाद में हत्या गैंग के सदस्यों को जोड़ने और उनके वॉट्सऐप ग्रुप को क्रैक करने में मदद की।

अब, जब जांचकर्ताओं को इस बात का अच्छा अंदाजा हो गया है कि कौन-कौन इस अपराध में शामिल हो सकता है, तो गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी ज्यादा कठिन नहीं होनी चाहिए।

हालांकि, सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इन हत्यारों को किसी प्रमुख राजनीतिक व्यक्ति के कार्यकारी सहायक को मारने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं थी, सिवाय इसके कि उन्होंने मोटी रकम पहले से तय कर रखी थी।

असल सवाल यह है कि आखिरकार इस हत्या को अंजाम देने के लिए हत्यारों को किसने हायर किया। हत्या की योजना बंगाल चुनावों से पहले ही बनाई गई होगी। यह केवल चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद ही हुई। यह वह समय था जो चुनाव और परिणाम के बीच का अंतर प्रदान करता था।

जिन लोगों ने हत्या का आदेश दिया, उन्होंने निश्चित रूप से यह उम्मीद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शुभेन्दु के पीए के हत्याकांड में बलिया निवासी गिरफ्तार

बलिया, 11 मई। बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी के पीए हत्याकांड के तार बलिया से भी जुड़े हैं। इस बहुचर्चित हत्याकांड में गड़वार थाना क्षेत्र के कुरेजी के मूल निवासी राज सिंह की

- प. बंगाल पुलिस ने राजसिंह को लखनऊ से लौटते समय पकड़ा।

गिरफ्तारी से जिलेवासी सन्न हैं।

पुलिस के मुताबिक, पश्चिम बंगाल पुलिस ने रविवार की देर रात बलिया निवासी राज सिंह को लखनऊ से लौटते समय अयोध्या से गिरफ्तार किया है। वे लखनऊ में आयोजित एक शादी कार्यक्रम से लौट रहे थे। राज सिंह के बलिया सदर कोतवाली के आनंद नगर मोहल्ले स्थित आवास पर ताला लटक रहा है। आसपास के लोगों की मानें तो उसके परिजन दूसरी जगह चले गए हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

कदम पीछे ना हटाने वाला ही ऐश्वर्य को जीतता है। –ऋग्वेद

# तमिलनाडु में नए युग की शुरुआत

दिनांक 10 मई, 2026 को थलापति सी. जोसेफ विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली। इस प्रकार लगभग 60 वर्ष से चले आ रहे डीएमके/एडीएमके के शासन का अंत हो गया। 4 मई 2026 को तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव परिणाम घोषित हुए। फरवरी, 2024 में बने राजनीतिक दल टीवीके (तमिलगा वेट्री कगज़म) को 108 सीटों पर विजय प्राप्त हुई। विजय स्वयं दो सीटों से जीते हैं। यह उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या 234 है। बहुमत के लिए 118 सीटों की आवश्यकता है। चूंकि विजय ने दो स्थानों से विजय प्राप्त की है, अतः विधानसभा की प्रभावी क्षमता 233 रह जाती है। इसके अनुसार, बहुमत के लिए 117 सीटों की आवश्यकता होती है। विजय के दल को 107 सीटें प्राप्त हैं (विजय द्वारा एक सीट छोड़ने पर)। कांग्रेस जिसके पांच विधायक हैं, ने तत्काल ही विजय को समर्थन देने की घोषणा कर दी। चूंकि डीएमके और कांग्रेस का लगभग 20 वर्ष पुराना गठबंधन था, कांग्रेस के इस निर्णय को डीएमके ने विश्वासघात बताया है।

कांग्रेस की सीटें मिलाकर कुल सीटें 112 हुई । कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की दो-दो सीटों को मिलाकर कुल 116 विधायक टी वी के समर्थन में होते हैं।

सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण विजय ने सरकार बनाने का दावा राज्यपाल राजेंद्र आवलेकर के समक्ष प्रस्तुत किया। केवल एक सीट की कमी के कारण राज्यपाल ने उन्हें आमंत्रित नहीं किया और 118 विधायकों का लिखित समर्थन सिद्ध करने को कहा। ए एम एम के के एक विधायक का समर्थन पत्र भी राज्यपाल को सौंपा गया था, किंतु इसी दल के अध्यक्ष दिनांकरन ने राज्यपाल से मिलकर यह बताया कि उनके दल के विधायक का समर्थन पत्र फर्जी है। जब टी वी के ने उनके विधायक का समर्थन वाला वीडियो जारी किया तो उसे भी दिनाकरण ने फर्जी बता दिया।

किसी न किसी कारण से 9 मई तक राज्यपाल से बार-बार मिलने के बावजूद, विजय को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का निमंत्रण नहीं मिला। अंततः जब 9 मई को विजय द्वारा वीसीके के दो और आई यू एम एल के दो विधायकों के समर्थन पत्र भी राज्यपाल को सौंप दिए गए, तब राज्यपाल के पास विजय को मुख्यमंत्री नियुक्त करने के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं बचा था।

यह विस्तृत विवरण हालांकि सार्वजनिक रूप से सबको पता है, किंतु यहां पर देना इसलिए आवश्यक है कि पाठक यह समझ सकें कि जब भी किसी राज्य में बीजेपी या बीजेपी समर्थित कोई सरकार नहीं बनती है, तो कैसे भाजपा द्वारा सरकार बनाने के काम में रोड़े अटकाए जाते हैं। कई बार यह काम संविधान एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के विपरीत जाकर किया जाता है। सरकारिया आयोग की रिपोर्ट और एस आर बोम्मई के निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यह स्पष्ट किया जा चुका है कि किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत प्राप्त है या नहीं, यह जांचने का स्थान राजभवन नहीं अपितु विधानसभा है। ऐसा अनेक बार हुआ, जब राज्यपाल ने चुनाव के पश्चात, सबसे बड़े राजनीतिक दल को सरकार बनाने हेतु आमंत्रित किया, चाहे उसके पास बहुमत की संख्या थी अथवा नहीं। बाद में उन्हें कुछ समय दिया गया, जिस अवधि में उनको विधानसभा में अपना बहुमत सिद्ध करने को कहा गया। इसी सिद्धांत को यदि तमिलनाडु में भी अपनाया जाता तो 5 या 6 मई को ही विजय को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती थी, किंतु ऐसा नहीं किया गया। जहां तक भाजपा का प्रश्न है, उसका तो केवल एक विधायक बना है। संभव है, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने यह सोचा होगा कि किसी न किसी कारण से विजय को राज्यपाल के माध्यम से कुछ दिन मुख्यमंत्री बनने से रोका जा सके ताकि भारत सरकार तमिलनाडु में इस आधार पर राष्ट्रपति शासन लागू कर सकें कि वहां किसी दल को बहुमत नहीं है। यह किसी से छिपा हुआ नहीं है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए केवल एक ही लक्ष्य रहता है कि वह राज्य अथवा केंद्र सरकार में येन केन प्रकारेण सत्ता में बनी रहे। यदि स्वयं अपने बलबूते पर सत्ता में न आ पाए तो किसी अन्य दल के समर्थन से वह सत्ता में जाए। किंतु मुख्य उद्देश्य किसी अन्य को, विशेषकर कांग्रेस को, सत्ता से दूर रखना होता है। यह रणनीति तमिलनाडु में सफल नहीं हो पाई जिसके कारण टी वी के की सरकार बनने का रास्ता साफ हुआ।

केवल दो साल पहले बनी टी वी के को विजय के नेतृत्व में मिली अभूतपूर्व सफलता के कारणों का विश्लेषण करना उपयुक्त होगा।

तमिल में 'थलापति' का अर्थ जननायक होता है। विजय, तमिलनाडु के सर्वाधिक लोकप्रिय फिल्म स्टार हैं और फिल्मों में काम करने के लिए सर्वाधिक फीस भी उन्हें ही मिलती है। उनके पीछे लोग कितने दीवाने हैं, यह इससे भी पता लगता है कि सितंबर 2025 में जब उनकी एक सभा आयोजित हुई तो उसमें उमड़ी भीड़ में मची भगदड़ से कुछ लोगों की मृत्यु हो गई । विजय के अनुयायियों में युवाओं और महिलाओं की संख्या सर्वाधिक है। जिस प्रकार से विजय की चुनावी रैलियों में भीड़ उमड़ी और उन्हें दीवानेपन की हद तक समर्थन मिला, उससे यह तो स्पष्ट हो रहा था कि कुछ अलग तमिलनाडु में हो सकता है, किंतु यह किसी ने भी नहीं सोचा था कि 2 साल पहले बनी एक फिल्म स्टार की पार्टी टी वी के को 108 सीटों पर विजय प्राप्त होगी और वह सरकार बनाने की स्थिति में होगी।

यदि केंद्र सरकार के एजेंट की तरह और भाजपा के नेताओं के इशारे पर राज्यपाल ने काम नहीं किया होता तो अधिक गरिमा पूर्ण तरीके से, विजय को स्थापित परम्पराओं के अनुसार सरकार बनाने हेतु आमंत्रित कर सकते थे। भाजपा को शायद यह स्वीकार करने में भी कठिनाई हो रही थी कि एक हिंदू बहुल राज्य का मुख्यमंत्री कोई ईसाई धर्मावलंबी बने। यह अलग बात है की विजय को सभी धर्मों और जातियों का समर्थन प्राप्त था और सब ने मिलकर टी वी के को इस चुनाव में, डी एम के और ए आई ए डी एम जैसे पुराने सत्तासीन दलों को पीछे छोड़ते हुए सबसे अधिक सीटों पर जिताया।

**यदि जनता के द्वारा जताए विश्वास पर जोसेफ विजय खरे उतरते हैं तो शायद इसी प्रकार के नेतृत्व को और इसी प्रकार के नेताओं को देश के अन्य राज्यों में भी उभरने का अवसर मिल सकता है । यह सही है कि देश के लोग पुरानी, पारंपरिक तरह की राजनीतिक से ऊब चुके हैं। वे अब वह जाति, धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर केवल विकास और सुशासन की राजनीति को अवसर देना चाहते हैं।**

शपथ ग्रहण समारोह के बाद विजय के द्वारा जो संबोधन दिया गया, उसमें जिस प्रकार का भावपूर्ण दृश्य उपस्थित जन समुदाय में देखा गया, वैसा भारतीय राजनीति में आजकल बहुत कम ही देखा जाता है ।

इस संदर्भ में यह उल्लेख करना उचित होगा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा द्वारा ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने के बाद भाजपा की सरकार बहुत बड़े बहुमत से बनी है। इस राज्य में शुभेंदु अधिकारी द्वारा एक दिन पहले 9 मई 2026 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली गई इस समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई सदस्य और भाजपा शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री भी उपस्थित थे। तमिलनाडु में विजय के शपथ ग्रहण समारोह की तुलना शुभेंदु के शपथ ग्रहण समारोह से करें तो अंतर स्पष्ट दिखाई दे रहा था। जहां भाजपा के शुभेंदु अधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत भव्य और अहंकार पूर्ण था वहीं इसके विपरीत चेन्नई में विजय के शपथ ग्रहण समारोह में भव्यता के स्थान पर सादगी और और अहंकार के स्थान पर नम्रता और अपनापन था। स्वयं विजय के चेहरे पर सरलता और सौम्यता निरंतर स्पष्ट रूप से झलक रही थी । इतनी बड़ी विजय का अहंकार नाम मात्र का भी नहीं था। ऐसा लग रहा था कि विजय ने अपनी सरकार के माध्यम से तमिलनाडु के लोगों के जीवन में कुछ अच्छा करने का संकल्प ले रखा है। उन्होंने शपथ ग्रहण के ठीक बाद एक संबोधन में यह कहा भी कि उनकी सरकार अनावश्यक योजनाओं पर पैसा खर्च नहीं करेगी एवं भ्रष्टाचार को समाप्त करेगी। उनकी प्राथमिकता वास्तविक रूप से धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय आधारित शासन प्रदान करना होगा। उल्लेखनीय है कि विजय ने 2018 में एक तमिल फिल्म 'सरकार' में एक क्रांतिकारी नायक की भूमिका अदा की थी जिसमें वह एक जननायक के रूप में उभरते हैं और स्थापित भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकते हैं। कुछ-कुछ, इसी प्रकार का काम विजय ने वास्तविक राजनीति में इस बार करके दिखाया है।

अब यह आशा और अपेक्षा तमिलनाडु के निवासियों को है कि विजय एक स्वच्छ और ईमानदार सरकार लोगों को दें, ताकि राज्य के सभी लोगों को मूलभूत सुविधाएं बिना परेशानी के सुलभ हो सकें।

यदि इस अपेक्षा पर विजय की टी वी के सरकार खरी नहीं उतरी तो फिर उनका भी वही हाल हो सकता है जैसा केजरीवाल का दिल्ली में हुआ। तमिलनाडु के लोग बहुत भावुक हैं, जैसा कि उनके शपथ ग्रहण समारोह में दिखाई दिया। विजय के शपथ ग्रहण समारोह को चेन्नई के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए बड़े-बड़े पर्दों पर सीधा दिखाया गया। सभी स्थानों पर इस दृश्य को देखने वाले कई आम लोग फूट-फूट कर रो रहे थे। ये आंसू खुशी और उम्मीद के लग रहे थे। ये लोग किसी के द्वारा लाए नहीं गए थे अपितु स्व- स्फूर्त आए थे।

यह लिखना प्रासंगिक होगा कि तमिलनाडु जैसे राज्य में विजय के लिए सरकार चलाना आसान नहीं होगा, विशेष कर तब, जबकि केंद्र में भाजपा की सरकार है जो विपक्षी दलों की सरकारों के लिए समस्याएं उत्पन्न करने के लिए अब तक अब तक जानी गई है, चाहे वह दिल्ली की केजरीवाल सरकार हो, पश्चिम बंगाल की ममता सरकार सरकार हो या पंजाब की भगवंत मान की सरकार।

विजय के सामने अतिरिक्त चुनौती यह है कि उनके अकेले दल को पूरा बहुमत नहीं है और वह छोटे-छोटे दलों के विधायकों के समर्थन से अपनी सरकार चलाएंगे। सभी दल सत्ता में अपना-अपना हिस्सा मांगेंगे और कहीं कोई कमी आने पर वह समर्थन वापस लेने की धमकी भी लगातार देते रहेंगे।

इन सारी चुनौतियों और जनता की अपार अपेक्षाओं और आशाओं के बीच, किस प्रकार से जोसेफ विजय संतुलन बनाते हुए अपनी सरकार को चला पाते हैं यह देखना बड़ा दिलचस्प होगा। तमिलनाडु में विजय की जीत को भारत की राजनीति में एक नए मोड़ की तरह भी देखा जा सकता है। यदि जनता के द्वारा जताए विश्वास पर जोसेफ विजय खरे उतरते हैं तो शायद इसी प्रकार के नेतृत्व को और इसी प्रकार के नेताओं को देश के अन्य राज्यों में भी उभरने का अवसर मिल सकता है। यह सही है कि देश के लोग पुरानी, पारंपरिक तरह की राजनीतिक से ऊब चुके हैं। वे अब वह जाति, धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर केवल विकास और सुशासन की राजनीति को अवसर देना चाहते हैं। तमिलनाडु के लोगों ने सभी पूर्वानुमानों के विपरीत, वर्षों के स्थापित दलों को जिस प्रकार से शिकस्त दी है, वह तमिलनाडु के निवासियों की और वहां के मतदाताओं की राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक है।

मतदाताओं ने तो अपना काम पूरा कर दिया है, अब बारी चुने हुए नेताओं की है। उम्मीद है, वे विधानसभा में अपना बहुमत 13 मई तक सिद्ध कर देंगे।

जोसेफ सी विजय को बहुत बधाई और शुभकामनाएं!


**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अनुठा शहर है जोधपुर

## जोधपुर स्थापना दिवस पर विशेष.........



मिश्रीलाल पंवार



जोधपुर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अनुठा शहर है। यह अपनी जीवंत संस्कृति के लिए जाना जाता है। इसे राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी भी कहा जाता है। यहां की मीठी बोली तथा संबोधन के साथ 'सा' लगाने की परम्परा की खास पहचान है। इसे ब्लू सिटीऔर सूर्यनगरी नाम से जाना जाता है, मुख्य रूप से अपने भव्य मेहरानगढ़ किले, उमैद भवन पैलेस, और जसवंत थड़ा तथा जोधपुरी कोट के लिए जोधपुर की जगह ही पहचान है। राव जोधा द्वारा स्थापित यह शहर पारंपरिक राजस्थानी भोजन, विशेष रूप से मिर्ची बड़ा, प्याज़ कचौरी और मावा कचौरी के लिए तो मशहूर है ही, यहां के बंद गले के कोट की फैशन की दुनिया मे अलग ही शान है।

**मेहरानगढ़ किला :** जोधपुर का मेहरानगढ़ किला, राव जोधा द्वारा 12 मई 1459 को बनवाया गया था। मेहरानगढ़ राजस्थान के सबसे ऊंचे (410 फीट) और भव्य किलों में से एक है। यह किला अपनी विशाल दीवारों, ऐतिहासिक महलों और संग्रहालय के लिए प्रसिद्ध है। यह किला शहर के बीच में एक ऊंची पहाड़ी पर स्थित है और यहां से जोधपुर का विहंगम दृश्य दिखाई देता है। किले में सात प्रमुख द्वार हैं, जिनमें जय पोल (महाराजा मान सिंह द्वारा 1806 में निर्मित) और फतेह पोल शामिल हैं। किले के भीतर मोती महल, फूल महल (सोने की नक्काशी), शीश महल, और तखत विलास जैसे सुंदर महल हैं, जो अपनी अनूठी नक्काशी के लिए जाने जाते हैं। यहां एक समृद्ध संग्रहालय है, जिसमें शाही पालकी, तलवारें (अकबर की तलवार सहित), तोपें, और पेंटिंग्स का संग्रह है। मेहरानगढ़ दुर्ग को देखने हर रोज हजारों देशी-विदेशी पर्यटक जोधपुर आते हैं।

**शाही महल उमेद भवन पैलेस**

जोधपुर का मुख्य शाही महल 'उमेद भवन पैलेस' जोधपुर की शान है। यह महल दुनिया के सबसे बड़े निजी आवासों में से एक है। 1928-1943 के बीच निर्मित यह महल जोधपुर के छितर के पत्थर से बना है। इसलिए इसे छितर पैलेस भी कहा जाता है। अब मह तीन भागों में बंटा है। एक हिस्से मे शाही परिवार का निवास है। एक भाग में शानदार ताज होटल है तथा तीसरे भाग में एक संग्रहालय है। उमेद भवन पैलेस को महाराजा उम्मेद सिंह ने अकाल राहत कार्य के रूप में बनवाया था। इसमें 347 कमरे, एक शानदार गुंबददार लॉबी, और 26 एकड़ में फैले बगीचे हैं। यह महल पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण है, जहाँ संग्रहालय में विंटेज कारें और शाही घड़ियाँ देखी जा सकती हैं।

**जसवंत थड़ाः बेहतरीन नक्कासी का नमूना :** जसवंत थड़ा मेहरानगढ़ किले के पास स्थित एक शानदार सफेद संगमरमर का स्मारक है, जिसे 'मारवाड़ का ताजमहल' कहा जाता है। 1899 में महाराजा सरदार सिंह द्वारा अपने पिता महाराजा जसवंत सिंह द्वितीय की याद में बनवाया गया यह स्थान बेहतरीन नक्काशी के लिए जाना जाता है।

**एतिहासिक मंडोर गार्डन :** जोधपुर रेलवे स्टेशन से कोई नौ दस किलोमीटर दूर मंडोर गार्डन है। यह भी प्राचीन पर्यटन स्थल है। मंदिरों और स्मारकों के मनमोहक संग्रह तथा ऊंचे चट्टानी चबूतरे वाले मन्डोर उद्यान एक अन्य प्रमुख आकर्षण हैं। इस उद्यान में जोधपुर राज्य के कई शासकों की छतरियां (स्मारक) स्थित हैं। इनमें महाराजा अजीत सिंह की छतरी प्रमुख है, जिसका निर्माण 1793 में हुआ था। मारवाड़ के शासकों की पहले यह राजधानी हुआ करती थी। यह प्राचीन और ऐतिहासिक स्थल है, जो 6वीं शताब्दी में प्रतिहारों की राजधानी था और बाद में राठौड़ वंश का केंद्र बना। यहां का प्राचीन किला अब खंडहर के रूप में मौजूद है। यह अपनी अनूठी वास्तुकला, विशाल दीवारों और रावण के ससुराल के रूप में प्रसिद्ध है। यहां देवताओं की साल भी दर्शनीय है।

**राजस्थान का क्लॉक टावरः घंटाघर :** जोधपुर का ऐतिहासिक घंटाघर (क्लॉक टावर), जिसे राजस्थान का क्लॉक टावर भी कहा जाता है, महाराजा सरदार सिंह द्वारा 1880-1911 के बीच निर्मित एक प्रसिद्ध विरासत स्थल है। यह अपने अनोखे पांच-स्तरीय वास्तुकला, पुराने शहर के केंद्र में स्थित होने, जीवंत सरदार मार्केट और ऊपर से मेहरानगढ़ किले के विहंगम दृश्यों के लिए जाना जाता है। घंटाघर के पास का सदर बाजार, यहाँ के पारंपरिक कपड़े (बांधनी), मोजड़ी (जूतियां), और हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध है। खुद घंटाघर परिसर मारवाड़ की सांस्कृतिक विरासत का जीता जागता नमूना है। जो भी देशी विदेशी पर्यटक जोधपुर आता है,वह एक बार घंटाघर जरूर जाता है। इसके पास ही गुलाब सागर, फतहसागर तथा तूरजी का झालरा स्थित है। आजकल यह क्षेत्र हेरिटेज वॉक के रूप में बहुत लोकप्रिय हो रहा है।

**तूरजी का झालरा :** जोधपुर का तूरजी का झालरा शहर के सबसे आकर्षक और ऐतिहासिक जल भंडारों में से एक है। यह न केवल पानी के संरक्षण की एक शानदार मिसाल है, बल्कि आजकल फोटोग्राफी और सुकून के पल बिताने के लिए एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन गया है। इस झालरे का निर्माण 1740 के दशक में महाराजा अभय सिंह की रानी (तंवर रानी) ने करवाया था। पुरानी परंपरा के अनुसार, राजपरिवार की महिलाएं सार्वजनिक जलाशय बनवाती थीं, उसी के तहत इसका निर्माण हुआ था।स्थापत्य कला का प्रतीक यह झालरा लगभग 200 फीट गहरा है और इसके चारों तरफ सीढ़ियां हैं जो पानी के नीचे जाती हैं। यह लाल बलुआ पत्थर से बना है, जिसमें बहुत ही बारीक और सुंदर नक्काशी की गई है। आजकल यहां विदेशी पर्यटको की भीड़ लगी रहती है।

**माचिया सफारी पार्क :** जोधपुर का माचिया सफारी पार्क, जिसे माचिया बायोलॉजिकल पार्क के नाम से भी जाना जाता है, कायलाना झील के पास स्थित एक प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य है। यह 41 हेक्टेयर में फैला हुआ है और यहाँ शेर, भालू, हिरण, भेड़िया, मरुस्थली लोमड़ी और नीलगाय जैसे कई जानवर प्राकृतिक वातावरण में रहते हैं। आजकल यह स्थल पर्यटकों में लोकप्रिय हो रहा है।

**प्राचीन और भव्य मंदिर :** जोधपुर अपने प्राचीन और भव्य मंदिरों के लिए भी प्रसिद्ध है, जो शहर के भीतर क्षेत्र से लेकर भौगीशैल परिक्रमा तक फैले हुए हैं। यहाँ के प्रमुख मंदिरों में कुंज बिहारी जी का मन्दिर, चामुंडा माता मंदिर (मेहरानगढ़), अचलनाथ महादेव मंदिर, मसूरिया बाबा रामदेव मंदिर, सिद्धनाथ महादेव मंदिर, मण्डल नाथ महादेव, पाल बालाजी तथा अक्षरधाम मंदिर, बड़ली के भैरुजी का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। ये मंदिर आध्यात्मिक चेतना, ऐतिहासिक कहानियों तथा वास्तुकला का अनूठा मिश्रण हैं।

**बंद गले का जोधपुरी कोट :** बंद गले का जोधपुरी कोट आज पूरे विश्व में अपनी खास पहचान रखता है। इसके आविष्कार का श्रेय जोधपुर के महाराजा प्रताप सिंह को दिया जाता है। 1887 में इंग्लैंड की यात्रा के दौरान इनके कपड़ों का बक्सा कहीं खो गया था। तब इन्हें वहां पर नए कपड़े सिलवाने पड़ें थे। इसी दौरान जोधपुरी कोट की डिजाइन इन्होने खुद तैयार की। टेलर ने इनके बताए अनुसार बंद गले का कोट तैयार कर दिया। वह कोट पहन कर महाराजा प्रताप सिंह जब समारोह में पहुंचे तो कोट की शान देखकर सभी लोग अभिभूत हो गए। कोट शाही परिवार को बहुत पसंद आया। बाद में लोग बन्द गले का कोट बनवाने उस टेलर की दुकान पर उमड़ पड़े। उन्हीं दिनों से इसको जोधपुरी कोट के नाम से पुकारा जाने लगा। बाद में जोधपुरी कोट भारतीय नेताओं, उद्योगपतियों तथा रईसों की पहली पसंद बन गया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेई से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक ने अपने लिए जोधपुरी कोट सिलवाया। आजकल तो ब्यांह शादी में लोगों की पहली पसंद बन गया है। जोधपुर के महिपाल भंडारी, सज्जन पुरोहित, ओमशिव पुरी, इरफान खान, सैलेश कुमार जैसे अभिनेताओं ने हिन्दी फिल्म जगत में अदाकारी का प्रदर्शन कर जोधपुर का मान बढाया है।

**–मिश्रीलाल पंवार,**
**लेखक जोधपुर के वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

# प्रदेश के सरकारी स्कूलों में एक माह में 5.5 लाख से अधिक दाखिले

## स्कूल शिक्षा में नवाचार का असर – इस बार जुलाई के बजाय एक अप्रैल से शुरू हुआ स्कूलों में दाखिला, प्रवेशोत्सव में नई पहल को मिली सफलता



राजेश यादव

राजनीतिक और प्रशासनिक नेतृत्व के दृढ़ संकल्प से शिक्षण गुणवत्ता में सुधार, अच्छे परीक्षा परिणाम, विद्यालय भवनों का कायाकल्प और बरसों से खाली पड़े पदों पर शिक्षकों की भर्ती से राजस्थान में सरकारी विद्यालयों के प्रति अभिभावकों और विद्यार्थियों का बढ़ता भरोसा अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों और नवाचारों का सकारात्मक परिणाम इस वर्ष प्रवेशोत्सव अभियान में देखने को मिला। इस बार शिक्षा विभाग ने निजी विद्यालयों की तर्ज पर नया शैक्षिणक सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ किया जबकि पूर्व में विद्यालय जुलाई माह से संचालित होते थे। सत्र की इस नई शुरुआत ने न केवल शैक्षिणक गतिविधियों को समय पर गति दी बल्कि नामांकन अभियान को भी बड़ी सफलता दिलाई।

राज्यभर में चलाए गए विशेष नामांकन अभियान के पहले चरण में ही 5.5 लाख से अधिक नए विद्यार्थियों ने राजकीय विद्यालयों में प्रवेश लिया है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि सरकारी विद्यालय अब गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और भरोसेमंद शिक्षा के मजबूत केंद्र बनकर उभर रहे हैं।

**घर-घर जाकर नामांकन अभियान चलाया-**

स्कूल शिक्षा विभाग ने हर बच्चा स्कूल में के उद्देश्य को लेकर व्यापक स्तर पर घर-घर जाकर नामांकन अभियान चलाया। शिक्षकों, शिक्षा अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन ने गांवों, कस्बों और शहरी क्षेत्रों में जाकर ऐसे बच्चों की पहचान की, जो स्कूल जाने की आयु के बावजूद विद्यालय से बाहर थे।

अभियान के तहत प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कुल 5,54,088 से अधिक नए विद्यार्थियों का नामांकन दर्ज किया गया। इनमें 2,69,526 बालक और 2,84,530 बालिकाएं शामिल हैं। बालिकाओं की अधिक संख्या इस बात का संकेत है कि प्रदेश में बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता और विश्वास लगातार बढ़ रहा है। विभाग ने केवल नए प्रवेश ही नहीं बल्कि शिक्षा से वंचित बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने पर भी विशेष ध्यान दिया।

**घर-घर सर्वे से तलाशे गए स्कूल से बाहर बच्चे-**

इस वर्ष अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने बड़े स्तर पर घर-घर सर्वे अभियान संचालित किया। सर्वे का पहला चरण 25 मार्च से शुरू होकर 6, 10 और 15 अप्रैल तक चार चरणों में पूरा किया गया। इस दौरान कुल 3,42,274 ऐसे बच्चों की पहचान की गई, जो किसी कारणवश विद्यालय से बाहर थे। इनमें 14,777 ऐसे विद्यार्थी भी शामिल थे, जिन्होंने तीसरी से नौवीं कक्षा के बीच पढ़ाई छोड़ दी थी। विभाग ने इन बच्चों और उनके अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए।

**दूसरे चरण में और बढ़ने की उम्मीद-**

शिक्षा विभाग के अनुसार नामांकन अभियान का दूसरा चरण 4 मई से 4 जुलाई तक संचालित किया जा रहा है। इस चरण में विशेष रूप से ड्रॉपआउट, प्रवासी एवं वंचित वर्ग के बच्चों पर फोकस किया जाएगा। विभाग को उम्मीद है कि दूसरे चरण के बाद नामांकन के आंकड़ों में और अधिक वृद्धि होगी।

विभाग का लक्ष्य स्पष्ट है – प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो।

**बदलती तस्वीर ने बढ़ाया भरोसा-**पिछले कुछ वर्षों में राजस्थान के राजकीय विद्यालयों में हुए व्यापक बदलावों ने विद्यालयों की तस्वीर बदल दी है। अब सरकारी स्कूल केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रेरणादायी शिक्षण संस्थान बनते जा रहे हैं।

विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, खेल सुविधाएं, बाल अनुकूल वातावरण और गतिविधि आधारित शिक्षण जैसी व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं। साथ ही प्रशिक्षित शिक्षकों, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धितयों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अभिभावकों के बढ़ते विश्वास और विद्यार्थियों के बढ़ते नामांकन के रूप में सामने आ रहा है।

**शिक्षा के जरिए सामाजिक बदलाव की दिशा में कदम-**

शिक्षा विभाग का यह अभियान केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है बल्कि इसका उद्देश्य प्रदेश के हर बच्चे को शिक्षा के अधिकार से जोड़ना है। विभाग तकनीक आधारित शिक्षण, बेहतर आधारभूत सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। राजकीय विद्यालयों की बदलती तस्वीर यह संदेश दे रही है कि अब सरकारी स्कूल केवल विकल्प नहीं बल्कि बेहतर भविष्य की मजबूत नींव बन चुके हैं।

**–राजेश यादव,**
**सहायक निदेशक, डीआईपीआर**

## राशिफल मंगलवार 12 मई, 2026



पंडित अनिल शर्मा


प्रथम ज्येष्ठ मास (शुद्ध), कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2083, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र रात्रि 1:17 तक, वैधृति योग रात्रि 11:19 तक, विष्टि करण दिन 2:53 तक, चन्द्रमा आज सायं 7:25 पर मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-मीन, बुध-मेष, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज कुमार योग रात्रि 1:17 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 1:17 से सूर्योदय तक है। भद्रा दिन 2:53 तक रहेगी। आज पंचक, वैधृति पूण्यं है।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:04 से 10:44 तक, लाभ-अमृत 10:44 से 2:03 तक, शुभ 3:42 से 5:22 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:45, सूर्यास्त 7:01




**मेष**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यक्तिगत प्रयासों से आज महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है।




**वृष**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक यात्रा संभव है।




**मिथुन**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।




**कर्क**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा।




**सिंह**

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से सम्पन्न होंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।




**कन्या**

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक विवादों का निपटारा हो सकता है।




**तुला**

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**वृश्चिक**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।




**धनु**

मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।




**मकर**

व्यावसायिक कार्य योजना बनेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। घर-परिवार में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने विधानेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की

## देवनानी ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की सनातन आत्मा व संस्कृति का जीवंत प्रतीक है

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को सोमनाथ अमृत महोत्सव और सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर यहां राजस्थान विधानसभा परिसर स्थित विधानेश्वर महादेव मंदिर में शिव अभिषेक और विधिवत पूजा-अर्चना की। देवनानी ने प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने भगवान शिव से समस्त प्रदेशवासियों के मंगलमय जीवन की प्रार्थना की।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानेश्वर महादेव मंदिर में शिव अभिषेक किया।

- भारतीय सांस्कृतिक व आध्यात्मिक इतिहास का पावन पर्व - देवनानी

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि आज का दिन भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक इतिहास का पावन पर्व है। यह भारतीय इतिहास का महत्वपूर्ण दिवस है। आज ही के दिन 11 मई 1951 को स्वतंत्र भारत में नव-निर्मित सोमनाथ मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी। देवनानी ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की सनातन आत्मा, अदम्य आस्था और संघर्षशील संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। इतिहास में अनेक बार विदेशी आक्रमणों के बावजूद यह मंदिर पुनः अपने गौरव के साथ खड़ा हुआ है, जो भारतीय समाज की अटूट श्रद्धा और आत्मबल को दर्शाता है।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां मंदिर के पुनर्निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमनाथ अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सोमनाथ मंदिर पर किए गए आक्रमण और विध्वंस की घटना के भी एक हजार वर्ष पूरे हुए हैं। सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण स्वतंत्र भारत की सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्जागरण का ऐतिहासिक अध्याय है। देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने मंदिर पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था, जिसे 11 मई 1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की उपस्थिति में हुई प्राण प्रतिष्ठा ने पूरे राष्ट्र की सांस्कृतिक स्मृति और आत्म विश्वास को नई शक्ति प्रदान की।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि भारत की वैदिक एवं सनातन परंपरा सदैव विश्वकल्याण, शांति और मानवता के उत्थान का संदेश देती है। सोमनाथ की पावन धरा उसी शाश्वत सांस्कृतिक चेतना का पवित्र स्थल है। आज जब भारत 2047 की ओर बढ़ रहा है तब सोमनाथ से जुड़े यह सभ्यतागत मूल्य और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते है। उन्होंने कहा कि यह दिवस आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ता रहेगा। इस मौके पर विधायकगण, प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के. के. शर्मा सहित विधान सभा के अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं युवा उद्यमियों से संवाद किया

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ब्रह्मगुप्त पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की
- मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में नवाचारों का अवलोकन कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जिसके मन में जिज्ञासा है, वही व्यक्ति मुश्किलों को पार कर अपने उद्देश्य को प्राप्त करता है। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि युवा नवाचारों के जरिए राजस्थान को तकनीक में ग्लोबल लीडर बनाएं एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें। मुख्यमंत्री ने सोमवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 11 मई का दिन इतिहास में केवल एक तारीख नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। वर्ष 1998 में इसी दिन पोकरण में परमाणु परीक्षण कर भारत ने विश्व को यह संदेश दिया था कि हम विज्ञान, अनुसंधान और तकनीकी क्षमता में किसी से कम नहीं है। इस उपलब्धि में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का अद्भुत साहस, दूरदृष्टि और भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का वैज्ञानिक योगदान अतुलनीय रहा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के साइंस क्लब्स से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विद्यार्थियों के अलावा शिक्षकों एवं युवा उद्यमियों से संवाद किया। उन्होंने युवाओं को तकनीक और नवाचार के साथ राष्ट्रसेवा और जनसेवा के संकल्प की शपथ भी दिलाई। इससे पहले उन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में विभिन्न संस्थानों की ओर से किए गए नवाचारों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महान गणितज्ञ एवं खगोलशास्त्री ब्रह्मगुप्त के नाम पर राजस्थान में ब्रह्मगुप्त पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की। यह पुरस्कार विज्ञान, गणित, नवाचार एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों, वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों को प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने युवाओं के लिए जयपुर के कोचिंग हब में इनोवेशन सेंटर स्थापित करने की घोषणा भी की।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि हमारा युवा केवल शिक्षा तक सीमित नहीं होकर नवाचार से भविष्य को नई दिशा देने की ताकत रखता है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमारा देश मेक इन इंडिया के साथ लगातार आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार भी ई-गवर्नेंस के साथ सुशासन एवं समावेशी विकास को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने गाय को टक्कर मारी

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में स्थित किरों की ढाणी में तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे चारा खा रहीं गाय को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गौवंश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

स्थानीय लोगों ने शराब के नशे में घुत वाहन चालक को मौके पर पकड़ लिया। लेकिन शातिर वाहन चालक अपने वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जिसके बाद गौसेवकों ने आक्रोश फैल गया और गोकुल वाटिका गो सेवा समिति के जुडे नरेंद्र कुमार अपने कुछ कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचे और थाना प्रभारी गुरु भूपेंद्र सिंह को ज्ञापन सौपा और फरार वाहन चालक को गिरफ्तार करने की मांग की।

गोसेवकों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किरो की ढाणी से वाहन जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ट्रक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

## पंचायत-निकाय चुनाव टालने वाले प्रार्थना पत्र पर फैसला सुरक्षित

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव टालने से जुड़े मामले में राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग के प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई पूरी कर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश पूर्व विधायक संयम लोढा व गिरिराज सिंह देवदा की याचिका में दायर दोनों प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई करते हुए दिए ।

प्रार्थना पत्र में राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर में कई पंचायत समितियों और जिला परिषदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है। उनके कार्यकाल समाप्ति के बाद चुनाव कराना बेहतर होगा और इससे वन स्टेट-वन इलेक्शन की धारणा को भी बल मिलेगा। इसके अलावा कोर्ट के आदेश की पालना के लिए हर संभव प्रयास किया गया, लेकिन वर्तमान परिस्थितियां ऐसी है कि 15 अप्रैल तक चुनाव कराना संभव नहीं हो सका। चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी, मौसम, कृषि और ओबीसी आयोग की रिपोर्ट सहित अन्य संसाधनों की उपलब्धता का हवाला देकर चुनाव आगे खिसकाने की अनुमति मांगी गई। जिसका विरोध करते हुए अधिवक्ता प्रेमचंद देवदा ने कहा कि प्रदेश की सभी पंचायतों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इसलिए

सुप्रीम कोर्ट के सुरेश महाजन के मामले में दिए फैसले के तहत ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के बिना भी पंचायत चुनाव हो सकते हैं।

अदालत ने राज्य सरकार को 15 अप्रैल तक चुनाव कराने का पर्याप्त समय दिया था, लेकिन इस अवधि तक निकायों के लिए अंतिम मतदाता सूची ही जारी नहीं की गई। इसके अलावा हाईकोर्ट के 15 अप्रैल तक चुनाव कराने के आदेश को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती नहीं दी। इसलिए यह आदेश अंतिम हो गया है और इसकी पालना की जानी चाहिए। दोनों पक्षों की बहस सुनकर अदालत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए दूध के नमूने

**जयपुर।** राज्य सरकार के शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी दूध के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जयपुर में विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण कर दूध के नमूने लिए। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन और अभिहित अधिकारी डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में की गई।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा गठित दो विशेष दलों ने 10 मई की देर रात तक विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान दूध संग्रहकर्ता शंकर जाट निवासी सिंगोद खुर्द तथा विजेंद्र कुमार यादव निवासी गोविंदगढ़, चौमूं के यहां से जांच के लिए दूध के नमूने लिए गए।

कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने संग्रहकर्ताओं के यहां संकलित दूध के स्रोतों की भी पहचान की, ताकि मिलावटी दूध के नेटवर्क तक पहुंच बनाई जा सके।

## आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले छह सटोरिए गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चार लैपटॉप, 21 मोबाइल फोन सहित सट्टेबाजी में प्रयुक्त अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और लाखों रुपए के हिसाब-किताब से जुड़ी सामग्री बरामद की

**जयपुर।** आईपीएल-2026 के दौरान ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में करणी विहार थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) पश्चिम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छह सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चार लैपटॉप, 21 मोबाइल फोन सहित सट्टेबाजी में प्रयुक्त अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और लाखों रुपए के हिसाब-किताब से जुड़ी सामग्री बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी की लगातार मिल रही शिकायतों के बीच करणी विहार थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि धावास स्थित बालाजी हाईट्स मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के फ्लैट नंबर-105 में अवैध रूप से ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सर्च वारंट प्राप्त कर फ्लैट पर दबिश दी।

मौके पर आरोपित राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच चल रहे आईपीएल टी-20 मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलवाते मिले। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हेमन्त आचार्य (40), नवीन आचार्य (41), पवन आसवानी (35), सन्नी खटवानी (32), हीरा सिंह (32) और संजय शेरा (33) को गिरफ्तार किया। सभी आरोपित जोधपुर के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपित मोबाइल फोन और जूम एप्लीकेशन के जरिए ग्राहकों से संपर्क कर अंकों के आधार पर रुपए दांव पर लगा रहे थे। पुलिस ने मौके से चार लैपटॉप, 21 मोबाइल फोन, सात नोटबुक तथा सट्टे से संबंधित अन्य सामग्री बरामद की है।

## नीट पेपर लीक की खबरों ने लाखों बच्चों का भरोसा तोड़ा : जूली

- टीकाराम जूली ने कोटा में प्रसूताओं की मौत पर गहरा दुःख, इस दुखांतिका की न्यायिक जांच होनी चाहिए

**जयपुर।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने नीट परीक्षा के पेपर लीक होने संबंधी खबरों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे देश और प्रदेश के लाखों होनहार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया है।

जूली ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में राजस्थान के सीकर और अन्य स्थानों का नाम प्रमुखता से आना बेहद चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। आज प्रदेश के लाखों परीक्षार्थी और उनके अभिभावक गहरे संशय और मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए ताकि पर्दे के पीछे छिपे असली दोषियों को बेनकाब किया जा सके।

साथ ही जूली ने केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण देश में और राजस्थान में और तेल-गैस संकट लगातार चल रहा है लेकिन पहले प्रधानमंत्री और भाजपा के नेता चुनावी राज्यों में हेलीकॉप्टर उड़ाने में व्यस्त थे। "बहुत देर कर दी मेहरबां आते-आते" और अब जब चुनाव दौरे निपट गए तब पीएम मोदी आम जनता को बचत की सीख दे रहे हैं और सोना न खरीदने जैसी बातें कह रहे हैं ।

वहीं, कोटा में प्रसूताओं की मौत पर गहरा दुःख जताते हुए जूली ने इस पूरी दुखांतिका की न्यायिक जांच की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी अपनी चुनावी जनसभाओं में बड़े-बड़े दावे करते थे कि उनकी सरकार के समय पेपर लीक नहीं हुए लेकिन हकीकत आज सबके सामने है। जूली ने सवाल उठाया कि इससे पहले भी ओएमआर शीट में हुई गड़बड़ियों को लेकर सरकार ने आज तक स्थिति साफ क्यों नहीं की? ओएमआर शीट घोटाले पर छाई चुप्पी के बीच अब नीट पेपर लीक की खबरों ने सरकार के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि केवल मंचों से भाषण देने और धरातल पर पारदर्शी व्यवस्था लागू करने में बड़ा अंतर होता है, जिसका खामियाजा आज युवा भुगत रहे हैं।

जूली ने कहा कि यह वही भाजपा है जिसने पूर्व में पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दों पर जमकर राजनीति की और प्रदेश के युवाओं को गुमराह कर सत्ता की सीढ़ी चढ़ी। आज जब इनके राज में नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा का पेपर लीक होने की खबरें आ रही हैं, तो इनका दोहरा चेहरा उजागर हो गया है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि ऐसे संवेदनशील मामलों पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए थी, क्योंकि यह किसी दल का नहीं बल्कि देश के भविष्य का सवाल है। भाजपा ने पहले युवाओं को बरगलाया और अब खुद उन्हीं के कार्यकाल में पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं, जो इनकी प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है।

नेता प्रतिपक्ष ने याद दिलाया कि पिछली कांग्रेस सरकार ने पेपर लीक जैसी बुराई पर लगाम लगाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता दिखाई थी। कांग्रेस शासन के दौरान ही पेपर लीक के खिलाफ देश का सबसे कठोर कानून बनाया गया ताकि अपराधियों में डर पैदा हो।

## प्रत्येक जिले में कुशल चिकित्सकों की नियुक्ति हो : आयोग

- आयोग ने मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव और चिकित्सा निदेशक को नोटिस जारी किया

**जयपुर।** राज्य मानवधिकार आयोग ने राज्य सरकार को कहा है कि प्रत्येक जिले के अस्पतालों में पर्याप्त कुशल चिकित्सकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए और वहां संसाधन मुहैया करते हुए प्रभावी योजना को क्रियान्वित किया जाए, ताकि भविष्य में दुखद घटना से बचा जा सके। इसके साथ ही आयोग ने मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव और चिकित्सा निदेशक को नोटिस जारी कर कहा है कि वह प्रत्येक नागरिक को उचित चिकित्सा सुविधा सुलभ कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें और साथ ही प्रसूताओं की मौत के मामले में तथ्यात्मक रिपोर्ट भी पेश करें। आयोग अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी ने यह आदेश कोटा में प्रसूताओं की मौत की घटना पर स्वयं प्रेरणा से प्रसंज्ञान लेते हुए दिए। आयोग ने कोटा कलेक्टर, सीएमएचओ और एमबीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को निर्देश दिए हैं कि वे मामले में प्रभावित रोगियों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए आवश्यक मुआवजा प्रदान करना सुनिश्चित करें।

आयोग ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के चलते विभिन्न अस्पतालों में रोगियों की संख्या सोचनीय रूप से बढ़ गई है। आयोग के संज्ञान में आया है कि सवाई मानसिंह अस्पताल में रोगियों की संख्या एम्स, दिल्ली के चिकित्सालय से भी कहीं अधिक है। ऐसे में योग्य चिकित्सकों के साथ ही पर्याप्त पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग सुविधा और लैब सहित चिकित्सकों की संख्या बढ़ाना जरूरी हो गया है।

आयोग ने कहा कि 2 दिन पूर्व जोधपुर में एक रोगी के रोग ग्रस्त पांव के स्थान पर उसके सही पांव का ऑपरेशन कर दिया गया। वहीं समाचारों के माध्यम से जानकारी मिली है कि प्रदेश में मात्र 15 नेफ्रोलॉजिस्ट है, यह विषय गंभीर है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कुछ दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और विशेषज्ञों को इलाज के लिए कोटा भी भेजा गया है, लेकिन यह प्रयास स्वयं में पर्याप्त नहीं है।

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी मुंबई जाएंगे

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मंगलवार को मुंबई जायेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार देवनानी मुम्बई में बांद्रा वेस्ट स्थित बाल गंधर्व (रंग मंदिर) में आयोजित विश्व सिंधी हिंदू फाउण्डेशन ऑफ एसोसिएशन सदस्यों की कोर कमेटी और सामान्य परिषद की बैठक में भाग लेंगे। देवनानी इस एसोसिएशन के संरक्षक है। देवनानी वहां इस अवसर पर आयोजित युवा सम्मेलन को भी सम्बोधित करेंगे। मुम्बई में आयोजित होने वाली इस बैठक के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस होंगे। सांसद शंकर लालवानी इस एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक है।

देवनानी मुम्बई में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिणक आयोजनों में भाग लेंगे तथा अनेक गणमान्य व्यक्तियों से शिष्टाचार भेंट करेंगे। मुंबई प्रवास के दौरान देवनानी भारतीय संस्कृति, शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। साथ ही वे राजस्थान मूल के प्रवासी समाज के प्रतिनिधियों से भी संवाद करेंगे। देवनानी के मुंबई आगमन पर विभिन्न संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

## सार-समाचार

### फायरिंग का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने संगीन और गंभीर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विशेष अभियान के तहत मारपीट, महिला की लज्जा भंग करने और हत्या के इरादे से फायरिंग करने के मामले में पिछले 5 महीने से फरार चल रहे पांच हजार के इनामी बदमाश को भरतपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि 21 दिसंबर 2025 की रात को परिवादिया नसीम बानो के साथ कुछ बदमाशों ने मारपीट की थी। आरोपियों ने महिला की लज्जा भंग करते हुए हत्या करने की नीयत से उस पर फायरिंग भी की थी। इस संबंध में ट्रांसपोर्ट नगर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व में ही तीन आरोपियों-शाहिद खान, वाहीद खान और अरबाज उर्फ काला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद कर जेल भेज दिया था। टीम ने दबिश देकर आरोपी आबिद खान (59) निवासी आमागढ बस्ती दिल्ली बाईपास रोड जयपुर को मछली दरवाजा भरतपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस अब आगे की पूछताछ कर रही है। इस इनामी बदमाश को सलाखों के पीछे पहुँचाने वाली टीम में थानाधिकारी अरुण कुमार, कांस्टेबल महेश , मोहम्मद शाहिद और कैलाश नेहरा शामिल रहे।

### युवक के अपहरण का प्रयास

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक का कार सवार बदमाशों ने अपहरण करने का प्रयास किया। लेकिन पीड़ित आरोपियों के चुगंल से भाग निकला। जिसके बाद कार सवार बदमाशों ने युवक को कुछ ही दूरी पर फिर से दबोच लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। जिसके बाद कार सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित जैसे-तैसे थाने पहुंचा और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात कार सवार बदमाशों के खिलाफ मारपीट व लूट के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। रीको कांटे के पास एक तेज रफ्तार कार उसके पास आकर रुकी। जिसमें 5-6 लड़के नीचे उतरे और उसे पकड़कर जबरन मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान कुछ युवकों ने उसकी तलाशी ली और जबरन उसे कार में बैठाने लगे। आरोपियों ने खुद को किडनेपर बताया और फिरौती मिलने के बाद छोड़ने की बात कहीं। तभी पीड़ित हिम्मत जुटाते हुए आरोपियों को धक्का देकर भाग निकला। बदमाशों ने पीछा कर दोबारा उसको पकड़ लिया। भागने को लेकर गुस्साए बदमाशों ने पीड़ित को जमीन पर पटक-पटक कर पीटा। लेकिन मॉर्निंग वॉक पर निकले अन्य लोगों को आता देख कार सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घटना स्थल व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार सवार बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

### युवती से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** मोती डूंगरी थाना पुलिस ने राह चलती युवती का रास्ता रोककर उसके साथ अश्लील हरकत, छेड़छाड़ और मारपीट करने वाले सिरफिरे आशिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि 21 वर्षीय महिला निवासी जवाहर नगर कच्ची बस्ती ने मामला दर्ज करवाया है कि गोविंद मार्ग स्थित एक निजी ऑफिस (औषधि वितरक) में काम करती है और वह आरोपित विक्रम राज को करीब 2 साल से जानती थी और दोनों के बीच सामान्य दोस्ती थी। करीब एक महीने पहले दोनों के बीच विवाद होने पर उसने बातचीत करना बंद कर दिया। इसके बावजूद आरोपित फोन और मैसेज कर लगातार उसे परेशान कर रहा था। परेशान होकर पीड़िता ने अपनी सिम भी बदल ली, जिसके बाद आरोपी उसका पीछा करने लगा और उसे बदनाम करने व जान से मारने की धमकियां देने लगा। इस पर 9 मई 2026 की सुबह जब पीड़िता अपने ऑफिस जा रही थी, तभी रास्ते में गोविंद मार्ग पर आरोपित विक्रम राज अचानक उसके सामने आ गया और उसे जबरन रोकने की कोशिश की। जब वह डरकर ऑफिस की तरफ भागने लगी तो आरोपित ने सुनसान गली में उसे घसीटा, हाथ पकड़कर बदतमीजी की और अश्लील हरकत करते हुए उसके पैर पकड़ लिए। इसके बाद वह मारपीट कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपित को ढूंढकर सलाखों के पीछे पहुँचा दिया।

# सरकार किसान व पशुपालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : दिया कुमारी

**जयपुर।** चौमू तहसील की ग्राम पंचायत मोरीजा में ग्राम रथ अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ योजनाओं को धरातल तक पहुंचा रही है। उन्होंने ग्राम रथ अभियान को जन-जन तक सरकार की योजनाओं और ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 के प्रचार प्रसार का सशक्त माध्यम बताया।

- "ग्राम-2026" जयपुर में 23 से 25 मई को होगा'

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व प्रदेश सरकार कृषि, किसान व पशुपालकों क कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों की परिवेदनाएं पूर्ण संवेदनशीलता से सुनी एवं उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किये।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने चौमू में ग्राम रथ अभियान के तहत संध्या चौपाल में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा चौमूॅ उपखण्ड में विभिन्न सडकों के निर्माण एवं स्टेट हाइवे के निर्माण की स्वीकृति बाबत उपमुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया गया एवं चौमू-दूदू स्टेट हाइवे को फोरलेन हाइवे स्वीकृत करने बाबत मांग की। इस दौरान कला जत्था के स्थानीय कलाकारों ने नृत्य व गायन के अनुठे अंदाज में बेहतरीन प्रस्तुतियों से राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व ग्राम के बारे में आमजन को जानकारी प्रदान की।

संध्या चौपाल में रामलाल शर्मा पूर्व विधायक चौमू, दिलीप सिंह उपखण्ड अधिकारी चौमू, डॉ विजयपाल विश्नोई तहसीलदार चौमू सुरज मल सामरिया विकास अधिकारी प.स. गोविन्दगढ एवं अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण बैठक में उपस्थित रहे।

## 'प्रधानमंत्री के सात संदेश सुझाव नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य'

- 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 7 आव्हानों को जनआंदोलन बनाने का समय'
- प्रधानमंत्री का आव्हान ऊर्जा बचत और वोकल फॉर लोकल की भावना को करेगा सशक्त : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और आर्थिक चुनौतियों के दौर में नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से किया गया राष्ट्र प्रथम – कर्तव्य सर्वोपरि का आव्हान आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सात संदेश केवल सुझाव नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य हैं। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से जहां संभव हो वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता देने, अगले एक वर्ष तक अनावश्यक रूप से सोना खरीदने से बचने, पेट्रोल एवं डीजल की खपत कम करने तथा मेट्रो एवं सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग का आग्रह किया है। इसके साथ ही खाद्य तेल के सीमित उपयोग, अनावश्यक उपभोग में कमी, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटाकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा विदेशी उत्पादों के स्थान पर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह आव्हान केवल आर्थिक मजबूती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, ऊर्जा बचत और वोकल फॉर लोकल की भावना को भी सशक्त करता है। विदेश यात्राओं को सीमित करने और स्वदेशी संसाधनों को प्राथमिकता देने से देश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक प्रधानमंत्री के इन संदेशों को अपने दैनिक जीवन में अपनाए और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने कहा कि जब देश का प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों को समझकर आगे बढ़ेगा, तभी भारत विश्व पटल पर और अधिक शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा।

# उदयपुर-अहमदाबाद हाईवे पर निजी बस में आग लगी, यात्रियों ने कूदकर जान बचाई

## बस में करीब 40 यात्री सवार थे, हादसे के दौरान इमरजेंसी गेट से कूदे यात्री

- उदयपुर शहर में बीते पांच दिन में बस में आग लगने की यह दूसरी घटना बताई जा रही है
- पुनिस द्वारा आग के कारणों की जांच की जा रही है, प्रथमदृष्ट्या आग शॉर्ट सर्किट से होना बताया जा रहा है

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 78 पर परसाद के समीप सोमवार दोपहर एक चलती बस में आग लग गई और कुछ ही मिनटों में बस आग का गोला बन गई। गनीमत रही कि समय रहते बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया।

जानकारी के अनुसार उदयपुर शहर से एक निजी ट्रैवल्स की बस अहमदाबाद के लिए रवाना हुई। शहर के करीब 50 किमी दूरी पर स्थित परसाद थाना के करीब बस में अचानक आग लग गई। आग भयावह रूप लेती इससे पहले चालक व यात्रियों ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत बस से बाहर निकल गए। कई यात्रियों ने इस दौरान इमरजेंसी गेट का उपयोग किया और कूदकर बाहर आ गये। कुछ ही मिनट में आग ने विकराल रूप ले लिया और तेज उठती आग की लपटों के साथ बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। यात्रियों ने बाहर निकलने के बाद लगी आग को देखते हुए जान बचने पर राहत की सांस ली। सूचना पर परसाद थाना पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची। बस में लगी आग के चलते हाईवे पर कुछ देर यातायात बाधित रहा। फायर ब्रिगेड ने बस में लगी आग पर काबू पाया, इसके बाद आग को मौके से हटाकर पुलिस ने यातायात सुचारू किया। पुलिस ने बताया कि बस में लगी आग के कारणों की जांच की जा रही है। प्रथमदृष्ट्या आग शॉर्ट सर्किट से होना बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि उदयपुर शहर में बीते पांच दिनों में निजी ट्रैवेल्स की बस में आग लगने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले बलीचा समीप भी एक निजी ट्रैवेल्स की बस में आग लग गई थी। हालांकि बस में सवार 38 यात्रियों को बाहर निकाल लिया गया था।



**बस में आग लगने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।**

## राजसमंद के भीम में निजी बस पलटी, 10 यात्री घायल

**भीम,** (निसं)। अहमदाबाद से जयपुर जा रही निजी ट्रैवल्स बस सोमवार सुबह करीब छह बजे राजसमंद के भीम पुलिस थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सदारण कुकरखेड़ा के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करीब 10 यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना पर भीम पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को ग्रामीणों की सहायता से एंबुलेंस द्वारा भीम उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर घायलों को रेफर किया गया। पुलिस ने सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त बस को सड़क किनारे करवाया तथा यातायात सुचारू करवाया।

जानकारी के अनुसार सोमवार अलसुबह अहमदाबाद से जयपुर की ओर जा रही एक निजी ट्रैवल्स बस राष्ट्रीय राजमार्ग पर सदारण कुकरखेड़ा के समीप नियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार कुम्हार नाडा भीम निवासी नरेंद्र कुमार पिता पोखरमल, सिद्धार्थ नगर यूपी निवासी रहमत अली पिता हजरत अली, झालावाड़ निवासी अक्षय शर्मा पिता अमित शर्मा, जयपुर निवासी अर्पित शर्मा पिता गोविंद शर्मा तथा उसकी पत्नी शीतल शर्मा, महेंद्र यादव पिता कमलेश कुमार, सिम्मी पुत्री महेश कुमार, हनीफ अब्दुल पिता हातिफ मोहम्मद, अंकुर पिता रमेश यादव, नितिन पिता संजय कुमार, दीपेंद्र शर्मा आदि यात्री घायल हो गये। घायल यात्रियों का भीम उप जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया तथा गंभीर घायल नरेंद्र कुमार पिता पोखरमल एवं रहमत अली पिता हजरतअली को गंभीर अवस्था में रेफर किया गया।

# कोटा : अकाउंट अधिकारी के घर में लाखों की चोरी

**कोटा,** (निसं)। भीमगंजमंडी थाना इलाके के स्टेशन रोड की पॉश कॉलोनी मोहन निवास में राजस्थान अकाउंट सर्विसेज की अधिकारी के घर पर लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। मामले में सामने आया कि चोरी के दौरान आवाज होने से मकान मालिक के जगने पर चोरों ने मकान मालिक पर हमला भी कर दिया। मकान में चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, पीड़ित ने भीमगंजमंडी थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार यह चोरी राजस्थान अकाउंट सर्विसेज की अधिकारी पूनम मेहता के घर पर हुई है, वे घटना के समय अपने पति राजीव चौरड़िया के साथ थी, मामले में सामने आया कि चोर कैमरा, लैपटॉप सहित अन्य सामान चोरी करके ले गये।

पुलिस उप अधीक्षक डॉ.पूनम चौहान ने बताया कि मोहन निवास में राजस्थान अकाउंट सर्विसेज की अधिकारी पूनम मेहता के घर में चोरी का मामला सामने आया है। घर में पूनम मेहता व उनके पति राजीव मौजूद थे। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि अज्ञात चोर 2.5 लाख का कैमरा और 40 हजार रूपए का लैपटॉप चुरा कर ले जाने का मामला सामने आया है, मौके पर सीसीटीवी फुटैज भी खंगाले गये, जिसमें चार चोर खिड़की ग्रिल तोड़कर अंदर प्रवेश करते हुए नजर आ रहे हैं।, चार चोरों में से कुछ ने कच्छा बनियान पहने हुए थे और अपने चेहरे को ढंका हुआ था, जिससे फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह कच्छा बनियान गैंग है या किसी ने इस गैंग की कॉपी की है। मौके से साक्ष्य भी लिए हैं।

# डूंगरपुर में छोटे भाई की पत्नी की लोहे की रॉड से हत्या

- पति के घर से बाहर जाते ही वारदात को अंजाम दिया, आरोपी जेठ हिरासत में

**डूंगरपुर,** (निसं)। ओबरी थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में एक बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की पत्नी की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी। वारदात सोमवार सुबह उस समय हुई, जब महिला का पति काम से बाहर गया हुआ था। आरोपी ने कमरे में घुसकर महिला के सिर पर हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर हत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

ओबरी थानाधिकारी ने बताया कि राजपुर गांव निवासी शांतिलाल भगोरा पिछले करीब 20 सालों से बाहर मजदूरी करता था। वह पिछले पांच महीने से गांव में ही रह रहा था। उसका छोटा भाई जीवतराम एक फाईनेंस कंपनी में काम करता है। सोमवार सुबह जीवतराम काम के सिलसिले में बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ चला गया था। उसके घर से निकलते ही बड़ा भाई शांतिलाल छोटे भाई के कमरे में पहुंच गया। वहां उसने जीवतराम की पत्नी प्रमिला पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने प्रमिला के सिर पर लगातार वार किए। महिला की चीख-पुकार सुनकर घर के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। गंभीर चोंट लगने से प्रमिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलते ही ओबरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, टीम को भी बुलाया गया। टीम ने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए और हत्या में इस्तेमाल लोहे की रॉड समेत अन्य सबूतों की जांच की। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका प्रमिला का पीहर पक्ष भी राजपुर गांव पहुंच गया।

परिजनों ने घटना को लेकर नाराजगी जताई और मौके पर हंगामा किया। करीब कई घंटों तक समझाइश के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सागवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है।

पुलिस ने आरोपी जेठ शांतिलाल को हिरासत में ले लिया है। पुलिस हत्या के पीछे पारिवारिक विवाद या अन्य कारणों की जांच कर रही है। फिलहाल ओबरी थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जोधपुर : धुंधाड़ा पुलिस चौकी परिसर से बजरी से भरा डंपर चुरा ले गया तस्कर

- बजरी खाली कर डंपर को चौकी में खड़ा करके चला गया


**जोधपुर,** (कासं)। शहर में बेखौफ बजरी माफिया पुलिस चौकी परिसर में खड़े डंपर को चुरा ले गया। बजरी को किसी दूसरी जगह खाली करके आया और फिर वापस डंपर चौकी में खड़ा करके चला गया। मामला लूणी थाने की धुंधाड़ा चौकी का है। घटना के बाद चौकी के एएसआई उमेश चंद्र की ओर से चोरी का मामला दर्ज कराया गया है। सूत्रों की मानें तो इस घटना में चौकी के ही किसी स्टाफ की मिलीभगत की जांच की जा रही है।

एएसआई उमेश चंद्र ने रिपोर्ट देकर बताया कि गत सात मई की रात एएसआई मुकेश कुमार, कांस्टेबल विकास कुमार व ड्राइवर भरत कुमार रात्रि गश्त पर थे। आठ मई के तड़के पुलिस टीम ने ओवरलोड और दस्तावेजों के अभाव में बजरी से भरे तीन डंपरों को जब्त किया था। तीनों डंपरों को धुंधाड़ा चौकी परिसर में सुरक्षित खड़ा करवाया गया था। इनमें से एक डंपर को खेड़ापा थाना क्षेत्र के बारा खुर्द निवासी मुकेश जाट पुत्र धुड़ाराम जाट के कब्जे से जब्त किया गया था। इसके बाद 9 और 10 मई की दरम्यानी रात को एएसआई उमेश चंद्र गश्त पर थे। इस दौरान धुंधाड़ा में एक पेट्रोल पंप के सामने अवैध खनन कर रही जेसीबी को जब्त किया। उसका ड्राइवर मौके से फरार हो गया। इस संबंध में लूणी थाने में अलग से मामला दर्ज किया गया। इसके बाद एएसआई वापस गश्त करते हुए धुंधाड़ा चौकी पहुंचे। उन्हें मुकेश जाट से जब्त किया बजरी का डंपर खाली नजर आया।

जांच में सामने आया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस चौकी परिसर में खड़े डंपर को रात के समय चौकी से निकाला। डंपर को किसी अन्य स्थान पर ले गया। उसमें भरी पूरी बजरी खाली की। फिर खाली डंपर को वापस चौकी परिसर में लाकर खड़ा कर दिया। पुलिस ने इस वारदात को लेकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई लिखमाराम को सौंपी गई है। पुलिस अब चोरी की गई बजरी बरामद करने और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## डॉ. खेमचन्द सोनी होंगे सम्मानित

**जयपुर/ चूरू।** हिन्दी साहित्य संसद चूरू द्वारा वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित साथी सम्मान से रतननगर के लेखक और इतिहासकार डॉक्टर खेमचन्द सोनी को सम्मानित किया जायेगा।



**डॉ. खेमचन्द सोनी**

हिन्दी साहित्य संसद के अध्यक्ष और जाने माने साहित्यकार बनवारी ख़ामोश ने बताया कि साथी परिवार के सौजन्य से प्रति वर्ष 22 मई को स्थानीय साहित्यकार, शिक्षक, समाजसेवी और संस्था के पूर्व महामंत्री स्व. रामावतार साथी की स्मृति में साहित्यकार सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जाता है, जिसमें योग्य शख्सियत को साथी सम्मान प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में संस्था द्वारा वर्ष 2026 के लिए यह सम्मान रतननगर के डॉक्टर खेमचन्द सोनी को प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

# कोटा में सिजेरियन के बाद किडनी फेल्योर, एक और प्रसूता की मौत

## मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नीलेश जैन ने महिला की मौत की पुष्टि की

- महिला को जेके लोन अस्पताल में 9 मई को हुई सिजेरियन डिलीवरी के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए अस्पताल में शिफ्ट किया था
- मृत पिंकी के नवजात के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने मांगों को लेकर परिजनों के साथ धरना शुरू किया

**कोटा,** (निसं)। मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में एक और किडनी फेल्योर के लक्षण से पीड़ित प्रसूता की मौत हो गई है। यह मौत रविवार मध्य रात के बाद हुई है, जिसके बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए शिफ्ट किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नीलेश जैन ने महिला की मौत की पुष्टि की है। महिला को जेके लोन अस्पताल में 9 मई को हुई सिजेरियन डिलीवरी के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए अस्पताल में शिफ्ट किया था, उसमें भी किडनी फेल्योर के लक्षण नजर आए थे। हालांकि प्रबंधन ने शुरुआत में इसे किडनी फेल्योर के लक्षण का नहीं माना था। वहीं मृत पिंकी के नवजात के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष राखी गौतम ने परिजनों के साथ धरना शुरू किया।

मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. जैन के अनुसार डीसीएम श्री राम नगर निवासी पिंकी महावर को जेके लोन अस्पताल में भर्ती करवाया था जिसे रविवार को ही सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में शिफ्ट किया था, जहां पर उसकी मौत हुई है। मौत के कारणों पर एक बार फिर जांच की बात उन्होंने कही है। इस प्रसूता की मौत से पहले मेडिकल कॉलेज के अस्पतालों में कई महिलाओं की मौत हो चुकी है। इसमें प्रिया महावर की मौत को प्रबंधन ने कार्डियक अरेस्ट बताया था, जबकि दो महिलाएं पायल और ज्योति की मौत किडनी फेल्योर के लक्षण के बाद हुई है। वहीं एक महिला पिंकी की भी मौत हो चुकी है। अभी अस्पताल में इस मामले में पीड़ित पांच प्रसूता एडमिट हैं जिनमें धन्नी, रागिनी, आरती, सुशील और चंद्रकला शामिल हैं। इनमें आरती को जेके लोन अस्पताल से शिफ्ट किया है। पिंकी महावर की मौत के बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष राखी गौतम के नेतृत्व में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के बाहर धरना प्रदर्शन परिजनों ने शुरू कर दिया गया। मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की गई है। दूसरी तरफ मृतका के परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया। मृतका के पति चंद्र प्रकाश का कहना है कि जेके लोन में 8 मई को डिलीवरी हुई थी जिसके बाद उसकी पत्नी पिंकी के यूरिन पास होना बंद हो गया था। इसके बाद दूसरे दिन दोबारा जेके लोन में ऑपरेशन किया गया। उसके शरीर में ब्लड जम गया था जिसे साफ किया गया था। बाद में यहां पर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल रविवार को शिफ्ट कर दिया गया जहां पर उसने दम तोड़ दिया है। हमारा सब कुछ बर्बाद हो गया है।

## संदिग्ध अवस्था में बांग्लादेशी महिला को पकड़ा

- पुलिस और जांच एजेंसियां महिला के कॉल रिकॉर्ड्स से जांच में जुटी

**बीकानेर,** (निसं)। बीछवाल थाना पुलिस द्वारा श्रीगंगानगर रोड पर संदिग्ध घूमती पकड़ी गई बांग्लादेशी महिला से सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों ने संयुक्त पूछताछ शुरू कर दी है। थानाधिकारी गौरव सारस्वत ने बताया कि महिला मजदूरी के बहाने यहां आई थी और उसके पास बांग्लादेशी दस्तावेज मिले हैं। चूंकि बीकानेर सीमावर्ती जिला है, इसलिए एजेंसियां घुसपैठ के रास्ते और स्थानीय मददगारों की तफ्तीश कर रही हैं। पूर्व में भी बॉर्डर बेल्ट के ईंट-भट्टों व कृषि फार्मों पर ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जहां घुसपैठिये दलालों के जरिए फर्जी आईडी बनवाकर और नाम बदलकर मजदूरी करते हैं। फिलहाल बीछवाल पुलिस और जांच एजेंसियां महिला के कॉल रिकॉर्ड्स से इसी आशंका के तहत काम कर रही हैं कि इस महिला को भी किसी बड़े दलाल या स्थानीय ठेकेदार द्वारा फर्जी दस्तावेजों के सहारे बीकानेर में काम दिलाने के बहाने तो नहीं भेजा गया था। यदि है तो पीछे कौन लोग हैं।

# कुमार अजय को मिला सुरजाराम जालीवाला राजस्थानी सृजन सम्मान

**चूरू।** सृजन सेवा संस्थान, श्रीगंगानगर की ओर से राजस्थानी किताबों के युवा चर्चित कवि-लेखक कुमार अजय को सुरजाराम जालीवाला राजस्थानी सृजन सम्मान प्रदान किया गया है। रविवार को श्रीगंगानगर मुख्यालय पर नोजगे ऑडिटोरियम में सृजन सेवा संस्थान की ओर से 'कबीरः तब और अब' विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया गया। प्रख्यात विचारक, आलोचक और कथाकार प्रो पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित अतिथियों ने कुमार अजय को यह सम्मान प्रदान किया।




**श्रीगंगानगर में आयोजित कार्यक्रम में कवि-लेखक कुमार अजय को सम्मानित किया गया।**

गौरतलब है कि 'रिंकी टेलर' और 'संजीवणी' जैसी चर्चित राजस्थानी किताबों के रचयिता युवा लेखक कुमार अजय को उनके राजस्थानी सृजन के लिए यह सम्मान दिया गया है। चूरू जिले के गांव घांघू में 24 जुलाई 1982 को जन्मे कुमार अजय राजस्थानी और हिंदी के चर्चित लेखक है।

राजस्थानी में उनके कविता संग्रह 'संजीवणी', 'ऊभौ हूं अजै', 'रिंकी टेलर' काफी चर्चित रहे हैं, वहीं हिंदी में कविता संग्रह 'कहना ही है तो कहो' एवं डायरी पुस्तक 'मैं चाहूं तो मुस्करा सकता हूं' और 'आत्माओं में घुले दुख' आदि पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इसके अलावा संपादन और अनुवाद के क्षेत्र में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है। इससे पूर्व कुमार अजय साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2013, श्रीमती बसंती देवी धानुका युवा साहित्यकार पुरस्कार, ग्राम गदर पत्रकारिता पुरस्कार 2006, कुलिश स्मृतिः कलम से स्वराज पत्रकारिता पुरस्कार 2007, मायड़ रत्न अलंकरण सहित अनेक पुरस्कार-सम्मान से समादृत हो चुके हैं। कुमार अजय वर्तमान में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में उप निदेशक पद पर कार्यरत हैं। वे इन दिनों विभागीय पत्रिका सुजस का संपादन देख रहे हैं।

कार्यक्रम में सृजन सेवा संस्थान की ओर से शब्दशिल्पियों के सम्मान में वार्षिक समर्पित अर्पित किए गए। इस दौरान प्रो पुरुषोत्तम अठावाल, कैलाश मनहर, मनीषा कुलश्रेष्ठ, शायर जिया टोंकी, शांतिलाल जैन, डॉ मदन सैनी, सत्यनारायण 'सत्य', मोनिका गौड़, पूनम चौधरी आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नोजगे पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ पीएस सूदन, सृजन के अध्यक्ष डॉ अरुण शहैरिया 'ताइर', सचिव कृष्णकुमार आशु, डॉ. संदेश त्यागी, कृष्ण बृहस्पति, अमित तिवारी, मैत्रेय, आरव सहित साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षा, वकालत, व्यापारिक और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश में 90 प्रतिशत सरकारी स्कूल भवनों को मरम्मत की जरूरत बताई

- शिक्षा विभाग की ओर से हाईकोर्ट में पेश रिपोर्ट ने सरकारी स्कूलों की स्थिति की गंभीर तस्वीर सामने रखी है
- शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूल भवनों का टेक्निकल ऑडिट सार्वजनिक निर्माण विभाग के इंजीनियरों से कराने के आदेश जारी किए
- अब सार्वजनिक निर्माण विभाग तय करेगा कि कौन सा स्कूल भवन सुरक्षित है और कौन सा पूरी तरह अनसेफ है
- जिन भवनों को खतरनाक घोषित किया जाएगा, उन्हें तुरंत खाली करवाकर बच्चों को दूसरे सुरक्षित स्कूलों या सामुदायिक भवनों में शिफ्ट किया जाएगा

**बीकानेर,** (निसं)। सरकारी स्कूलों की बदहाल और जर्जर होती इमारतों ने अब सरकार की चिंता बढ़ा दी है। प्रदेश में करीब 90 प्रतिशत सरकारी स्कूल भवनों को मरम्मत की जरूरत बताई गई है, जबकि हजारों स्कूलों को बच्चों के लिए असुरक्षित माना गया है। लगातार सामने आ रहे हादसों और बच्चों की सुरक्षा पर मंडरा रहे खतरे के बीच शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लेते हुए सभी सरकारी स्कूल भवनों का टेक्निकल ऑडिट सार्वजनिक निर्माण विभाग के इंजीनियरों से कराने के आदेश जारी किए हैं। अब सानिवि तय करेगा कि कौन सा स्कूल भवन सुरक्षित है और कौन सा पूरी तरह अनसेफ है। जिन भवनों को खतरनाक घोषित किया जाएगा, उन्हें तुरंत खाली करवाकर वहां ताला लगाया जाएगा और बच्चों को दूसरे सुरक्षित स्कूलों या सामुदायिक भवनों में शिफ्ट किया जाएगा।

शिक्षा विभाग की ओर से हाईकोर्ट में पेश रिपोर्ट ने सरकारी स्कूलों की स्थिति की गंभीर तस्वीर सामने रखी है। रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान में कुल 45,365 सरकारी स्कूल हैं, जिनमें से 41,178 स्कूल ऐसे हैं, जिन्हें बड़े स्तर पर मरम्मत की आवश्यकता है। यानी प्रदेश के करीब 90 प्रतिशत सरकारी स्कूल किसी न किसी रूप में जर्जर स्थिति में हैं। शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों के लिए टेक्निकल ऑडिट अनिवार्य कर दिया है। प्रदेश के सभी 45 हजार से ज्यादा स्कूल भवनों का भौतिक सत्यापन पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन और एईएन स्तर के इंजीनियर करेंगे। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 15 दिन के भीतर समन्वय कर रिपोर्ट निदेशालय को भेजें। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन स्कूल भवनों को सानिवि 'अनसेफ' घोषित करेगा, उन्हें तुरंत खाली करवाकर वहां ताला लगाया जाएगा। ऐसे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को नजदीकी सुरक्षित सरकारी स्कूलों या सामुदायिक भवनों में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं जो भवन मरम्मत योग्य नहीं होंगे, उन्हें ध्वस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

अब तक सरकारी स्कूलों की जर्जर स्थिति की रिपोर्ट संस्था प्रधान या स्कूल प्रशासन अपने स्तर पर तैयार करता था। कई मामलों में बजट की कमी या रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए जर्जर कमरों में भी बच्चों की क्लास लगाई जाती थी। लेकिन झालावाड़ और अन्य जिलों में हुए हादसों के बाद सरकार कोई जोखिम नहीं लेना चाहती।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने आदेश में कहा है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अब सभी सरकारी स्कूलों के लिए सानिवि इंजीनियरों से 'स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी सर्टिफिकेट' लेना अनिवार्य होगा। यदि इसके बाद भी कोई हादसा होता है तो संबंधित तकनीकी अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

प्रदेश के निजी स्कूलों में जर्जर भवनों की शिकायतें अपेक्षाकृत कम आती हैं। इसका कारण यह है कि निजी स्कूलों को हर तीन साल में भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होता है। इसके लिए शुल्क भी जमा करना पड़ता है। इसी प्रमाण पत्र के आधार पर उन्हें मान्यता मिलती है, जबकि सरकारी स्कूलों में अब तक यह प्रक्रिया अनिवार्य नहीं थी। शिक्षा विभाग इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर बजट 2026-27 में नए सिरे से फंड आवंटित करेगा। सरकार का लक्ष्य है कि अगले छह महीनों में प्रदेश के किसी भी स्कूल में बच्चे जर्जर छत के नीचे बैठकर पढ़ाई न करें।

गौरतलब है कि 25 जुलाई को झालावाड़ के मनोहरथाना ब्लॉक स्थित पिपलोदी सरकारी स्कूल की छत गिरने से 7 बच्चों की मौत हो गई थी और 21 बच्चे घायल हुए थे। वहीं 13 जनवरी को बूंदी में सरकारी स्कूल के बरामदे की करीब 50 फीट लंबी छत अचानक गिर गई थी। हालांकि उस समय वहां बच्चे मौजूद नहीं थे। इन घटनाओं के बाद से शिक्षा विभाग लगातार जर्जर स्कूल भवनों को लेकर सख्त कदम उठा रहा है।

# सड़क हादसे में घायल की जयपुर में मौत

**छीपाबड़ौद,** (निसं)। क्षेत्र के टांचा गांव निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना के एक महीने बाद इलाज के दौरान जयपुर के अस्पताल में मौत हो गई। एक माह पूर्व गुरुवार रात को अटरू कस्बे के पावर हाउस के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ था।

इस हादसे में एक मोटरसाइकिल और तेज रफ्तार चार पहिया वाहन के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हुई थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक सड़क से काफी दूर जा गिरे थे। हादसे में टांचा (नोहरा वाले) निवासी धनराज यादव पुत्र किशनलाल अहीर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बारां और फिर वहां से गंभीर हालत के चलते जयपुर रेफर किया गया था। परिजनों के अनुसार, पिछले एक महीने से जयपुर में उनका उपचार चल रहा था, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के समय उनके साथ मौजूद दूसरे युवक देवेन्द्र को मामूली चोटें आई थीं। धनराज की मौत की खबर मिलते ही टांचा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।



## Protecting Plants, Protecting Our Future

Observed on May 12, the International Day of Plant Health highlights the vital role plants play in sustaining life, food security and the global economy. Healthy plants provide 80% of the food we eat and produce the oxygen we breathe, yet they face growing threats from pests, diseases and climate change. The day encourages governments, farmers and citizens to adopt sustainable practices such as responsible trade, pest monitoring and biodiversity protection. By raising awareness about plant health, the initiative reminds us that protecting crops and green ecosystems is essential for preventing hunger, safeguarding livelihoods and building a more resilient and sustainable future.





A devotee's face painted in the fierce colours of Mahakala, black, red and gold, as part of the Gajan ritual body art tradition.



Writer and Traveler Neeru Saluja with a young Gajan devotee, whose face has been painted as part of the ritual transformation.



A devotee sits quietly on the ground as an artist applies ritual face paint, preparing him for the Gajan procession.

# WHEN THE VILLAGE ROARED AT THE SKY

Gajan in Bardhaman is a journey through Sheerpara, Sonapalashi and Krishnadevpur into Bengal's living rituals of Fire, Flesh and Faith. Among the Gajan Sanyasis of West Bengal, where iron pierces flesh, hooks lift men into the sky, and an ancient harvest cry outlasts everything the modern world cares to remember.



A devotee's shaved head bearing intricate painted markings and a single red tilak, part of the Gajan body art tradition.



A devotee in striking black and white Mahakala face paint, embodying the fierce and transcendent form of Shiva during Gajan.



A devotee in full costume and elaborate headdress, completely transformed into a deity for the Gajan street procession.

● Neeru Saluja
(Retired Professor and Traveler)

Seventy-two years on this earth, 101 countries have been worn into my passport, and still; still - West Bengal found a way to stop me cold. Sometimes, insomnia is a blessing. Late-night scrolling often leads me to unexpected journeys, and this time, it led me to rural West Bengal during Gajon. A painted face on Instagram pulled me in. A quick search, a message to a tour organiser, and within two days, I was on a flight to Kolkata and a drive to Bardhaman, curious and excited about a festival I barely knew but deeply wanted to witness.

I have skydived from twelve thousand feet over Melbourne. I swam in Lake Baikal. I can tell you, without the smallest exaggeration, that among my experiences across 101 countries, what I witnessed that night now stands as one of the most unforgettable additions to my memory.

I had come to see the Gajon festival, or Gajan as it is spelled, though in the darkness before dawn, with conch shells sounding and the heavy smell of incense and marigolds thick in the air, spelling felt very far away from anything that mattered. What matters at Gajon is the roar. The word itself, most scholars agree, comes from the Sanskrit word, *garjana*, meaning a roar or a cry, the sound the Sanyasis make as they offer their bodies and their pain to Lord Shiva. Alternatively, people say, Gajan is simply *ga* from *gram*, meaning village, and *jan* from *janasadharan*, meaning common people. A village festival. A festival of ordinary folk. Both meanings rang true that night, because what I heard was something between a roar and a prayer, and the men who made it were as ordinary as any farmer I have ever met, until they were not.

### READY FOR THE PULSE OF BENGAL

Before I arrived, I wrote in my journal: "Ready to dive into a whirlwind of fire rituals, painted devotion, drums, and pure rural energy. This isn't just a festival, it's culture in motion, faith in action, and stories waiting at every turn. Can't wait to feel the pulse of Bengal up close and come back with memories that burn bright." Sitting here now, on the other side of it, I can only say: I had no idea.

### THE BODY AS CANVAS: DEVOTION TURNED INTO ART

At the Gajon Festival, the body becomes a living canvas and devotion turns into art. Rituals are not merely performed here; they are painted, worn and lived. Tradition breathes through coloured faces and decorated skin. Here is a space where spirituality is expressed not in words but in striking, embodied artistry. In small, spotless villages like Sheerpara and Sonapalashi, I watched men transform into living embodiments of Shiva and Kali. Faces layered with intricate paint, bodies smeared with ash, families offering prayers before drums arrived to escort them to temples. It felt intimate, sacred and theatrical all at once.

Everywhere I looked, faces had been transformed. Young men and boys moved through the village lanes with their cheeks painted in stark red, black and white, the colours of Mahakala, the embodiment of time and death, the ferocious face of Shiva that western iconography rarely shows. In Gajan body art, Mahakala is frequently rendered in stark black, white and red, emphasising time, death and transcendence rather than the more familiar ascetic or benevolent Shiva. The human body becomes a ritual canvas. Gajan is where the body becomes a canvas and tradition wears a modern face. There are two parallel vocabularies of the same devotion, one ancestral, one contemporary, and both are equally alive.

> In Gajan body art, Mahakala is frequently rendered in stark black, white and red, emphasising time, death and transcendence rather than the more familiar ascetic or benevolent Shiva. The human body becomes a ritual canvas. Gajan is where the body becomes a canvas and tradition wears a modern face. There are two parallel vocabularies of the same devotion, one ancestral, one contemporary, and both are equally alive.

### APPEARANCE AND REALITY

In Gajon, across the remote villages of West Bengal, when young boys have their faces painted as part of the ritual, the act does not end with the paint. It extends into the pose. They do not merely wear the face. They perform it.

This is where appearance and reality braid together. Standing in the narrow lanes of Sonapalashi, watching a boy of, perhaps, twelve holds the stillness of a deity whilst a crowd pressed around him. I understood something I had not expected to understand. He was not pretending to be someone else. He was briefly becoming what the tradition asked him to be, and he knew he was being seen whilst doing so. The gaze of the village was part of the ritual. To be witnessed was to complete the transformation.

During Gajan, young men commonly embody Shiva in this dramatic, performative form as part of devotional folk ritual and street procession. The human body becomes a ritual canvas. Both are Gajan. Both are Bengal.

### THE RITUALS

At the temple, the scene was unlike anything I have language for, and I have tried to find language for a great many things in a great many countries. Torches and oil lamps threw everything into gold and shadow. Perhaps, forty or fifty Sanyasis stood or sat in the courtyard, draped in red and saffron, their foreheads marked with ash and vermillion. And then I saw it: the man in front of me had a long iron rod pierced clean through his back. He was smiling. Not through gritted teeth, not with the tight, pained smile of someone enduring something. He was simply smiling, as if he had arrived somewhere he had been trying to reach for a very long time.

Others had rods through their cheeks. Some had needles threaded through the skin of their arms and chests. One man lay on a wooden frame to which large nails were fixed. He lay on the nails, his body spread open, eyes closed, lips moving. Researchers understand these piercing rituals as symbolic: the entry of life into earth, the tilling of soil, the seeding of the ground. Gajan maps the agricultural cycle of Bengal onto the human body. Pain is not punishment here; it is transformation. It is the body becoming the earth, becoming the prayer. After the piercing was complete, conducted with a ritual precision that I found both terrifying and deeply moving, the Sanyasis began to run. They ran in a circular procession through the village roads, from one temple to the next and back, through lanes where the entire village had gathered to watch and to touch their feet in reverence. Drums and cymbals and brass horns called *dhak* drove the rhythm, and the sound seemed to originate less from any instrument and more from the chest of the earth itself.

## #TRAVELS AND TRADITIONS



A Sanyasi adorned with flower garlands and ritual markings stands among the gathered crowd, his composure unbroken as the procession swells around him.



Smoke, incense and the press of hundreds fill a narrow village lane as the Gajan procession moves from one temple to the next, the entire village in motion.



A Sanyasi carries a human skull through the procession, his body covered in ash and colour, his expression utterly calm.



A Sanyasi is pulled upward as the Charak ritual begins, his body lifting slowly towards the sky above the gathered crowd.




A Sanyasi bends forward in preparation as the hooks are readied. Two metal hooks pierced clean through the skin of a Sanyasi's back.



A Sanyasi mid procession, painted and adorned, carrying the ritual objects of Gajan through the village lanes.



Metal rods pierced through the cheeks and lips of a Sanyasi who stands composed and still, his face a testament to a month of austerity.



A Sanyasi suspended high above the crowd from the Charak pole, swinging slowly in wide circles.

### THE DANCE OF THE DEAD: NARAMUNDO KHELA

Nothing, however, prepared me for what came next. Because Gajon, in its most remote and ancient form, does not stop at the living.

Before dawn one morning, we went in search of the infamous skull dance. In near silence, young Sanyasis climbed trees and brought down hidden bundles. As they unwrapped them, the reality struck: human skulls, used as ritual objects. With drums beating, they danced through the village lanes, circling temples, the entire community watching in quiet participation. It was unsettling, intense and unforgettable.

Villagers in this part of West Bengal usher in their new year by parading and dancing with unearthed human skulls. The men who bring the skulls bring them from nearby burial grounds where most of the skulls have not been deceased for more than one or two months. Many still have visible facial hair and skin. The bodies are often buried because their families could not afford the cost of incineration and funeral pyres.

This is the Naramundo Khela, the Skull Game. It is dedicated to Lord Shiva, who is depicted with a snake around his neck, who presides over the cremation grounds, who is the lord of all that the living world prefers not to look at directly. As part of the festival, villagers carrying skulls and daggers dance to rhythmic drum beats, their bodies covered with white ash and spotted with red and green paint. They are not frightening to the village. They are, in a profound sense, the most honest people in the procession, the ones willing to carry what everyone else turns away from.

A large number of people gather around the fairground and watch. I watched too. I am not sure I have fully processed what I saw. But I know it was not grotesque in the way that word usually means. It was, in the oldest sense of the word, sacred.

### THE WORLD'S HARDEST PUJA: CHARAK

The climax of Gajon, the moment towards which the whole month had been building, came later in Krishnadevpur: Charak Puja, perhaps, the most physically extreme devotional ritual anywhere in the Hindu world. This is closely linked with the Gajon festival tradition and involves dramatic rituals that must be witnessed to be believed.

In the open field at the edge of the village stood the Charak tree, which is not a tree at all but a tall, straight Gurjan trunk stripped off bark and branch, planted upright in the earth, twenty-five or thirty feet high, with a long horizontal beam balanced across its crown. From this beam hung ropes. And from the ropes would hang the men.

Hook swinging is exactly what it sounds like. Devotees, Sanyasis who have observed austerities for the entire month of Chaitra, are hooked through their skin and hung from the pole, rotating in a circle. They are suspended by nothing but their own skin and their faith in Shiva. Men, pierced with hooks through their backs, were hoisted onto the tall pole and swung in circles, blessing children held up to them by parents below as drums thundered and a fair buzzed all around them. Alongside this, other Sanyasis underwent body piercing: devotees pierced their bodies with rods, needles through cheeks, the full vocabulary of devotional endurance that Gajon has always spoken.

There was no spectacle of pain. Only devotion, endurance and collective faith. When I asked how it was possible, a local elder shrugged in the way that people who have grown up with miracles shrug. "Shiva holds them," he said simply. I watched three men swing in slow wide circles against a sky turning from pink to violet, their faces serene, their bodies loose, and I confess that I found every other explanation insufficient.

The crowd below wept, cheered and pressed forward. Old women held their palms together. Young men drummed without stopping. The Sanyasi on the rope did not cry out. He rotated slowly, arms spread, as if resting in a very unusual hammock, somewhere between this world and the next.

### THE FAIR: THE OTHER FACE OF GAJON

And then, because Bengal always holds both things at once, twenty metres from the Charak pole in Krishnadevpur, a village fair was in full, glorious swing.

The festival is rooted in rural, agrarian communities. Local fairs selling handicrafts, sweets, and toys are central to the cultural experience. Stalls sold batasha, those crisp white sugar discs that melt instantly on the tongue, and jilapi, twisted into spirals and glistening with syrup. Toy vendors spread their wares on cloth: clay horses, painted birds, tin whistles. Handicrafts changed hands. Children ran between adult legs. The smell of frying dough mixed with incense. Somewhere, a loudspeaker played a film song.

This, too, is Gajon. The transcendent and the festive, the terrifying and the sweet, the ancient skull and the fresh jilapi, all of it in the same field, on the same evening, under the same open Bengal sky. I watched. I simply watched, and let it all wash over me; the colour, the noise, the smoke, the children, the drums still echoing somewhere in the distance. I am not sure I fully understood what I had seen across Sheerpara, Sonapalashi, and Krishnadevpur over those extraordinary days, but I was profoundly content.

> Gajan's origins are old enough that no one can date them precisely. Most historians place the festival's development in the medieval period, but its roots in the folk religion of Bengal reach back further still. The most compelling theory traces the festival to the tenth century CE, when Buddhism retreated from the Bengali mainstream. Buddhist monks merged their practices with the existing Shaivite folk tradition.

### A THOUSAND YEARS IN THE SOIL: THE HISTORY OF GAJON

Gajan's origins are old enough that no one can date them precisely. Most historians place the festival's development in the medieval period, but its roots in the folk religion of Bengal reach back further still. The most compelling theory traces the festival to the tenth century CE, when Buddhism retreated from the Bengali mainstream. Buddhist monks, carrying Tantric disciplines that understood the body as a site of spiritual transformation through endurance, merged their practices with the existing Shaivite folk tradition.

The result was Gajan: a synthesis of Shiva worship and ascetic bodily offering, born from the mingling of two great faiths in the red-clay villages of Bengal. The festival is also connected to Dharmathakur, the God of Fertility, worshipped by the agrarian and lower-caste communities of Bengal, making Gajan historically a festival of the margins, a spiritual space where those outside the Brahminical order could offer their bodies as prayer and receive, in return, the blessings of rain and harvest. At Gajan, the caste hierarchy dissolves. That, perhaps more than any ritual, is its most radical act.

### WHAT I CARRIED HOME

This was not a performance for outsiders. This was a lived tradition, raw, physical and deeply rooted in belief. And all of it began with a sleepless night and a scroll.

I did not know when I picked up my phone that restless night, and let an algorithm lead me to a painted face on Instagram, that within two days, I would be standing in the lanes of Sheerpara watching a boy become a god, or crouching in the dark of Sonapalashi as young Sanyasis unwrapped bundles from the trees, or standing in a field in Krishnadevpur with my heart in my throat watching a man swing silently in a violet sky. Gajon stands alone. It borrows nothing from anywhere, resembles nothing I have encountered before, and asks nothing of you except that you show up and bear witness. It added something entirely its own to a life of 101 countries and this one was just a flight and a drive from home. That, at seventy-two, is the greatest gift a journey can give.

Sitting now in my Jaipur home, surrounded by the quiet accumulation of journeys, small keepsakes, fading tickets, fragments of places that once felt vast, I find myself returning, again and again, to those two days across three villages of Bardhaman. And yet, when I try to explain Gajon to those who visit, I always fall short. Some things you have to be standing in a field in the dark for, with drums going through your chest and the smell of marigolds in the air and a man swinging slowly in the violet sky above you, his face at peace in a way that makes you wonder if you have ever once in your life been truly at peace yourself.

What I can say is this: Gajan is not a spectacle. It is not performance. It is not the kind of thing that exists to be photographed or explained in a newspaper article by a retired professor from Rajasthan who happened to lose sleep one night and follow a painted face on Instagram all the way to rural Bengal. It is a village speaking directly to the sky, the same conversation it has been having for perhaps a thousand years, in the only language it has ever trusted: the language of the body, of sacrifice, of the roar that is also a prayer.

The word Gajan means both. A roar. And the people of the village. And both of those things were, that night, exactly the same.

I left Krishnadevpur the next morning, carrying nothing but memories. The Sanyasis had returned to their ordinary lives. The Charak tree stood alone in the empty field. And all of it, every painted face, every drum beat, every skull, every man swinging silently in the sky, had begun with a sleepless night and a scroll. And I walked to my car thinking: I believe everyone should follow the rhythm of their own heart. But occasionally, if you are very fortunate, you stumble upon a place where an entire village has been following the rhythm of something much older than any heart, and you are allowed, briefly, to hear it too.

rajeshsharma1049@gmail.com



A drummer leads the Gajan procession, his dhak slung across his body, keeping the rhythm that drives the entire ritual forward.



A young boy painted entirely in blue embodies Lord Shiva, adorned with marigold garlands and beads, standing as a living deity in the village street.




A devotee in full white and black costume with an elaborate skeletal mask, representing the fearsome aspect of Shiva during the Gajan procession.



A village drummer beats his dhak with a wide smile, carried along by the energy and joy of the Gajan festival procession around him.



Young Sanyasis, with bodies smeared in red and white paint, move through the village lanes as part of the Gajan ritual procession.



A Sanyasi climbs a tree as part of the Naramundo Khela ritual, watched by the gathered village community below.



A young Sanyasi holds a human skull as a ritual object, his body painted and his expression calm, as the community gathers around him in quiet witness.




The Gajon Rural Festival of West Bengal, where living embodiments of devotion fill the village streets with colour, costume and ancient faith.



A young boy painted entirely in blue as Lord Shiva sits resting between rituals, his full costume and marigold garlands still intact, deity for a day.



A painted Mahakala face mounted on the Charak pole, watching over the festival grounds as devotees gather below.




A devotee dressed as Lord Shiva stands alongside a companion carrying a human skull, two faces of the same ancient tradition meeting in one frame.




Two young Sanyasis in full Kali and Mahakala face paint pause between rituals, one scrolling through his phone, ancient devotion and modern life in the same moment.



A young Sanyasi in red and white ritual face paint sits quietly beneath a tree, resting before the procession begins, somewhere between the ordinary and the divine.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अजमेर के कड़ेल गांव की गलियों में पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## सीएम भजनलाल शर्मा ने ग्रामीणों से विकास और योजनाओं का फीडबैक लिया

**जयपुर/अजमेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अजमेर जिले के कड़ेल गांव में सोमवार सुबह की सैर के साथ एक बार फिर आमजन के बीच पहुंचकर जन संवाद और जनविश्वास का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। रविवार रात को ग्राम चौपाल में ग्रामीणों से संवाद के बाद मुख्यमंत्री सुबह गांव की गलियों में पैदल भ्रमण करते नजर आए। ग्रामीण जब अपने घरों से बाहर निकले तो उन्होंने मुख्यमंत्री को सहज और सरल भाव से गांव के बीच उपस्थित पाया।

मुख्यमंत्री ने गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया तथा महिलाओं, किसानों, पशुपालकों, युवाओं, फल एवं सब्जी विक्रेताओं और सफाई कर्मियों से बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया और आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। मुख्यमंत्री को अपने बीच सहज रूप में पाकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली साथ ही, उन्हें चॉकलेट वितरित की। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने गांव के प्राचीन शेषनाग भगवान मंदिर में दर्शन कर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कड़ेल गांव में ग्रामीणों के साथ बैठकर चाय का आनंद लिया।

प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थय की कामना की। मंदिर परिसर में भी उन्होंने श्रद्धालुओं से भी संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने किसानों से गुलाब, आंवला, लेसवा, जामुन और प्याज सहित स्थानीय कृषि उत्पादों एवं पारंपरिक खेती की पद्धितयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने किसानों को आधुनिक, वैज्ञानिक एवं नवाचार आधारित कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उन्नत कृषि पद्धतियों और जल संरक्षण आधारित प्रयासों से उत्पादन और आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और जवाबदेही के साथ कार्य कर रही है।

ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुनते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने की घोषणा की। साथ ही, परिवहन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त बस संचालन सुनिश्चित करने तथा बालिका विद्यालय की चारदीवारी निर्माण के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

ग्राम भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ बैठकर चाय पी तथा गांव के विकास, खेती-किसानी, शिक्षा और दैनिक जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान

- **बुजुर्गों से आशीर्वाद लेकर मुख्यमंत्री ने किसान, महिलाओं, युवाओं से संवाद किया**

मुख्यमंत्री की सहजता ने ग्रामीणों को विशेष रूप से प्रभावित किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कड़ेल में बस सेवा शुरू करने के आदेश जारी

**अजमेर/पुष्कर,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा पुष्कर क्षेत्र के ग्राम कड़ेल में ग्राम चौपाल के दौरान की गई घोषणाओं पर अमल शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कड़ेल में पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करने, गांव में बस सेवा शुरू करने तथा बालिका स्कूल की चारदीवारी बनवाने की घोषणा की थी। इन घोषणाओं पर तुरंत कार्यवाही शुरू की गई है। कड़ेल में बस सेवा शुरू करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

# पिलानी में शराब को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ

- **शराब नहीं देने पर ठेके में कैंपर घुसाकर तोड़फोड़**
- **12 साल की बच्ची को कैंपर से कुचला, हालत गंभीर**

**पिलानी,** (निसं)। कस्बे में शराब को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि शराब नहीं मिलने पर कैंपर सवार युवकों ने पहले शराब ठेके पर तोड़फोड़ की। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में दूसरे पक्ष के लोग ठेके पर तोड़फोड़ मचाने वाले युवकों के गांव पहुंचे, जहां जमकर मारपीट और तोड़फोड़ हुई। इस दौरान 12 साल की बच्ची को कैंपर गाड़ी से कुचल दिया गया। बच्ची गंभीर हालत में जयपुर के जेके लोन अस्पताल में भर्ती है।

मामला आठ मई की रात करीब 11 बजे का है। पिलानी बस स्टैंड स्थित शराब ठेके पर घुमनसर कलां निवासी योगेंद्र अपने साथियों के साथ शराब लेने पहुंचा। ठेका बंद होने की बात कहकर सेल्समैन ने शराब देने से मना कर दिया। इस पर विवाद बढ़ गया। शराब ठेके के मालिक केहरपुरा निवासी आशीष ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि योगेंद्र और उसके साथियों ने गुस्से में सेल्समैन पर कैंपर चढ़ाने की कोशिश की। सेल्समैन बाल-बाल बच गया। लेकिन कैंपर गाड़ी ठेके में जा घुसी। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ। घटना के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। लेकिन कैंपर की टंकी क्षितठास्त होने से रास्ते में तेल रिसता रहा। इसके आधार पर शराब ठेकेदार पक्ष के लोग चार गाड़ियों में सवार होकर घुमनसर कलां पहुंचे। बताया जा रहा है कि वारदात के बाद योगेंद्र ने अपनी टंकी क्षतिग्रस्त होने के कारण अपनी कैंपर गाड़ी घुमनसर कलां गांव में विनोद कुमार के घर खड़ी कर दी थी और वहां से विनोद की बाइक लेकर चला गया था। कैंपर गाड़ी का पीछा करते हुए शराब ठेकेदार के पक्ष के युवक विनोद कुमार के घर पहुंचे। विनोद कुमार ने दर्ज करवाई गई एफआईआर में आरोप लगाया कि केहरपुरा निवासी आशीष, डिगली निवासी प्रीतम स्वामी समेत करीब 20 युवक चार गाड़ियों में सवार होकर उनके घर पहुंचे और जमकर तोड़फोड़ की। आरोप है कि विनोद कुमार और उसके परिवार के साथ मारपीट की गई।

आरोप लगाया गया है कि शोर सुनकर बचाने आई विनोद कुमार की पत्नी और 12 साल की बेटी के साथ भी मारपीट की गई। आरोपी बच्ची को उठाकर ले जाने लगे। इसी दौरान बच्ची नीचे गिर गई और कैंपर गाड़ी से उसे कुचल दिया गया। बच्ची गंभीर हालत में जयपुर के जेके लोन अस्पताल में भर्ती है। मामले की जांच कर रहे पिलानी थाने के एएसआई ललित शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच जारी है। घटना में विनोद कुमार, उसकी पत्नी और बेटी घायल हुए हैं। विनोद कुमार का मेडिकल करवा दिया गया है। जबकि उसकी पत्नी बच्ची के इलाज के लिए जयपुर गई हुई है।

# गुढ़ागौड़जी पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

**गुढ़ागौड़जी,** (निसं)। पुलिस थाना गुढ़ागौड़जी पर हमला कर राजकार्य में बाधा पहुंचाने, पुलिसकर्मियों से गंभीर मारपीट करने तथा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के बहुचर्चित मामले में गुढ़ागौड़जी पुलिस ने तीन इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आठ साल पुराने एक मामले में दो हजार रूपए के ईनामी वांटेड एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के छोटे भाई संजय सिंह गुढ़ा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों पर दो-दो हजार रुपए का इनाम घोषित था।

पुलिस के अनुसार 14 अगस्त 2018 को संजय सिंह पुत्र माधो सिंह निवासी गुढ़ा एवं अन्य लोगों के नेतृत्व में करीब 200 लोगों की भीड़ थाना गुढ़ागौड़जी के सामने एकत्रित हुई थी। भीड़ थाना परिसर के बाहर नारेबाजी, प्रदर्शन और सड़क जाम कर रही थी। पुलिस द्वारा समझाइश के बावजूद भीड़ उग्र हो गई और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। आरोप है कि उठा भीड़ में शामिल धर्मेन्द्र सिंह उर्फ कुकी निवासी टोडी, जावेद पुत्र मुस्ताक चौपदार निवासी गुढ़ा, जमालुदीन, रफीक, असपाक, सदीक, नसरूदीन, मोहम्मद युसुफ, लालू, इसाक, गुलाम शब्बीर सहित 30-40 अन्य लोगों ने पुलिसकर्मियों पर लाठियों और पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में तत्कालीन थानाधिकारी अशोक कुमार उपनिरीक्षक एवं पुलिसकर्मी नरेश कुमार के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। इतना ही नहीं, भीड़ थाना परिसर में घुस गई और कार्यालय में तोड़फोड़ कर सरकारी रिकॉर्ड एवं संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। उपद्रवियों ने थाना वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर तहस-नहस कर दिया था। घटना के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए दो-दो हजार रुपए के इनामी आरोपी मोहम्मद जावेद, धर्मेन्द्र सिंह उर्फ कुकी तथा पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के भाई संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद तीनों को मामले में विधिवत गिरफ्तार किया।

## अजमेर में बदमाशों ने महिला के जेवर उतरवाए

**अजमेर,** (निसं)। शहर में महिलाओं को झांसे में लेकर गहने उतरवाने वाली वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला क्लॉक टावर थाना क्षेत्र के उसरी गेट इलाके से सामने आया है, जहां दो शातिर बदमाशों ने एक महिला को बातों में उलझाकर उसके सोने के गहने उतरवा लिए। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता मीना देवी धोलिया उसरी गेट क्षेत्र से गुजर रही थीं। इसी दौरान दो युवक उनके पास पहुंचे और बातचीत शुरू कर दी। बदमाशों ने महिला को किसी अनहोनी और सुरक्षा का डर दिखाकर गहने पहनकर घूमने को असुरक्षित बताया। बातों-बातों में दोनों आरोपियों ने महिला को इस तरह भ्रमित कर दिया कि वह उनकी बातों में आ गई। इसके बाद आरोपियों ने महिला से सोने के झुमके उतरवा लिए तथा गले में पहना सोने का पेंडल भी कटवा लिया।

# भीलवाड़ा में पांच लाख के कर्ज के विवाद में भाई ने भाई की हत्या की थी

- **आरोपी गिरफ्तार, तीन मई को किशन उर्फ मेवाराम खटीक की लाश और बाइक हाईवे किनारे मिली थी**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। नेशनल हाईवे 158 पर डामर प्लांट के पास 3 मई को मिली युवक की लाश का मामला महज एक सड़क हादसा नहीं, बल्कि सगे भाई द्वारा रची गई रोंगटे खड़े कर देने वाली मर्डर मिस्ट्री निकला। आसींद पुलिस की सतर्कता और बारीकी से किए गए अनुसंधान ने 8 दिन के भीतर हत्या का पर्दाफाश करते हुए मृतक के सगे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पांच लाख रुपये के कर्ज के विवाद और एक्सीडेंट क्लेम पाने के लालच में इस वारदात को अंजाम दिया था।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 3 मई को गोविन्दपुरा निवासी किशन उर्फ मेवाराम खटीक की लाश और बाइक हाईवे किनारे मिली थी। मृतक के सगे भाई लक्ष्मीलाल उर्फ सोनू खटीक ने अज्ञात वाहन के खिलाफ एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की, लेकिन घटनास्थल के निरीक्षण ने कहानी बदल दी। थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी के नेतृत्व में जब टीम ने जांच की तो कई संदिग्ध बातें सामने आईं। मृतक के शरीर पर रगड़ या खरोंच के निशान नहीं थे, जो आमतौर पर सड़क हादसे में होते हैं। सबसे बड़ा सुराग बाइक का स्विच ऑफ होना और चाबी का लगा होना था। इसके अलावा लाश के पास एक रस्सी मिली, जिसने पुलिस के शक को यकीन में बदल दिया। आरोपी लक्ष्मी लाल से जब मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई तो उसने टूटकर सच उगल दिया। आरोपी ने बताया कि उसने मृतक भाई के नाम पर 10 लाख का लोन लिया था, जिसमें से 5 लाख रुपये को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

## बीकानेर में पारा 44.4 डिग्री पहुंचा

**बीकानेर,** (निसं)। जिले में गर्मी लगातार तेज होती जा रही है। शहर का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक सबसे ज्यादा तापमान रहा। वहीं न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तेज गर्म हवाओं और तपती धूप के बीच मौसम विभाग ने हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। आने वाले दिनों में भी मौसम शुष्क रहने और तापमान बढ़ने की संभावना जताई गई है। लगातार बढ़ती गर्मी का असर शहर की दिनचर्या पर भी दिखाई दिया।

## युवक पर हमले के विरोध में आक्रोश

**हनुमानगढ़,** (निसं)। भादरा तहसील के मलसीसर में एक युवक के साथ हुई बर्बर मारपीट की घटना ने अब तूल पकड़ लिया है। इस घटना के विरोध में नोहर कस्बे के नागरिकों ने लामबंद होकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने अतिरिक्त जिला कलैक्टर और उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बीती 10 मई रविवार की है। जिसके अनुसार भादरा तहसील के मलसीसर गांव में एक बस कंडक्टर ने बस किराये में एक रुपया कम देने की वजह से सोलह वर्षिय युवक के साथ कहासुनी करते हुए विवाद इतना बढ़ा लिया कि अपने गांव से साथियों को बुलवाकर रजत शर्मा नामक युवक पर जानलेवा हमला कर उसे बेरहमी से पीटा। ज्ञापन में इस घटना को हृदय विदारक बताते हुए कहा गया है कि सरेआम हुई इस हिंसा से क्षेत्र के आम नागरिकों में बेहद गुस्सा है और आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए व क्षेत्र में ठोस कानून व्यवस्था सुनिश्चित हो ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो ऐसी मांग की गई है।

# असुविधाओं से त्रस्त पाक विस्थापितों का प्रदर्शन

- **पाक विस्थापित परिवारों ने बिजली, पानी, शोषण से मुक्ति की मांग रखी**

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के बाहर सोमवार को पाक विस्थापित परिवारों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। पाक विस्थापित परिवारों की बिजली, पानी, शोषण से मुक्ति की मांग थी। जब विस्थापित जेडीए पहुंचे, तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की और धक्का-मुक्की तक हो गई। आखिरकार आयुक्त ने भूखंड योजना का लाभ लेने की सलाह दी और उचित कारवाई का भरोसा दिया। विस्थापितों का काफिला जब जेडीए पहुंचा तो पुलिस ने उन्हें अंदर आने से रोका। विस्थापित परिसर में ही बैठ गए और पुलिस से उन्हें गिरफ्तार करने को कहा। इस दौरान जेडीए सचिव चंचल वर्मा उनसे मिलने आईं, लेकिन बात नहीं बनी।

चेतना युवा मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पाकिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न का शिकार होकर आए हिंदू शरणार्थियों के लिए हाईकोर्ट ने संरक्षण देने के आदेश दिए हैं। इसको लेकर 9 माह पहले यहां आए थे। जेडीए ने कहा था कि उनकी सभी परेशानियों का समाधान कर देंगे, जिसमें पांच से छह माह का समय लगेगा, लेकिन बाद में पता चला कि उन्होंने 300 लोगों के खिलाफ जेडीए में प्रदर्शन करने के आरोप में मामला दर्ज करवा दिया। फिर भी वे इंतजार करते रहे। अब वह समय भी पूरा हो गया है। अब फिर आयुक्त ने कहा है कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विस्थापितों ने बताया कि वे गंगाणा पाल, चौखा इलाके में पथरीली जगह पर रहते हैं, जहां पीने का पानी नहीं है। कई घरों में बिजली नहीं है, इसके लिए संघर्ष कर रहे हैं, इसके बदले में नोटिस दिया जा रहा है। पाकिस्तान से आए सभी लोग मजदूरी कर बड़ी मुश्किल से अपना जीवन- यापन कर रहे हैं।

इधर जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी ने बताया कि विस्थापित कच्ची बस्तियों में रहते हैं। उसके लिए नोटिस दिए जा रहे हैं। यहां रहने वाले लोगों के लिए एक भूखंड योजना बनाई गई है। इसमें बहुत कम लागत पर प्लॉट उपलब्ध हैं। इन लोगों को इस योजना का लाभ लेना चाहिए।

## अवैध बजरी भरे वाहन जब्त

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की फूलियाकलां थाना पुलिस ने क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला विशेष टीम के साथ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सागरिया के पास खारी नदी में दबिश देकर अवैध बजरी खनन करते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर मशीन को जब्त किया है। मौके से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार 10 मई की रात्रि को गश्त के दौरान कांस्टेबल राकेश कुमार को सूचना मिली कि खारी नदी के पेटे में अवैध बजरी का खनन किया जा रहा है। सूचना पर थानाधिकारी राजकुमार व सउनि टोडरमल मय जाब्ता मौके पर पहुँचे और घेराबंदी की। पुलिस ने नदी में बजरी भरते हुए वाहनों को घेरा और चालकों से खनन व परिवहन से संबंधित रॉयल्टी या लाइसेंस मांगा। कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहनों को जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में हुकमचन्द्र पुत्र प्रेमचन्द्र बैरवा, रोशन पुत्र सोजीराम बैरवा, सूरज पुत्र परमेश्वर कीर, नारायण पुत्र नाथू गुर्जर, सत्यनारायण पुत्र उगमा कुमावत शामिल है।

# सीकर के निजी हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान विवाहिता की मौत

## परिजनों ने डॉक्टर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा किया

- **हॉस्पिटल परिसर के बाहर ही परिजन शव के साथ मुख्य सड़क पर धरने पर बैठ गए**
- **घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और समझाइश की**

**सीकर,** (निसं)। सीकर के निजी हॉस्पिटल में रविवार देर रात को ऑपरेशन के दौरान विवाहिता की मौत हो गई। सोमवार को परिजनों ने डॉक्टर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। हॉस्पिटल परिसर के बाहर ही परिजन शव के साथ मुख्य सड़क पर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और परिजनों से समझाइश का प्रयास किया। पुलिस के मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम कराने के आश्वासन के बाद परिजन माने। ये धरना प्रदर्शन करीब 3 घंटे तक चला। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

मृतक विवाहित के परिजनों ने बताया कि शनिवार को रींगस निवासी कविता को नसबंदी खुलवाने के लिए सीकर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जिसकी रविवार देर रात के ऑपरेशन के बाद मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि रात को ऑपरेशन थिएटर में ले जाने के बाद परिजनों को बिना जानकारी दिए कविता को दूसरे हॉस्पिटल में शिफ्ट कर दिया। देर रात परिजनों को बताया गया कि ऑपरेशन के दौरान कविता की हालत गंभीर होने पर उसे दूसरे निजी हॉस्पिटल में शिफ्ट कर दिया गया था। शिफ्टिंग की सूचना मिलने पर परिजन हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने कविता को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने लापरवाही को छुपाने के लिए आनन-फानन में उसे दूसरे अस्पताल में भेज दिया, जबकि उसकी मौत पहले ही हो चुकी थी।

विवाहिता की मौत के बाद सोमवार सुबह से ही अस्पताल के बाहर माहौल तनावपूर्ण बन गया था। मृतका के परिजनों और ग्रामीणों ने हॉस्पिटल के बाहर सड़क पर शव रखकर नारेबाजी शुरू कर दी। खंडेला विधायक सुभाष मील भी धरने पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और समझाइश की कोशिश की।

## मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के गुढ़ागौड़जी थाना पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ एवं आगजनी की वारदात को अंजाम देने वाले दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों पर पांच-पांच हजार रूपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपियों को नीम की ढाणी तन बामलास क्षेत्र से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 9 अक्टूबर 2025 को नीम की ढाणी तन बामलास निवासी सुमन देवी पत्नी स्व. बुद्धराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दोपहर करीब 2:30 बजे वह अपनी पुत्री के साथ घर पर मौजूद थी। इसी दौरान राकेश पुत्र शीशराम, उर्मिला देवी पत्नी श्रवण कुमार, सुरेश पुत्र मोतीराम, राजकुमार पुत्र गुरूदयाल तथा अन्य लोग दो गाड़ियों में सवार होकर आए और गाली-गलौज करते हुए घर में घुस गए। आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट की। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की गई। लगातार दबिश के बाद पुलिस ने पांच-पांच हजार के इनामी आरोपी राकेश पुत्र शीशराम एवं राजकुमार पुत्र गुरूदयाल निवासी नीम की ढाणी तन बामलास को गिरफ्तार कर लिया।

# कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे निरस्त करने की मांग

- **किसान महापंचायत के तत्वाधान में ग्राम गोनेड़ा से कलैक्टर कार्यालय तक 101 ट्रैक्टरों की विशाल रैली निकाली गई**
- **ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को लेकर किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा**

**कोटपूतली,** (निसं)। कोटपूतली के पनियाला से अजमेर के किशनगढ़ तक प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के विरोध में किसान महापंचायत के तत्वाधान में किसानों द्वारा सोमवार को ग्राम गोनेड़ा से जिला कलैक्टर कार्यालय तक 101 ट्रैक्टरों की विशाल रैली निकाली गई। रैली को किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला कलैक्टर कार्यालय पहुंचकर किसानों ने ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, जहां एएसपी नाजिम अली के नेतृत्व में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरड़क, थानाधिकारी राजेष कुमार शर्मा समेत आसपास के थानों के एसएचओ एवं भारी मात्रा में पुलिस जाब्ता तैनात रहा। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका को देखते हुये इससे पूर्व कलैक्ट्रेट की ओर जाने वाले सभी मार्गो पर बैरीकेडिंग की गई थी। वहीं किसान महापंचायत के तत्वाधान में पहुंचे 101 ट्रैक्टरों को कस्बे के बानसूर रोड स्थित कृषि उपज मंडी में ही रोक दिया गया था। जगह-जगह पुलिस जाप्ता तैनात किया गया था। जिला कलैक्ट्रेट पर भारी विरोध प्रदर्शन के बाद किसानों ने किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलैक्टर अपर्णा गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहिताष बोहरा, प्रदेशाध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, प्रदेश मंत्री ज्ञानचंद मीणा, प्रदेश संगठन मंत्री बत्तीलाल बैरवा, प्रदेश मंत्री महेश जाखड़, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष संदीप यादव, जिलाध्यक्ष बाबूलाल चौधरी, कोटपूतली तहसील अध्यक्ष हरसहाय तंवर, कार्यक्रम संयोजक सुरेश बिजारणिया मीडिया प्रभारी, जिला उपाध्यक्ष सहमाल मोलाहेडा, हव. उमराव सिंह रावत, कृष्णा गुर्जर, पूरण फामडा, सुभाष यादव, इंद्राज यादव, शीशराम गेट, रामेश्वर कनेक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लवास समेत अन्य मौजूद रहे।

किसानों ने ज्ञापन में बताया कि कोटपूतली से किशनगढ़ तक 225 किलोमीटर 6 लेन राजमार्ग चालू है, इसके समानांतर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की कोई आवश्यकता नहीं है। अपेक्षाकृत कम समय में पहुंचने के लिये इस मार्ग को 6 से 12 लेन तक बनाये जाने का विकल्प भी उपलब्ध है। राजस्थान उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार इस राजमार्ग से अतिक्रमण हटाकर चौड़ा करना प्रस्तावित है। इस समानांतर एक्सप्रेस-वे की लंबाई 181 किलोमीटर है। विद्यमान मार्ग से नये मार्ग की दूरी 44 किलोमीटर कम होगी। इस नये एक्सप्रेस-वे में अधिग्रहित की जाने वाली भूमि लगभग 6500 बीघा है, जिसमें अधिकांश भूमि सिंचित एवं बहुफसल वाली है। 44 किलोमीटर दूरी कम करने के लिये देश की खाद्य सुरक्षा को संकट में डालना सर्वथा अनुचित है। नया एक्सप्रेस-वे 15 फीट ऊंचा बनना प्रस्तावित है, अनेक गांव एवं किसानों के खेत दो भागों में विभक्त हो जायेंगे, जिससे किसानों को अपने खेतों तक खेती करने के लिये लंबा चक्कर लगाकर जाने को विवश होना पड़ेगा।

## युवक का अपहरण कर मारपीट

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर एरिया में आए एक कैफे के बाहर से युवक का अपहरण किए जाने के साथ उससे बुरी तरह मारपीट की गई। उसका मोबाइल तोड़ दिया गया और सोने की चेन लूट ली गई। आरोपियों ने उसे जान की धमकी भी दी। पीड़ित ने अब प्रतापनगर थाने में एक युवक को नामजद कर रिपोर्ट दी है। वहीं बताया जाता है कि मारपीट किसी युवती द्वारा करवाई गई है जोकि पूर्व फ्रेण्ड थी। युवती की अब सगाई हो गई और पूर्व फ्रेण्ड बार-बार कॉल कर परेशान कर रहा था। युवती ने भी अपने पूर्व फ्रेण्ड के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक युवक की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। रिपोर्ट में बताया कि वह 9 मई की रात करीब 8.30 से 9 बजे के बीच वह आखलिया चौराहा स्थित एक कैफे के बाहर खड़ा था। तब 15-20 युवक वहां पहुंचे, जिनमें युवराज और राहुल नामक युवक भी शामिल थे। सभी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों के पास पिस्तौल और अन्य हथियार भी थे। बाद में किसी पुलिसकर्मी को फोन आने पर आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गए।

# भीलवाड़ा में अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। फूलियाकलां थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। फूलियाकलां थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाने के हार्डकोर अपराधी और हिस्ट्रीशीटर सांवरलाल गुर्जर को अवैध पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के आदेशानुसार जिले में आर्म्स एक्ट के अपराधियों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 10 मई को थानाधिकारी राजकुमार मय जाब्ता गश्त पर थे। इसी दौरान हैड कांस्टेबल कालुराम धायल को मुखबिर से सूचना मिली कि सांगरिया की ओर से एक व्यक्ति बिना नंबरी बाइक पर अवैध हथियार लेकर धनोप की तरफ आ रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धनोप माता तिराहे पर नाकाबंदी की। संदिग्ध युवक को रुकवाकर तलाशी ली गई तो उसकी मोटरसाइकिल पर टंगे बैग से एक लोहे की अवैध पिस्टल और मैगजीन में भरे तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सांवरलाल (33) पुत्र रामस्वरूप गुर्जर, निवासी सांगरिया, फुलियाकलां थाने का सूचीबद्ध हार्डकोर अपराधी है। इसके विरुद्ध पूर्व में लूट, मारपीट और आर्म्स एक्ट जैसे करीब 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से बिना नंबरी मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि आरोपी यह हथियार कहां से लाया था और इसका उपयोग किस वारदात को अंजाम देने के लिए किया जाना था।

## इनामी आरोपी महिला गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीमगंज थाना पुलिस ने करीब 7 साल से फरार चल रही 5 हजार रुपये की इनामी महिला अपराधी यास्मीन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारसमल जैन व पुलिस उप अधीक्षक (शहर) सज्जन सिंह के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। यह टीम लंबे समय से हार्डकोर और इनामी अपराधियों की कुंडली खंगाल रही थी। पुलिस टीम ने आरोपी तक पहुँचने के लिए वांछितों के मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल खंगाली और मुखबिरों को सक्रिय किया। सटीक सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश देकर यास्मीन पुत्री बशीर मोहम्मद पठान निवासी शेखों का मोहल्ला, आसिन्द, हाल आरके कॉलोनी को दबोच लिया। आरोपी वर्ष 2013 के एक प्रकरण में वांछित थी और पिछले 7 साल से अपनी पहचान छिपाकर फरारी काट रही थी। गिरफ्तार महिला पर अपहरण और बंधक बनाने जैसे गंभीर षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप है। पुलिस अब आरोपी से फरारी के दौरान उसे शरण देने वाले अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।

## संक्षिप्त

### चल चिकित्सा शिविर 19 से

**दौसा** (निसं.)। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से 19 से 22 मई तक दौसा जिले की बसवा तहसील के अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्रों में पांच दिवसीय आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार सुविधा उपलब्ध कराना है। संयुक्त निदेशक (प्रशासन) जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि शिविरों के तहत 19 मई को ग्राम चमारों का बास, 20 मई को ग्राम कुटी, 21 मई को ग्राम तिगाडा एवं 22 मई को ग्राम मुकरपुरा में निःशुल्क एससी आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक औषधियां निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों के लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं का लाभ उनके गांव के निकट ही उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

### निकाय चुनावों की रणनीति पर चर्चा

**निवाई।** लोक जनशक्ति पार्टी किसान प्रकोष्ठ राजस्थान की समीक्षा बैठक मंगलवार को शहनाई गार्डन में आयोजित होगी। बैठक में किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी करुणेश पाण्डे, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव इन्द्रभान मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा एवं प्रदेशाध्यक्ष अशोक पारीक सहित प्रदेश के प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में राजस्थान में संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं के समन्वय एवं आगामी पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रदेश की सभी सीटों पर पार्टी प्रत्याशी उतारकर लोक जनशक्ति पार्टी के जनाधार को मजबूत करने एवं संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। कार्यक्रम के प्रभारी एवं टोंक जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी तहसील स्तर तक अपनी मजबूत पकड़ बनाएगी तथा संगठन को गांव-गांव तक सक्रिय किया जाएगा।

# टोडारायसिंह के भूतेश्वर महादेव मंदिर में स्वाभिमान पर्व पर विशेष पूजा



सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धापूर्वक हुआ।

**टोंक।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की अखंड आस्था के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धापूर्वक एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। यह आयोजन सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने तथा स्वतंत्रता पश्चात मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के

■ **सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन**

लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल, ध्वनि विस्तारक यंत्र, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। साथ ही यह कार्यक्रम टोंक जिले के टोडारायसिंह के भूतेश्वर महादेव राजकीय आत्मनिर्भर मन्दिर में भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान भगवान शिव का विशेष श्रृंगार, पूजन-अर्चन, रूद्राभिषेक एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, प्रभु बाडोलिया, निलिमा आमेरा, विष्णु शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरियां, सीईओ परशुराम धानका, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विरेन्द्र सौलकी, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबन्धक संजय जैन सहित अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागियों की सहभागिता रही तथा आयोजन उत्साहपूर्वक एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। मंदिर परिसर में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण श्रद्धालुओं को प्रदर्शित किया गया, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का प्रसारण हुआ।

### 280 बालिकाओं को मिलेगा आवासीय शिक्षा का लाभ

**पावटा।** राजस्थान देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने रविवार को विराटनगर के छीतौली में निर्माणाधीन राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान भडाणा ने कहा कि राज्य सरकार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों की छात्राओं को बेहतर शैक्षिणक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य से देवनारायण योजना के अंतर्गत आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों की बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित आवासीय वातावरण मिल सके। उन्होंने बताया कि विराटनगर में निर्माणाधीन यह राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय 280 छात्राओं की क्षमता वाला होगा ।

# समर्पण दिवस 13 को

**पावटा।** मानवता, प्रेम, विनम्रता और आध्यात्मिक जागृति के प्रतीक रहे बाबा हरदेव सिंह की पावन स्मृति में 13 मई को निरंकारी सत्संग भवन पावटा में समर्पण दिवस आयोजित किया जाएगा। वैध बनवारी लाल निरंकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें श्रद्धालु बाबा जी के जीवन, उनके संदेशों और मानव सेवा के प्रति समर्पण को याद करेंगे। कार्यक्रम के दौरान बाबा हरदेव सिंह जी के जीवन पर आधारित गीत, कविता, ग़ज़ल एवं विचार प्रस्तुत किए जाएंगे।

### प्रशिक्षण शिविर आज से

**दौसा** (निसं.)। प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार दौसा जिले का जिला प्रशिक्षण शिविर 12 व 13 मई को प्रातः9 बजे से श्याम यूनिवर्सिटी डीडवाना लालसोट में आयोजित किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी प्रेम हरितवाल ने बताया प्रशिक्षण शिविर में वर्तमान व पूर्व सांसद एवं विधायक, भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, वर्तमान एवं पूर्व जिला प्रमुख, जिला पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मोर्चा, प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री, सभापति व भाजपा के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।


**नाम परिवर्तन**

मैंने यानि HARSHIT KUMAR JAIN ने अपना नाम बदलकर HARSHIT JAIN रख लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यार्थ मुझे मेरे नए नाम से जाना व पहचाना जावे। निवास : LUHADIA BHAWAN, NEAR BICHLA JAIN MANDIR, NIWAI, TONK, RAJ.

मैं विजय कुमार तीर्थनी पुत्र श्री भुगरा मल निवासी 136, असिंद नगर, सांगानेर, जयपुर। मैंने अपना नाम विजय कुमार (VIJAY KUMAR TIRTHANI) से बदलकर विजय कुमार तीर्थनी (VIJAY KUMAR) रख लिया है। भविष्य में मुझे विजय कुमार तीर्थनी (VIJAY KUMAR TIRTHANI) के नाम से जाना जाये।

मैं, ब्रज लता गुप्ता पत्नी निताई चरण गुप्ता, निवासी 35, महाराणा प्रताप नगर, खातीपुरा, जयपुर। मैंने अपना नाम बृज लता से बदलकर ब्रज लता गुप्ता कर लिया है। भविष्य में इसी नाम से जानी जाऊँगी।


# घौंसले लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**दौसा** (निसं.)। मदर्स डे के अवसर पर देवगिरि साहित्य एवं शोध संस्थान द्वारा पक्षियों के संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर जिले में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के घौंसले बांटे एवं लगाए गए। यह अभियान संस्थान द्वारा गत वर्ष से संचालित ओ री चिरैया मुहिम के अंतर्गत चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य गौरैया सहित अन्य पक्षियों के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करना है।

संस्थान अध्यक्ष डॉ निर्मला शर्मा ने बताया कि बढ़ती गर्मी के मौसम में पक्षियों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई। इसी क्रम में आदर्श विद्या मंदिर, जयपुर रोड स्थित घुमंतू छात्रावास में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान सदस्यों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं पक्षी मित्र बनने का संदेश दिया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में मां के नाम एक घौंसला अभियान के तहत मिट्टी के घौंसले लगाए गए। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक इस अभियान में सहभागिता निभाई। संस्थान की ओर से बालकों के लिए शीतल पेय की

■ **देवगिरि साहित्य एवं शोध संस्थान द्वारा पक्षियों के संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर जिले में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के घौंसले बांटे**

व्यवस्था भी की गई। संस्थान द्वारा नीलकंठ महादेव मंदिर क्षेत्र में लगाने हेतु पांच घौंसले मंदिर समिति अध्यक्ष रोशन तिवारी को भेंट किए गए। आयोजन के अतिथि सुप्रसिद्ध नृत्य गुरू सुधाकर दवे एवं समाजसेवी श्वेता शर्मा रहीं। अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षी बचाओ अभियान की सराहना करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया तथा लोगों से प्रकृति संरक्षण हेतु आगे आने का आ ान किया। संस्थान अध्यक्ष ने बताया कि प्रकृति एवं पक्षियों के संरक्षण को समर्पित यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी और आने वाले समय में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में और अधिक घौंसले एवं परिंडे लगाए जाएंगे।

### नव नियुक्त कार्यकारिणी ने शपथ ली

**निवाई।** नला रोड पर स्थित बैरवा छात्रावास में टोंक जिला बैरवा महासभा शाखा निवाई की नवीन कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें महासभा के नवनियुक्त अध्यक्ष संजीव निरंकारी, महामंत्री ज्ञानचन्द टाटावत व कोषाध्यक्ष कैलाशनारायण बैरवा ने नवीन कार्यकारणी को पद व गोपनियता की शपथ दिलवाई। अध्यक्ष संजीव निरंकारी ने कहा कि समाज के विकास में भामाशाह भागेदारी निभाएं। समाज में बालिका शिक्षा का उत्थान हो। महामंत्री ज्ञानचन्द टाटावत ने कहा कि समाज का हर व्यक्ति समाज के विकास में भागेदारी निभाएं। समाज के विकास के लिए आगे आए। कोषाध्यक्ष कैलाशनारायण बैरवा ने कहा कि मनुष्य की पहचान उसके संस्कार एवं शिक्षा से होती है। मजबूत समाज के निर्माण के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन बनवारीलाल गिरधारीपुरा ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में छीतरमल गंगवाल, पांचूराम बैरवा, रामकरण बैरवा, केसरलाल बैरवा, डालचन्द बैरवा, सूरज बैरवा व बाबूलाल मूंडिया सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# एचपीवी वैक्सीन के प्रति बालिकाओं को जागरूक किया

**दौसा** (निसं.)। भारत विकास परिषद शाखा दौसा एवं जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालयों में महिला स्वास्थ्य जागरूकता प्रकल्प के अंतर्गत सर्वाइकल कैंसर जागरूकता एवं एचपीवी वैक्सीन के प्रति बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को आदर्श विद्या आश्रम साकेत कॉलोनी दौसा पर सुबह : 7:30 से 8:30 बजे तक शिविर लगाया जावेगा।

आई टी सेल प्रभारी गिर्राज गुप्ता पापडादा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत आज प्रियदर्शनी विद्या मंदिर, सैंथल मोड, दौसा में छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव, स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता एवं समय पर टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। विद्यालय में बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने तथा समय पर

■ **टीकाकरण के संबंध में भ्रांतियों से दूर रहते हुए, इस महत्वपूर्ण सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं व स्वस्थ, सुरक्षित भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं**

एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। चिकित्सा विभाग के डॉ. कुलदीप शर्मा ने बताया कि यह वैक्सीन निशुल्क है तथा राज्य सरकार द्वारा सभी अस्पतालों में उपलब्ध करवाई जा रही है। वहीं डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। साथ ही यह महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई कि सरकारी अस्पतालों में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए यह टीकाकरण निशुल्क उपलब्ध है। सभी बालिकाओं एवं अभिभावकों से आग्रह किया गया कि इस टीकाकरण के संबंध में भ्रांतियों से दूर रहते हुए, इस महत्वपूर्ण सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं एवं एक स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की ओर सशक्त कदम बढ़ाएं। इस अभियान में आज लगभग 60 बालिकाओं को जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया। इस जागरूकता अभियान में परिषद की ओर से प्रकल्प प्रभारी अनीता मोदी, पिंकी सकट, कृष्णा गुप्ता, नेहा मलिक, अर्चना पीलवा एवं कांता घीया, शाखा कोषाध्यक्ष मुकेश डांगरवाडा, गिरिराज गुप्ता (पूजा फुटवियर), संजय जैन एवं विनोद शर्मा उपस्थित रहे। चिकित्सा विभाग से कुश कुमार तिवाडी (हेल्थ मैनेजर), भावना कटारिया एवं शिवानी मीणा भी उपस्थित रहीं। साथ ही परिषद शाखा अध्यक्ष विष्णु देव खंडेलवाल ने बताया कि परिषद लक्ष्य प्रतिदिन 1 से 2 विद्यालयों में जाकर बालिकाओं को जागरूक करने का है। शाखा सचिव रमाकांत (राम) धोंकरिया ने बताया की सन 2011 और 2012 मैं जन्म हुई बालिकाओं में यह टीका लगाया जाएगा

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय MM.19 अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, चाकसू जयपुर महानगर प्रथम

DN 98 / 27.04.2026

रामप्रसाद विरुद्ध SBI

वाद बाबत 189/28

वाद सं. ...... सन् ....

बनाम राजेन्द्र उच्चेनिया स्व. गोपाल लाल वर्मा जाति रैगर स्थान ग्राम चंदलाई, तहसील चाकसू

ने आपके विरुद्ध.. के लिये वाद पंजीयन किया है आपका इस न्यायालय में तारीख 18 माह 05 सन् 2026 को दिन में 08:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या तिदाया आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता०. 27 माह 04 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर

अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, चाकसू जयपुर महानगर प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1789 चूंकि प्रार्थी श्री SANJAY KUMAR BANSAL, 108 DPS SCHOOL HASANPURA-A, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास DRYDAN SOCIAL WELFARE SOCIETY, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 14.05.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम


**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला अनीसा पत्नी स्व0 एहतरामुद्दीन कुरैशी नि0-1334, खेतडी हाउस रोड, चांदपोल बाहर, जयपुर का पुत्र खालिद मेरी मुवक्किला के काफी समय से कहे में नही है और मेरी मुवक्किला व परिवार के अन्य सदस्यो का भी ख्याल नही रखता है ना ही खर्चा देता है व ना ही देखभाल करता है अपनी मर्जी से गलत शौक मे पड़ गया है तथा जिस कारण मेरी मुवक्किला ने अपने पुत्र खालिद को अपनी समस्त. चल-अचल सम्पत्ति से एवं अपने परिवार व जीवन से बेदखल कर दिया है और मेरी मुवक्किला के पुत्र से सभी संबंध समाप्त कर दिये है, जो कोई व्यक्ति. मेरी मुवक्किला के पुत्र खालिद से किसी भी तरह का सव्यवहार - या संबंध करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। कृपया सूचित रहे।
दिनांक-11/5/26 (फिरोज खान) एडवोकेट मो.न.-9079499603

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य अब्दुल हमीद पुत्र मोहम्मद वशीर निवासी- मकान नं. 4021, पतंग वालो को मोहल्ला, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज जयपुर के पुत्र मोहम्मद जकी प्रोपराईटर एम.जेड. टैक्सटाईल मेरे अभिभाष्य के कहे मे नही है। वह अपना व्यापार स्वयं कर रहा है। मोहम्मद जकी व उसकी फर्म से मेरे अभिभाष्य का कोई संबंध एवं सरोकार नही है। मेरे अभिभाष्य के पुत्र मोहम्मद जकी मेरे अभिभाष्य से अलग रह रहा है। कोई भी व्यक्ति मेरे अभिभाष्य के पुत्र से लेन देन करता है तो इसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र मोहम्मद जकी प्रोपराईटर एम.जेड. टैक्साईल को अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। सूचित रहे।
जयपुर दिनांक-11/5/26 हनीश खान, एडवोकेट मो.-9314561168


**कार्यालय ग्राम पंचायत सीन्दरा**
**पंचायत समिति, निवाई जिला टोंक (राज.)**

पत्रांक-ग्रा.प.सी./2026/32 दिनांक-11/5/26

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत क्षेत्र सीन्दरा के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजना अन्तर्गत भारतीय सवैक्षय विभाग से प्राप्त ग्राम मण्डालिया का सर्वे प्रपत्र एवं मेप 2.0 को आमजन के लिए प्रदर्शित किया जाकर आपत्तिया आमंत्रित की जाती है। साथ ही उक्त प्रपत्र एवं नक्शा ग्राम पंचायत में प्रत्येक परिवार के विवरण मय भूमि नक्शा सहित सर्वजन हेतु अवलोकनार्थ उपलब्ध है। इस सर्वे प्रपत्र एवं नक्शा 2.0 में किसी भी प्रकार की आपत्ति/संशोधन हेतु आपत्तियां ग्राम पंचायत कार्यालय में 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। आबादी भूमि की सीमा अथवा नक्शे में ड्रोन सर्वे द्वारा प्रदर्शित प्रोपट्रीज की सीमा एवं नाम के संबंध में अपनी आपत्ति ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

रामबाबू शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सीन्दरा, स.निवाई (टोंक-राज.)

### युवाओं में जगा विज्ञान का जुनून

**लालसोट।** मेरा युवा भारत केंद्र दौसा एवं नोजी स्किल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में रामनगर कटला स्थित नोजी स्किल सेंटर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। वर्ष 2026 की थीम विज्ञान की एक सशक्त यात्रा रही। कार्यक्रम में युवाओं को भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों, डिजिटल इंडिया, एआई तकनीक एवं आत्मनिर्भर भारत के महत्व से अवगत कराया गया मुख्य अतिथि रविन्द्र कुमार ने कहा कि 11 मई 1998 को पोखरण परमाणु परीक्षण के माध्यम से भारत ने विश्व को अपनी वैज्ञानिक शक्ति का परिचय दिया। उन्होंने एवं . . . के योगदान को याद करते हुए वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्य वक्ता इंजीनियर शकुंतला महावर ने तकनीकी विकास पर प्रकाश डाला। कहा कि भारत विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# रुद्र महायज्ञ में पूर्णाहुति के बाद भंडारे में प्रसाद पाई

**पावटा।** क्षेत्र के पावटा कस्बा स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पर मंहत जयराम दास महाराज के सान्निध्य में आयोजित 21 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ व शिवमहापुराण कथा का समापन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ हुआ। इस भव्य आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और 21 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ में पूर्णाहुति देकर विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ मंडप में यज्ञाचार्य द्वारकेश मिश्रा के नेतृत्व में वैदिक पूजा-अर्चना के साथ यजमानों, जनप्रतिनिधियों व श्रद्धालुओं द्वारा पूर्णाहुति की गई। आम और चंदन की लकड़ियों में प्रवाहित अग्नि के जरिए हवन सामठी से यज्ञ में आहुतियां दी गई तो वातावरण सुगंधित हो उठा। इसके उपरांत भगवान श्री हरि विष्णु एवं शंकर भगवान की आरती की गई और हवन में

■ **समापन दिवस की शुरुआत वैदिक आचार्यों द्वारा विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, हवन व पूर्णाहुति से हुई**

उपस्थित समस्त धर्म प्रेमियों में प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन ने क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। नौ दिनों तक चले इस भव्य धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को शिवमय बना दिया। महायज्ञ के अंतिम दिन आयोजित विशाल भंडारा श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ठाहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। सुबह से देर शाम तक गांव की गलियां, मंदिर परिसर और भंडारा स्थल श्रद्धालुओं की भारी भीड से गुलजार रहे। हर ओर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष गूंजते रहे, जिससे पूरा समापन दिवस की शुरुआत वैदिक आचार्यों द्वारा विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, हवन व पूर्णाहुति से हुई। यज्ञ मंडप में जैसे ही पूर्णाहुति की प्रक्रिया आरंभ हुई, श्रद्धालुओं ने हाथ जोडकर भगवान भोलेनाथ और शिव परिवार से सुख-समृद्धि, शांति और परिवार की खुशहाली की कामना की। वैदिक ऋचाओं, शंखध्वनि और घंटों की अनुगूंज से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से स्पंदित हो उठा। उपस्थित श्रद्धालु भक्ति और श्रद्धा में पूरी तरह लीन दिखाई दिए। महायज्ञ के समापन के बाद आयोजित विशाल भंडारे में दूर-दराज के गांवों व शहरों से पहुंचे श्रद्धालुओं, साधु-संतों और ठामीणों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ठाहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं की इतनी भीड उमड़ी कि देर रात तक प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा। बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर आयोजन समिति व स्वयंसेवकों की टीम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ श्रद्धालुओं की सेवा में लगी रही। महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों के लिए अलग से बैठने और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी, जिससे पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्था बनी रही। महायज्ञ के दौरान नौ दिनों तक चले शिवमहापुराण कथा, प्रवचन, अष्टयाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।

### सोमनाथ स्वाभिमान दिवस मनाया

**कोटपूतली** । राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में सोमनाथ स्वाभिमान दिवस का आयोजन किया । प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने बताया कि सोमनाथ मन्दिर के इतिहास के 01 हजार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस दिवस को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया। प्राचार्य ने बताया कि सोमनाथ मन्दिर पर विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा 17 बार आक्रमण किया गया, लेकिन विदेशी आक्रांता भारत की समृद्ध संस्कृति को नष्ट करने में सफल नहीं हुये ।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**आवश्यक सूचना**

पत्र संख्याः–W/350/1 दिनांक : 11.05.2026

सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि जयपुर– गॉधीनगर के मध्य रेलवे फाटक संख्या – 219 ( इमली फाटक) KM 237/3-4 को दिनांक 12.05.2026 सुबह 8.00 बजे शाम 18.00 बजे तक ट्रैक मरम्मत कार्य हेतु पूर्णरुप से बन्द रहेगा, असुविधा के लिए खेद है ।

मंडल इन्जी.(मुख्या.) जयपुर

691-CQ/26

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें


**खोया पाया**

जेडीए योजना- कल्पना नगर, आगरा रोड़ के प्लॉट नं. ई-219 का मूल अलॉटमेंट लेटर एवं कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। कृप्या मिलने पर सूचित करें: अनिल कुमार शर्मा, 7737725628

मेरे भूखंड सं.-134 नव जीवन गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की योजना-निर्माण नगर -ई जयपुर का सोसाइटी से जारी मूल साईट प्लान एवं सोसाइटी रसीद और पंजीकृत मूल मुख्तयार नामा कही गुम हो गया है सूचित करे-सुनिता डांगी मो. 9414320000

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# संस्कृत महाविद्यालय में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया




भारत विकास परिषद् के प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल खंडेलवाल की मौजूदगी में आयुवेदिक चिकित्सा क्लिनिक का शुभारंभ किया।

**दौसा** (निसं.)। 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर सोमवार को राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय में प्राचार्य सीता राम गुर्जर के नेतृत्व में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तुति का सामूहिक पाठ, शिव मंत्र-जप, वैदिक मंगलाचरण, भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों की महिमा, सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक पुनरुत्थान तथा भारतीय संस्कृति में शिवोपासना के महत्व पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर वैदिक मंत्रोच्चार एवं शिवभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में शिवमय बना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, राष्ट्रगौरव एवं सनातन परम्पराओं के प्रति श्रद्धा, जागरूकता एवं सांस्कृतिक चेतना का संदेश प्रसारित हुआ। महाविद्यालय के उप प्राचार्य एवं ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. हंसराज शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, अपितु भारतीय संस्कृति, सनातन चेतना एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान का अमर प्रतीक है। अनेक विध्वंसों के पश्चात भी सोमनाथ का पुनरुत्थान भारतीय आत्मबल, सांस्कृतिक अस्मिता एवं अटूट आस्था का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, गंगापुर सिटी, जिला सवाई माधोपुर राजस्थान**

क्रमांकः–51–55 **आवंटन सूचना** दिनांकः–23.04.2026

कृषि उपज मण्डी समिति, गंगापुर सिटी के मुख्य मंडी प्रांगण में निर्मित 10 दुकानों हेतु द्वितीय एवं पश्चातवर्ती चरण के आवंटन की अचल सम्पत्ति आंवटन नीति 2005 के निहित प्रावधानों व यथा समय संशोधित प्रावधानों के अन्तर्गत 99 वर्षीय लीज पद्धति पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शर्तो, द्वितीय पश्चातवर्ती चरणों हेतु निर्धारित दर पर आवंटन किया जाना है। आवंटन अनुज्ञापत्रधारी व्यापारियों, अनुज्ञापत्रधारी तेल मिलों व अन्य कृषि प्रसंस्करण ईकाईयों (मण्डी प्रांगण से बाहर) जैविक खेती करने वाले अनुज्ञापत्रधारी कृषक उत्पादक संगठन/कम्पनी, कृषक वर्ग आदि जिनके लिये इस विज्ञप्ति में रिक्त दुकाने उपलब्ध है उनसे आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है। वर्गवार आवंटन योग्य रिक्त दुकानों का नीति अनुरूप आरक्षण का विवरण निम्नानुसार है।

| रिक्त दुकानों का प्रयोजन | मुख्य मंडी प्रांगण/गौण मण्डी प्रांगण | भूखण्डों की साईज व संख्या: दुकनों की संख्या | भूखण्डों की साईज व संख्या: दुकानो की साईज | अनुज्ञापत्रधारी व्यापारियों हेतु भूखण्डों/दुकानों की संख्या: अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी: सामान्य | अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी: निःशक्त | अनु.जाति: सामान्य | अनु.जाति: निःशक्त | अनु.जनजाति: सामान्य | अनु.जनजाति: निःशक्त | अनुज्ञापत्रधारी तेल मिल व अन्य जिंस प्रसंस्करण ईकाईयों | अन्य मण्डीयों के, अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी | जैविक खेती करने वाले सीधी खरीद के अनुज्ञापत्रधारी कृषक उत्पादक संगठन क0 | कृषक हेतु आरक्षित भूखण्ड संख्या: सामान्य वर्ग: सामान्य | सामान्य वर्ग: निःशक्तजन | सामान्य वर्ग: विधवा महिला | एस.सी.वर्ग: सामान्य | एस.सी.वर्ग: निःशक्तजन | एस.सी.वर्ग: विधवा महिला | एस.टी. वर्ग: सामान्य | एस.टी. वर्ग: निःशक्तजन | एस.टी. वर्ग: विधवा महिला | पंजीकृत उत्पादक संगठन/कम्पनी हेतु भूखण्डों की संख्या (FPO) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| अधिसूचित कृषि जिन्सों के क्रय-विक्रय हेतु | मुख्य मण्डी प्रांगण गंगापुर सिटी (द्वितीय व पश्चातवर्ती) | (10दुकान<br>8<br>2 | 20'.6"X 43'.3"<br>20'.6"X 60' | 5 | – | 1 | – | 1 | – | – | 1 | 1 | 1 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | |

1. आंवटन हेतु आवेदन पत्र 500/– रूपये,इस कार्यालय में जमा कराकर विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से कार्यालय समय में प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन पत्र भरकर दिनांक 03.06.2026.को दोपहर 12.00.बजे तक जमा करवाये जा सकते है।
2. आवेदन पत्र के साथ धरोहर राशि के रूप में 10000/– रूपये का डी.डी. संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो "सचिव कृषि उपज मण्डी समिति गंगापुर सिटी" के नाम देय हो बिना धरोहर राशि आवेदन पत्र मान्य नही होगा।
3. कृषक वर्ग हेतु मण्डी समिति क्षेत्र गंगापुर सिटी का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र एवं विज्ञप्ति जारी होने के कम से कम दो वित्तीय वर्ष पूर्व से न्युनतम 01 बीघा भूमि मण्डी क्षेत्र में स्वयं के नाम होने की नवीनतम जमाबंदी की नकल आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निःशक्तजन/अनु0जाति/अनु.जनजाति आवेदक को सक्षम अधिकारी/विभाग का प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
website www.agriculture.rajasthan.gov.in/mandi पर आवंटन नीति 2005 व संशोधित प्रावधानों का अवलोकन करे। आवंटन तिथि तक राज्य सरकार द्वारा किया गया कोई भी संधोधन मान्य होगा।

राज.संवाद/सी/26/2466 प्रशासक सचिव

# पेयजल किल्लत का समाधान नहीं हुआ तो फिर करूंगा आंदोलन-नरेश मीणा

**टोंक।** भगत सिंह सेना सुप्रीमो नरेश मीणा ने सोमवार को सैंकडों समर्थकों के साथ जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद नरेश मीणा व कार्यकर्ताओं ने देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में पेयजल समेत अन्य प्रमुख मांगों को लेकर कलेक्टर टीना डाबी से चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर टीना डाबी ने उन्हें सभी मांगों पर न्याय संगत समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद नरेश मीणा और उनके समर्थकों ने धरना स्थगित कर दिया। इसी मौके पर उन्होंने कहा कि सप्ताह भर में समाधान नहीं हुआ तो फिर धरना दिया जाएगा।

वार्ता के बाद नरेश मीणा ने बताया कि जिला कलेक्टर टीना डाबी से वार्ता होने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में दिया जाने वाला अनिश्चितकालीन धरना स्थगित कर दिया है। नरेश मीणा ने कहा कि कलेक्टर टीना डाबी की योग्यता और बातों पर विश्वास है। कलेक्टर ने जल्द पेयजल किल्लत की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है, इसलिए अभी धरना स्थगित कर दिया है। हालांकि अगर पेयजल किल्लत दूर नहीं हुई तो फिर आंदोलन करेंगे। नरेश मीणा ने कलेक्ट्रेट परिसर में महिलाओं समेत आमजन की समस्या जानी और उन्हें आश्वासन दिया कि अगली बार आऊंगा तो आपकी समस्या भी कलेक्टर के सामने रखने का प्रयास करूंगा।नरेश मीणा ने कहा कि टोंक जिले का दुर्भाग्य है कि जिले से पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी प्रतिनिधित्व करते हैं एवं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी टोंक जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं, उनके बावजूद जिले में पानी और बिजली की गंभीर समस्या बने रहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



किसान नेता नरेश मीणा ने पेयजल समेत अन्य प्रमुख मांगों को लेकर कलेक्टर टीना डाबी से चर्चा की।

- **कलेक्टर के आश्वासन के बाद नरेश मीणा का धरना स्थगित**

ग्रामीणों को टैंकरों से पानी मंगवाना पड रहा है तथा कई गांवों में लोग खारा और फ्लोराइडयुक्त पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि टोंक जिले में स्थित बीसलपुर बांध के कारण सैकड़ों गांव विस्थापित हुए, जबकि उसी बांध का पानी अन्य जिलों को उपलब्ध कराया जा रहा है और टोंक जिला स्वयं प्यासा बना हुआ है। नरेश मीणा को वार्ता के दौरान कलेक्टर टीना डाबी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत सरकार स्तर से बजट जारी नहीं होने के कारण कई ठेकेदारों ने कार्य रोक रखा है। इसके बावजूद जिला प्रशासन ने गर्मी को देखते हुए 60 लाख रुपये जारी कर पेयजल संकटग्रस्त गांवों में टैंकरों से पानी पहुंचाने एवं नल लगाने के कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने सात दिवस के भीतर स्थिति में सुधार लाने का आश्वासन भी दिया।

## संक्षिप्त

### विभिन्न ग्राम पंचायतों में होंगे कार्यक्रम

**दौसा,(निसं.)।** राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए चल रहे ग्राम रथ अभियान के तहत 12 मई को जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल ने बताया कि दौसा विधानसभा क्षेत्र छारेडा, बैजवाडी, कालीखाड और थूमडी में कार्यक्रम होंगे। इसी प्रकार लालसोट क्षेत्र में अमराबाद, बिडोली, निजामपुरा और कंवरपुरा में आयोजन किया जाएगा। बांदीकुई क्षेत्र में धान्धोलाई और रलावता में कार्यक्रम होंगे। इसी तरह सिकराय क्षेत्र में झापडवास, सराय, नांगल चांपा और गोठडा में जनजागरुकता गतिविधियां आयोजित होंगी। महवा क्षेत्र में गहनौली, सांथा, बरीतकी और खौंचपुरी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में ठााम पंचायत भवन, आईटी केंद्र एवं सार्वजनिक स्थलों पर आमजन को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान कला-जत्था कलाकारों द्वारा गीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

### आरजीएचएस सुविधा में सुधार की मांग

**फुलेरा।** पेंशनर समाज फुलेरा की मासिक बैठक गणगौरी बाजार स्थित रामद्वारा में समाज के उपाध्यक्ष विमल कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए आरजीएचएस योजना में सुधार की मांग उठाई गई। उपस्थित सदस्यों ने सरकार से पेंशनरों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस सुविधा को और प्रभावी बनाने की मांग की। बैठक में प्रदेश एवं जिला नेतृत्व से प्राप्त निर्देशों की पालना पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यालय मंत्री राम प्रसाद नारनोलिया ने किया। बैठक में भंवर लाल कुमावत, रमेश चंद गोठवाल, नीरज कुमार तिवाडी, मोहन लाल कुम्हार, नाथू लाल महावर, कैलाश चंद सोनी, सूंडा राम बलाई, हनुमान सिंह पनिहार, रामावतार गुप्ता, जगदीश प्रसाद कायथ, कन्हैया लाल कुम्हार, रामजी लाल, प्रताप सिंह, भंवर कुमावत, पुरुषोत्तम शर्मा सहित अनेक पेंशनर उपस्थित रहे। बैठक के अंत में महामंत्री भंवर लाल कुमावत ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी से भरे 3 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। थानाधिकारी प्रो. कुसुम ने बताया कि अवैध बजरी खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन लाल भार्गव व पीपलू डीवाईएसपी रामअवतार के निर्देशन में पुलिस की गठित टीम ने गश्त के दौरान गांव बहड के कच्चे रास्ते से अवैध बजरी से भरे हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। कार्यवाही के दौरान प्रत्येक ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगभग 8-8 टन अवैध बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने बजरी से भरे 3 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पुलिस थाने में सुरक्षार्थ खड़ा करवा दिया है।

## संत प्रवचन कार्यक्रम में भक्त उमड़े

**राजगढ़ ।** नगर पालिका क्षेत्र के थाना राजाजी में आयोजित संत प्रवचन कार्यक्रम में पांचवें दिन भारी संख्या में जन सैलाब उमड़ा। आचार्य बैरागी सड़क महाराज ने कहा कि समर्पण के बिना भक्ति मार्ग संभव नहीं है। भक्ति मार्ग पर चलने के लिए व्यक्ति को निर्मल मन के साथ सहज भाव प्राप्त करना होता है। निष्काम कर्म एवं सहज भाव के साथ की गई भक्ति एवं स्तुति से ईश्वर प्रसन्न होते हैं। स्वामी जी ने कई दृष्टांत देकर बड़ी सरल भाषा में भक्तों को भक्ति के मार्ग पर चलने के गुर सिखाएं । इस दौरान आयोजित भजन सत्संग कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला पुरुषों ने पुरुषों ने सत्संग का लाभ उठाया। इस दौरान संतों ने कहा कि सत्संग सुनने का मौका भाग्यशाली को मिलता है। इस अवसर का सभी लाभ उठाएं । प्रवचन कार्यक्रम मे टोंक जिले के शेषानंद गिरी महाराज ने भी अपने प्रवचन में वेदांत के अलावा भक्ति मार्ग पर चलने की सरल विधि समझाई । इससे पूर्व योग गुरु बाबा रामदेव के पूज्य गुरु आचार्य डॉ प्रद्युम्नः जी महाराज ने सोमवार प्रातः स्वाध्याय के माध्यम से दो प्रातः सात से नौ बजे भक्तों को विवेक चूड़ामणि विषय को सरल भाषा में समझाया और सभी जिज्ञासुओ की शंकाओं का समाधान भी किया।

# रास्ता विवाद, शव लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

- **दौसा जिले के सिकराय उपखण्ड में एक हृदय विदारक घटना हुई, श्मशान जाने का रास्ता बंद होने पर मृतक के परिजन शव को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंच गये। इधर शव का देखकर पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारियों में हडकम्प मच गया तथा सिकराय उपखण्ड अधिकारी नवनीत कुमार ने ग्रामीणों से समझाईश कर मामला शांत कराया**

**दौसा** (निसं.)। दौसा जिले के सिकराय उपखण्ड में एक हृदय विदारक घटना हुई, श्मशान जाने का रास्ता बंद होने पर मृतक के परिजन शव को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंच गये। इधर शव का देखकर पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारियों में हडकम्प मच गया तथा सिकराय उपखण्ड अधिकारी नवनीत कुमार ने ग्रामीणों से समझाईश कर मामला शांत कराया।

कालवान गांव स्थित प्रजापतों की ढाणी निवासी सचिन प्रजापत ने बताया कि ताऊ गिरिराज प्रजापत (60) निवासी प्रजापतों की ढाणी की रविवार को दौसा में करंट का झटका लगने से मौत हो गई। सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर श्मशान घाट के लिए रवाना हुए, लेकिन रास्ता बंद मिलने से वे श्मशान स्थल तक नहीं पहुंचे सके। इसके कारण अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका।

इससे गुस्साए परिजन और ग्रामीण शव को एंबुलेंस में रखकर करीब 3 बजे सिकराय एसडीएम ऑफिस पहुंच गए और धरना देकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है।

इधर उक्त घटना के बाद पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारियों में हडकम्प मच गया। उधर एसडीएम नवनीत कुमार के निर्देश पर मानपुर थाना इंचार्ज और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और रास्ता खुलवाया। इसके बाद जेसीबी से अतिक्रमण हटाकर पुलिस के पहरे में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू करवाई। थानाधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि रास्ते का विवाद हाईकोर्ट में विचाराधीन है। ऐसे में दूसरे पक्ष से समझाइश के बाद रास्ता खुलवा दिया गया है। फिलहाल मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। वही दूसरी ओर ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि मामले का जल्द स्थाई समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन करेंगे। एसडीएम नवनीत कुमार ने ग्रामीणों से समझाइश की।

एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार हेमेंद्र और मानपुर थाना इंचार्ज सतीश कुमार मौके पर पहुंचे और समझाइश के बाद रास्ते में पड़े अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया गया। इसके बाद अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू की जा सकी।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया

**निवाई।** उच्च शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार व कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में नोडल महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल के अध्यक्षता में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र भक्ति सांस्कृतिक चेतना व भारतीय विरासत के प्रति सम्मान एवं जागरूकता का संवर्धन करना है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रूपा चौधरी ने बताया कि पर्व पर महाविद्यालय में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक आचार्य राजेश कुमार मीणा ने सोमनाथ मंदिर की गौरव गाथा व इतिहास पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम के दौरान दोनों महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सोमनाथ मंदिर की गौरव गाथा पर एक लघु फिल्म दिखाई गई। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक डॉक्टर सीएल मीना ने अपनी संस्कृति एवं विरासत के प्रति आस्था और श्रद्धा भाव बनाए रखने पर जोर दिया।

## सार-समाचार

### भजनों से भक्तिमय बना वातावरण

**कोटपूतली ।** विराटनगर स्थित श्री पंचखंड पीठ के प्राचीन पांडेश्वर महादेव एकादश रुद्र शिव मंदिर में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम श्री पंचखंड पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी सोमेंद्र महाराज एवं टोरडा धाम के मंगलदास महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित हुआ। कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान के तहत राजस्थान देवस्थान विभाग एवं कला साहित्य संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के प्रमुख शिवालयों में इस पर्व का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमनाथ मंदिर की गौरवशाली सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाना है। इसी क्रम में कोटपूतली-बहरोड़ जिला स्तरीय कार्यक्रम विराटनगर के श्री पंचखंड पीठ में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। पावन धाम सेवा समिति के सचिव प्रतीक शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान श्री पंचखंड पीठ लोकमंगल न्यास की ओर से पंडित बलराम शर्मा एवं शिव कुमार के आचार्यत्व में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवार्चना एवं रुद्राभिषेक किया गया तथा विश्व कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर महामृत्युंजय मंत्र जाप का शुभारंभ किया गया और सोमनाथ भगवान एवं भगवान शिव की महिमा से जुड़े भजनों ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भगवान शिव का अभिषेक एवं आरती कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचखंड पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी सोमेंद्र महाराज ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसकी गौरवगाथा से श्रद्धालुओं को अवगत कराया। वहीं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सोमनाथ मंदिर में आयोजित मुख्य शिखर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय, देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त महेंद्र देवतवाल, तहसीलदार लालाराम यादव, वरिष्ठ सहायक प्रवीण शर्मा, समाजसेवी लालचंद शर्मा, सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता विद्युत विभाग सिविल ललित मिश्रा, सुनीता मिश्रा, जनप्रतिनिधि विकास शर्मा, मामराज सोलंकी, दीपेश चौबे, देशराज वर्मा, नवीन मीणा, गणपत लाल शर्मा, गिरिराज जांगिड, राजकुमार शर्मा, संजय पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

### स्वाभिमान पर्व में उमड़ा आस्था का सैलाब

**निवाई।** पुनर्निर्मित श्री सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत मायला बाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विधायक रामसहाय वर्मा के सानिध्य में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को लेकर मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप इसरानी, शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा, उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा व तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर सहित कई जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव की आराधना करते हुए शिवजी का अभिषेक करके क्षेत्र की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि सोमनाथ मंदिर मात्र एक देवालय नहीं है बल्कि भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण व देश की अटूट जिजीविषा का जीवंत प्रमाण है। इसके पुनर्निर्माण के 75 गौरवशाली वर्ष हमारी उस संकल्प शक्ति का प्रतीक हैं, जिसने हर संघर्ष को मात देकर राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान को पुनर्स्थापित किया। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस पर्व के माध्यम से नई पीढ़ी को सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास व संघर्ष से अवगत कराने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, विकास अधिकारी नन्दकिशोर शर्मा, डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार जाट, प्रमुख उद्योगपति ओमप्रकाश गुप्ता, पार्षद रामबिलास बलाई, लछमण खटाना, विनोद साखला, हेमराज शर्मा, नरेश कसाना, घनश्याम शर्मा, सत्यनारायण जायसवाल, ब्रजेश पंडा, धर्मेंद्र साहू, जितेन्द्र धारवाल व राकेश खारोल सहित कई कार्यकर्ता व कर्मचारी मौजूद थे।

### मोबाइल छीनने का मुख्य आरोपी पकड़ा

**निवाई।** स्थानीय पुलिस ने दुकान में घुसकर मारपीट करने व मोबाइल छीनने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि अरोपियों के धर पकड़ अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए पुलिस ने संग्रामपुरा निवासी रामप्रसाद पुत्र रामअवतार को गिरफ्तार किया है, जो कि पुलिस थाने का टॉप-10 अपराधी भी है। आरोपी रामप्रसाद शर्मा 30 मार्च 2026 को संठाामपुरा चौराहा पर स्थित एक दुकान में घुसकर दुकान मालिक व उसके परिजनों के साथ मारपीट करने व मोबाइल छीनने की घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। पुलिस ने इस प्रकरण में पहले ही आरोपी रामप्रसाद मीना, मेघराज मीना व सुरेंद्र कुमार मीना को गिरफ्तार कर 7 मई को न्यायालय में पेश कर चुकी है, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। इस कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक आत्माराम, कॉन्स्टेबल सुनील सिंह व सांवरमल की मुख्य भूमिका रही है। पुलिस आरोपी से मामले को लेकर गहनता से पूछताछ कर रही है।

### प्रायोगिक परीक्षाएं कल से

**निवाई।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में बीए प्रथम, द्वितीय व तृतीय के सेमेस्टर प्रथम, तृतीय व पंचम की भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षाएं 13 से 16 तक आयोजित होंगी। प्राचार्य डॉ प्रीती जैन ने बताया कि सभी छात्राओं को प्रायोगिक परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है। उपस्थित नहीं होने पर दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा।

# शिविर में नशा मुक्ति अभियान की जानकारी दी

- **विधिक जागरूकता शिविर आयोजित**

**शाहपुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर जिला अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय पीपलोद में विधिक जागरूकता शिविर आदिवासी जाति जनजाति अधिनियम अनुसुचित जाति, जनजाति अधिनियम 2016, अत्याचार निवारण )एवं साईबर क्राईम से बचाव, बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं नशा मुक्ति अभियान पर विधिक जागरूकता पर शिविर आयोजन किया।

इस शिविर की अध्यक्षता प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार सैनी द्वारा की गई। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम अत्याचार पीड़ितों के पुनर्वास एवं उनकी सुरक्षा एवं उनको विधिक कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए संशोधित किया गया है। पहाडी क्षेत्रों के आदिवासियों के रोजगार चिकित्सा, सुविधाएं, उन्हें जीविकोपार्जन के लिए बैंकों द्वारा सब्सिडी योजनाओं के तहत सरकारी सहायता का लाभ दिलाया जा सके। आज नशामुक्त अभियान के तहत सरकारी स्कूलों, कॉलेज के विद्यार्थियों को विदेशी साजिश के तहत उन्हें ड्रग्स रैकेट चलाने वाले माफियाओं के द्वारा प्रलोभनों के जरिये षड्यंत्र रचा जा रहा है। शास्त्रों में कहा गया है कि किसी परिवार को नष्ट करने के लिए उनकी संतानें को पथभ्रष्ट करो, वह परिवार स्वयं ही विघटन की और चला जायेगा ।ठीक यही प्रणाली हमारी भविष्य के कर्णधारों को नशा ड्रग,एवं अन्य नशीले पदार्थ के सेवन से उन्हें चेतना विहिन बनाकर युवाओं को अपराध जगत से जोडने का कुषंडयंत्र चलाया जा रहा है।

इसकी सूचना तत्वरित पुलिस विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर 1090, 112, फोन करें। या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्पलाइन नंबर 15100 पर सुचित करें। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि साईबर क्राईम से बचने के लिए किसी भी अनजान व्यक्तियों को अपना मोबाइल फोन नम्बर, ईमेल आईडी नहीं देना चाहिए।

## 220 ग्राम अवैध अफीम सहित दो तस्कर पकड़े

- **फुलेरा कस्बे में संदिग्ध वाहनों की नाकाबंदी एवं चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक मारुति सुजुकी ऑल्टो कार को रुकवाया।तब मामले का खुलासा हुआ**

**फुलेरा।** जयपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटी वेनम 3.0 अभियान के तहत फुलेरा थाना पुलिस ने बडी कार्रवाई करते हुए 220 ग्राम अवैध गीली अफीम बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक ऑल्टो कार भी जब्त की है।

फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि जयपुर पुलिस रेंज के निर्देश पर जिलेभर में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। रविवार 10 मई को फुलेरा कस्बे में रामलीला मैदान के पास संदिग्ध वाहनों की नाकाबंदी एवं चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक मारुति सुजुकी ऑल्टो कार को रुकवाया। पुलिस को देखकर कार सवार भागने का प्रयास करने लगे। तलाशी लेने पर कार की डिग्गी में रखे प्लास्टिक के डिब्बे से 220 ग्राम अवैध गीली अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी राकेश (40) निवासी बिचून थाना मोखमपुरा तथा राकेश (20) निवासी धांधोली थाना दूदू को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# खैरथल में जिला सचिवालय पर हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**खैरथल।** जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जया सिंह, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी ओमप्रकाश किराड, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, संयुक्त निदेशक वीरेंद्र त्यागी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट, समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, सहायक निदेशक वेद प्रकाश सैनी, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी उपखंड अधिकारियों एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण 30 दिन से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए तथा सभी प्रकरणों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े अधिकारियों को जनगणना के तहत सेल्फ एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल जनगणना को सफल बनाने के लिए आमजन एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। जिला कलेक्टर ने लंबित पेंशन सत्यापन प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर पात्र लाभार्थियों को समय पर पेंशन का लाभ देने के निर्देश दिए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि कंटीजेंसी कार्य जो अब तक लंबित हैं, उन्हें एक सप्ताह में पूर्ण कर आमजन को लाभान्वित किया जाए।

बैठक में सभी उपखंड अधिकारी को विकसित वार्ड अभियान के तहत तैयार कार्य योजनाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को स्कूलों में आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) टैबलेट वितरण एवं एचपीवी वैक्सीन अभियान की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आईएफए टैबलेट वितरण की सूचना शाला दर्पण पोर्टल पर दर्ज की जाए तथा 14 वर्षीय बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने हेतु आवश्यक जागरूकता अभियान चलाया जाए।

जिला कलेक्टर ने धरती माता अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने तथा स्कूलों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को स्कूल प्रशासन द्वारा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इंटीठोटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति बढ़ाने एवं अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने के निर्देश भी दिए। बैठक में खिजूरीवास टोल शिफ्टिंग कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए जिला कलेक्टर ने पुलिस विभाग को आईआरईडी पोर्टल पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित विभागों को अठोषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की विभिन्न बजट घोषणाओं की समीक्षा कर सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर जोर दिया। नगर परिषद खैरथल को शहर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत कर उन्हें सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए।

## स्काउट गाइड का परिंडा अभियान

**लालसोट।** भीषण गर्मी में प्यास से बेहाल पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ लालसोट द्वारा चलाया जा रहा परिंडा अभियान अब संजीवनी अभियान बनता जा रहा है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीड़ोली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आत्मानंद सोनी ने कहा कि तपती गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना मानवता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट क्लाइमेट कॉर्डिनेटर एवं व्याख्याता महेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि स्थानीय संघ लालसोट द्वारा परिंडा भरो अभियान के माध्यम से मूक पक्षियों के लिए निरंतर सेवा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मिशन लाइफ प्रोजेक्ट के तहत यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन की भावना को मजबूत कर रहा है। साथ ही स्थानीय संघ लालसोट द्वारा क्लाइमेट चेंज प्रोजेक्ट का भी सफल संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्काउट यूनिट लीडर रामसहाय मीणा, गाइड यूनिट लीडर किरण शर्मा, स्काउट मोनू मीणा, रामलखन मीणा, रामावतार मीणा एवं सत्यनारायण शर्मा उपस्थित रहे। इसी क्रम में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय डिडवाना में प्रधानाचार्या सोनिया व्यास के नेतृत्व में भी परिंडा अभियान आयोजित किया गया।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम में गूंजे भक्ति, राष्ट्रभक्ति के स्वर

**दौसा** (निसं.)। 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व : अखंड आस्था के 1000 वर्ष' के अवसर पर सोमवार को यहां सोमनाथ महादेव मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम गुजरात के सोमनाथ मंदिर में आयोजित मुख्य समारोह से लाइव जुडा रहा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मीन भगवान मंदिर से सोमनाथ मंदिर तक निकाली गई कलश यात्रा से हुई।

यात्रा में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भक्ति गीतों पर नृत्य किया और वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद भजन एवं संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें कलाकारों ने बाबा दानी जय हो भोला दानी..., बाबा तेरे चरणों की... जैसे भजन प्रस्तुत किए। श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इसके बाद अतिथियों ने भगवान सोमनाथ की पूजा-अर्चना की तथा भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया गया। अतिथियों ने युवाओं और आमजन से भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सुरक्षित रखने का आव्हान किया। राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय के उप प्राचार्य एवं ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. हंसराज शर्मा ने रुद्राभिषेक, पूजा-अर्चना एवं विशेष शिव आराधना कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए भगवान शिव का विधिवत अभिषेक एवं पूजन किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद शर्मा ने सोमनाथ मंदिर के इतिहास और भारतीय संस्कृति में उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारतीय स्वाभिमान, साहस और पुनर्निर्माण का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि यह पर्व लोगों को अपनी संस्कृति और विरासत से जुडने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर नगर परिषद की पूर्व सभापति कल्पना जैमन, जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रेला, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल, उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान यशवंत मीणा, सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जैमन, विपिन जैन, लायंस क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष मनोहर लाल गुप्ता, महामंत्री राजेश पारीक, नगर परिषद अधिशासी अभियंता केसी मीणा, तहसीलदार गजानंद मीणा, देवस्थान विभाग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी मुकेश, विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. विकास, कृतिका चंदेल, महेंद्र शर्मा सहित ट्रस्ट सदस्य, महिलाएं, स्काउट्स और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक स्वीप डॉ. रामवीर चौधरी ने किया।



सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर कलश यात्रा निकाली गई।



आप आखिर मुझसे क्या चाहते हैं। क्या मैं संन्यास लेकर परे हो जाऊं। हार मान लूं। ताकि मेरे खिलाफ उनकी साजिश कामयाब हो जाये।''

– विनेश फोगाट

भारतीय पहलवान, भारतीय कुश्ती महासंघ से विवाद को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** एंडी फ्लावर



आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर का व्यवहार विवादों में आ गया, जिसके बाद आईपीएल प्रशासन ने उन पर कार्रवाई की है। मैच के 18वें ओवर के दौरान एंडी फ्लावर चौथे अंपायर के साथ तीखी बहस करते नजर आए थे। आरोप है कि उन्होंने बहस के दौरान अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया कि फ्लावर ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन किया हैं, जो मैच के दौरान अनुचित भाषा के इस्तेमाल से जुड़ा हुआ हैं। यह लेवल-1 का अपराध माना गया हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** 1950 विश्व कप: भारत ने क्वालीफाई किया था, लेकिन भाग नहीं लिया (कथित तौर पर नंगे पैर खेलने पर प्रतिबंध के कारण, हालांकि यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है)।

## पंजाब किंग्स की आईपीएल 2026 में लगातार चौथी हार

# जीत के साथ प्लेऑफ की रेस में बरकरार दिल्ली कैपिटल्स

धर्मशाला, 11 मई। डेविड मिलर और आशुतोष शर्मा की तूफानी पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेले गए आईपीएल–2026 के मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया। ये मैच पंजाब के हाथ में था जो मिलर और आशुतोष की पारियों ने छीन लिया और इसी के साथ पंजाब के हाथ से नंबर–1 बनने का मौका भी चला गया।



पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 59) और प्रियांश आर्या (56) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर पांच विकेट खोकर 210 रन बनाए। दिल्ली की टीम ने 19 ओवरों में सात विकेट खोकर ये टारगेट हासिल कर लिया। ये पंजाब की लगातार चौथी हार है। पावरप्ले में दिखी कमजोर दिल्ली

दिल्ली को तेज शुरुआत की जरूरत थी जिसके लिए उसे पावरप्ले का फायदा उठाना था, लेकिन मेहमान टीम ये काम नहीं कर सकी। छह ओवरों के बाद उसका स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 47 रन था। दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर यश ठाकुर ने अभिषेक पोरेल को बोल्ड कर दिया। पोरेल ने पांच रन बनाए। अगले ओवर की तीसरी गेंद पर मार्को यानसेन ने अर्शदीप सिंह की गेंद पर शानदार कैच लेकर केएल राहुल को भी पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने नौ रन बनाए। अर्शदीप ने फिर साहिल परख को भी अपना शिकार बनाया। साहिल पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर 13 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल और ट्रिस्टन स्टब्स की जोड़ी के बीच एक साझेदारी होती दिख रही थी। लेकिन दोनों के बीच हुई कन्फ्यूजन और कूपर कोनोली की सीधी थ्रो ने स्टब्स की पारी का अंत कर इस साझेदारी को तोड़ा। स्टब्स ने 17 गेंदों पर 12 रन बनाए।

### अक्षर को मिला मिलर का साथ

स्टब्स के आउट होने के बाद अक्षर को तूफानी बल्लेबाज डेविड मिलर का साथ मिला। इन दोनों ने मिलकर दिल्ली को मैच में वापस लाने की पूरी कोशिश की और सफल भी रहे। दोनों ही बल्लेबाज लगातार बड़े शॉट्स मार रहे थे और पंजाब के गेंदबाजों पर दवाब बना रहे थे। 14वें ओवर की चौथी गेंद पर अक्षर ने चौका मारा और अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसी ओवर की आखिरी गेंद पर अक्षर एक और बड़ा शॉट खेलने के कारण आउट हो गए। उन्होंने 30 गेंदों पर आठ चौके और दो छक्कों की मदद से 56 रन बनाए। अक्षर और मिलर के बीच 64 रनों की साझेदारी हुई।

### आशुतोष का कमाल

आशुतोष ने 18वें ओवर में एक छक्का और एक चौका मारा। इसी ओवर में माधव तिवारी ने एक छक्का मार मैच को दिल्ली की तरफ मोड़ दिया। मार्कस स्टोइनिस द्वारा फेंके गए इस ओवर में कुल 19 रन आए। यहां से दिल्ली को 12 गेंदों पर 17 रनों की जरूरत थी। आशुतोष 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हो गए, लेकिन वह अपना काम कर गए थे। दाएं हाथ का ये बल्लेबाज जब आउट हुआ तो दिल्ली को जीत के लिए सात गेंदों पर छह रनों की जरूरत थी। आशुतोष ने 10 गेंदों पर 24 रन बनाए जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल रहे। आकिब नबी ने छक्का मार दिल्ली को जीत दिलाई।

## आईसीसी की नई पुरुष वनडे टीम रैंकिंग में भारत का दबदबा, बादशाहत बरकरार



नई दिल्ली, 11 मई। आईसीसी पुरुष वनडे टीम रैंकिंग के नवीनतम वार्षिक अपडेट के बाद भारत शीर्ष पर बना हुआ है। दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड (113 अंक) से भारत ने मामूली पांच अंकों की बढ़त बना ली है, जबकि ऑस्ट्रेलिया (109 अंक) तीसरे स्थान पर बरकरार है और शीर्ष तीन में शामिल है। भारत की रैंकिंग में एक अंक की मामूली गिरावट आई है और अब उसके पास 118 अंक हैं। वार्षिक रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मैचों को पूरा भार (100 प्रतिशत) दिया जाता है, जबकि पिछले दो वर्षों के परिणामों को आधा भार (50 प्रतिशत) दिया जाता है। 102 अंकों के साथ भारत ने पाकिस्तान को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष चार में जगह बना ली है। शीर्ष 10 में शेष टीमें अपरिवर्तित हैं, जिनमें श्रीलंका (96), अफगानिस्तान (93) और इंग्लैंड (89) शीर्ष आठ में शामिल हैं। बांग्लादेश 84 अंकों के साथ नौवें स्थान पर है, जबकि वेस्ट इंडीज 74 अंकों के साथ टाइगर्स से 10 अंक पीछे है, जबकि पिछले अपडेट में यह अंतर छह अंक था। इस परिणाम का दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण प्रभाव है, क्योंकि वे आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 के लिए सीधे क्वालीफाई करने का प्रयास कर रही हैं। 31 मार्च, 2027 तक आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष आठ टीमें मेजबान दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के साथ सीधे क्वालीफाई कर लेंगी, जिन्हें स्वतः ही क्वालीफाई मिल चुका है। इस संदर्भ में, यदि दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट के लिए स्वतः क्वालीफाई होने के कारण शीर्ष आठ स्थानों पर बना रहता है, तो नौवां स्थान सीधे विश्व कप टिकट के लिए महत्वपूर्ण हो जाएगा। इस बीच, आयरलैंड (54) जिम्बाब्वे (53) को पछाड़कर 11वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि अमेरिका 46 अंकों के साथ स्कॉटलैंड को पीछे छोड़ते हुए 13वें स्थान पर आ गया है, जबकि स्कॉटलैंड के 44 अंक हैं। यूएई ने भी बढ़त हासिल करते हुए कनाडा को 16 अंकों से पीछे छोड़ते हुए 19वें स्थान पर पहुंच गया है।

## बंगाल टी-20 लीग में मोहम्मद शमी की एंट्री



कोलकाता, 11 मई। बंगाल टी20 लीग के आगामी सत्र के लिए हाल ही में हुए पुरुष खिलाड़ियों की नीलामी में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अपनी टीम में शामिल कर बड़ा दांव खेला है। इसके साथ ही टीम ने अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलित संयोजन तैयार करते हुए अपनी पूरी टीम को अंतिम रूप दे दिया है। नीलामी में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने ऑलराउंडर करण लाल को भी अपनी टीम में शामिल किया। फ्रेंचाइजी ने घरेलू क्रिकेट के कई प्रमुख खिलाड़ियों के लिए जोरदार बोली लगाई और मजबूत टीम बनाने पर फोकस रखा। मोहम्मद शमी के अलावा बंगाल के तेज गेंदबाज ईशान पोरेल को भी टीम में जगह मिली है। वहीं भारत और बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप एक बार फिर टीम का हिस्सा बने हैं। वह पहले सत्र से ही इस फ्रेंचाइजी के साथ जुड़े हुए हैं। सर्वोटेक स्पोर्ट्स के निदेशक ऋषभ भाटिया ने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, हम नीलामी में अपनी रणनीति से बेहद संतुष्ट हैं। हमारा लक्ष्य ऐसी मजबूत और संतुलित टीम तैयार करना था, जिसमें अनुभव, शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी और युवा प्रतिभाएं शामिल हों। मोहम्मद शमी, करण लाल और ईशान पोरेल जैसे खिलाड़ियों के आने से टीम को काफी मजबूती मिली है।

## ज्योतिबा फूले क्लब ने आरसीसी को 109 रन से हराया, वशिष्ठ का शतक



जयपुर, 11 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज खेले गए पूल बी के मैच में ज्योति बा फूले क्लब ने आर सी सी को 109 रनो से हराया। जी आर ग्राउंड पर ज्योति बा फूले क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सुमित मीणा के 33 रन, गुरुवंश निर्वाण के 38 रन, मीत राहुल प्रकाश के 32 रन, वशिष्ठ शर्मा के 119 रन व नयन माली के 28 रनो से 50 ओवर में 7 विकेट पर 321 रन बनाए। आर सी सी के लिए अमन तिरुपानी ने 45 पर 3, अर्णव ने 64 पर 2, पराक्रम सिंह व प्रणव चौधरी ने एक – एक विकेट लिया। जवाबी पारी में आर सी सी की टीम ध्रुव वशिष्ठ के 59 रन, पराक्रम सिंह के 57 रन, अमन तिरुपानी के 22 रन से 40.2 ओवर में 212 रन बनाकर आउट हो गई। ज्योति बा फूले क्लब के लिए प्रत्यूष चौधरी ने 30 पर 3, मीत राहुल प्रकाश ने 31 पर 3, चर्चित निर्वाण ने 27 पर 2 विकेट लिए।

## आर्यन स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 11 मई। अंडर–16 समर कप में आर्यन स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36.1 ओवर में 235 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं! सनी ने 54, अंकित शर्मा ने 25 और इंद्रजीत गोरा ने 23 रनों का योगदान दिया। क्रिकेट अकादमी की ओर से अपूर्व ने 3, सिद्धांत और प्रीतम सैनी ने 2–2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरआरे क्रिकेट अकादमी 34 ओवर में 135 रन पर ऑल आउट हो गई। सिद्धांत ने 33 और प्रीतम सैनी ने 32 रनों का योगदान दिया। आर्यन स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से विहान अग्रवाल ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच सनी को चुना गया।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

जयपुर, 11 मई। मालवीय नगर स्थित स्कूल में इंटर हाउस कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों के लिए बैडमिंटन टूर्नामेंट का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन और अद्भुत ऊर्जा का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य ऋत्विज गौड़ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि –जीत केवल ट्रॉफी पाने का नाम नहीं, बल्कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम होती हैं। मीडिया कोऑर्डिनेटर रेनू शब्दमुखर ने बताया प्रतियोगिता के दौरान चारों हाउस के खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। छात्रा वर्ग का फाइनल मुकाबला सोक्रेट्स हॉउस और गाँधी हाउस के बीच खेला गया, जबकि छात्र वर्ग का फाइनल मुकाबला सोक्रेट्स हाउस और ज़ोरोस्टर हाउस के मध्य हुआ। स्पोर्ट्स डिपार्मेंट से विपुल और प्रियल ने बताया कि प्रतियोगिता के चारों हाउस में से उत्कृष्ट प्रदर्शन व अंकों के आधार पर सोक्रेट्स हाउस ने प्रतियोगिता का विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

## पीबीकेएस और आरसीबी के साथ फाइनलिस्ट के रूप में समर्थन : सुनील गावस्कर



नई दिल्ली, 11 मई। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के मैच से पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि वह अब भी पीबीकेएस को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सीजन में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ फाइनलिस्ट के रूप में समर्थन देते हैं।

पीबीकेएस, जो सीजन के मध्य में लगातार तीन हार के साथ खराब फॉर्म से जूझ रही है, को संघर्षरत कैपिटल्स के रूप में एक आसान प्रतिद्वंद्वी मिल सकता है, जिसने अब तक 11 मैचों में सात हार का सामना किया है। घर पर लगातार पांच हार के बाद, धर्मशाला का मैदान उनके लिए राहत की सांस साबित हो सकता है, लेकिन दूसरी ओर आक्रामक फॉर्म में चल रही पीबीकेएस एक बार फिर दबदबा कायम करने की कोशिश में जुटी है। स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर बोलते हुए गावस्कर ने कहा कि पीबीकेएस के मामले में, दो हार वास्तव में टीम को फिर से संभलने और आत्मसंतुष्टि से बचने में मदद कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पीबीकेएस इस मैच के महत्व को समझेगी और एक और हार नहीं चाहेगी जिससे आत्मसंतुष्टि पैदा हो।

उन्होंने कहा कि मैं अब भी पंजाब किंग्स का समर्थन करूंगा। कभी–कभी, दो हार टीम को फिर से संभलने और आत्मविश्वास की कमी से बचने में मदद कर सकती हैं। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स ने ऐसे मैच हारे हैं जो उन्हें जीतने चाहिए थे, और यह इस सीज़न में उनके लिए एक लगातार समस्या रही है। पंजाब को पता है कि टूर्नामेंट का यह चरण कितना महत्वपूर्ण है, और वे एक और हार से आत्मविश्वास में कमी नहीं आने देना चाहेंगे। मैं अब भी पंजाब किंग्स और आरसीबी को इस सीज़न के लिए अपने अंतिम दावेदार मानता हूं।

## टीम निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही : जयवर्धने



नई दिल्ली, 11 मई। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से दो विकेट से मिली हार के बाद टीम के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ की दौड़से बाहर होने के बाद स्वीकार किया कि उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा। मुंबई इंडियंस की यह 11 मैच में आठवीं हार थी जिससे पता चलता है कि उसकी टीम निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही। जयवर्धने ने मैच के बाद कहा, ''यह सत्र निराशाजनक रहा। हमें मौके मिले लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा पाए। हमारे प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा। हम बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे हमें हार का सामना करना पड़ा।'' मुंबई को आरसीबी के खिलाफ अंतिम ओवर में 15 रन का बचाव करना था लेकिन उसके ऑलराउंडर राज अंगद बावा ऐसा करने में नाकाम रहे।

## ई-टिकट एंट्री ने बढ़ाई दर्शकों की दिक्कतें, गेट के बाहर लगी रही लंबी लाइनें

धर्मशाला, 11 मई। एचपीसीए के धर्मशाला स्टेडियम में पंजाब किंग्स व दिल्ली केपिटल्स के मैच में ई–टिकट से एंट्री को लेकर दर्शकों को खूब परेशानियों का सामना करना पड़ा है। इस सिस्टम से दर्शकों की लाइनों में लंबी–लंबी कतारें लगने के बाद हुजूम हर गेट की ओर दौड़पड़ा। इसके बाद गेट नंबर दो में डाइट गेट से लेकर बीएड कॉलेज गेट तक कतारें लग गई। हालांकि इस बार महिलाओं व बच्चों के लिए अलग लाइन लगाकर प्रवेश करवाया गया। जबकि अधिकतर युवाओं व परिवार के साथ आए लोग टिकट एक फोन में होने पर साथ ही जाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। जिससे कतारों की बजाय गेट में जैम पैक वाली स्थिति बन गई। पुलिस बल व निजी सिक्योरिटी को व्यवस्था बनाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

धर्मशाला स्टेडियम में दूसरी बार प्रवेश के लिए ई–टिकट से क्यूआर स्कैन कर एंट्री प्रदान की गई। इस दौरान दर्शकों के लिए गेट खुलने पर प्रवेश में देरी मिलने पर खूब परेशान होना पड़ा। स्टेडियम में प्रवेश को लेकर दो नंबर गेट में बीएड कालेज धर्मशाला तक कतारें पहुंच गई। इस बीच कुछ लोग कतारें तोड़कर स्टेडियम की तरफ बढ़ते रहे। इसके चलते गेट के पास सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हो गए और स्थिति अत्याधिक भीड़होने से तनावपूर्ण बन गई। इस दौरान पुलिस व्यवस्था बनाते हुए दर्शकों को लाइन में खड़ा होकर अपनी बारी का इंतजार करने के लिए कहती हुई नजर आई। बावजूद इसके दर्शक काफी इन्तजार के बाद जल्द प्रवेश करने पर अड़े रहे।

**दर्शकों को साढ़े सात बजे तक नहीं मिल पाई एंट्री –** स्टेडियम के दिन में चार बजे गेट खुलने के बावजूद दर्शकों को साढ़े सात बजे तक एंट्री नहीं मिल पाई, इससे दर्शक भी काफी अधिक मायूस हुए। वहीं, पांच बजे के करीब सभी गेट के पास माहौल काफी तनावपूर्ण बना रहा। हालांकि इस बार युवक–युवतियों की अलग लाईन व प्रवेश के स्थान में व्यवस्था दरुस्त रही। पुलिस बल व निजी सिक्योरिटी तैनात कर लाईनों को व्यवस्थित किए जाने के प्रयास किए गए।

## बेन स्टोक्स की तूफानी वापसी



नई दिल्ली, 11 मई। बेन स्टोक्स ने चोट से उबरते हुए शानदार वापसी की है, क्योंकि वह इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ व्यस्त घरेलू टेस्ट सीजन की तैयारी कर रहे हैं, जो इस साल के अंत में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की मेजबानी करते हुए तीन–तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, इंग्लैंड के कप्तान ने काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन टू में डरहम काउंटी क्रिकेट क्लब की ओर से वॉर्सेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के खिलाफ खेला और नई गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों पारियों में दो–दो विकेट लिए। डरहम की नौ विकेट की जीत में स्टोक्स ने अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में स्टोक्स ने 20 ओवर में 54 रन देकर 2 विकेट लिए और तीसरी पारी में 8.5 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट लिए। इस साल की शुरुआत में एशेज 2025–26 के बाद यह स्टोक्स का पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। इंग्लैंड के कप्तान फरवरी में प्रशिक्षण के दौरान लगी टूटी हुई गाल की हड्डी से उबर रहे हैं। हालांकि डरहम के लिए नंबर पांच पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने मात्र 14 रन बनाए, लेकिन 34 वर्षीय स्टोक्स ने दोनों पारियों में नई गेंद से गेंदबाजी करते हुए अपनी तेज गति से प्रभावित किया।

## आरसीबी की बल्लेबाजी में सुधार का पूरा श्रेय दिनेश कार्तिक को जाता है : क्रुणाल पंड्या




नई दिल्ली, 11 मई। ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी जुझारू पारी के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की बल्लेबाजी में सुधार का श्रेय टीम के मेंटोर (मार्गदर्शक) और बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक को दिया। क्रुणाल ने पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद 46 गेंद में 73 रन बनाए जिससे आरसीबी अंतिम गेंद पर जीत हासिल करने में सफल रही। इससे उसकी टीम अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। क्रुणाल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''अगर आप पिछले साल और यहां तक कि इस साल को भी देखें, तो बल्लेबाजी में सुधार का श्रेय दिनेश कार्तिक को जाता है।'' इस ऑलराउंडर ने कहा, '''उन्होंने (कार्तिक) प्रत्येक खिलाड़ी के साथ व्यक्तिगत रूप से काफी समय बिताया है। उनके मजबूत और कमजोर पक्षों को समझा और उन पर काम किया। वह हमेशा बल्लेबाजों की मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारी टीम ने जिस तरह से बल्लेबाजी की है, उसका बहुत बड़ा श्रेय डीके (कार्तिक) को जाता है।'' अपने आईपीएल करियर में अलग–अलग नंबर पर बल्लेबाजी कर चुके क्रुणाल ने कहा कि उन्हें मुश्किल परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा, ''मुझे अच्छा लगता है कि टीम मुझ पर भरोसा करती है और मुझे अलग–अलग भूमिका सौंपती है। मैंने कभी भी व्यक्तिगत उपलब्धियों पर ध्यान नहीं दिया। मैं हमेशा टीम की स्थिति को समझने और उसे यथासंभव सरल तरीके से हल करने की कोशिश करता हूं।

## बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर जीता ला लीगा खिताब

बार्सिलोना, 11 मई। बार्सिलोना ने रविवार रात खेले गए एल क्लासिको मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड को 2–0 से हराकर ला लीगा 2025–26 का खिताब अपने नाम कर लिया। कैंप नोउ में खेले गए इस मुकाबले में बार्सिलोना ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और जीत के साथ अपना 29वां ला लीगा खिताब सुनिश्चित कर लिया। हांसी फ्लिक की टीम अब 91 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है और दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड से 14 अंक आगे निकल चुकी है। सीजन में अब केवल तीन मुकाबले बचे हैं, ऐसे में रियल के लिए बार्सिलोना को पकड़पाना असंभव हो गया है।

वहीं विलारियल 69 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। मुकाबले की शुरुआत से ही बार्सिलोना आक्रामक नजर आया। नौवें मिनट में मार्कस रैशफोर्ड ने शानदार फ्री–किक गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। एंटोनियो रुडिगर द्वारा फेरान टोरेस पर बॉक्स के बाहर फाउल करने के बाद मिले मौके को रैशफोर्ड ने बेहतरीन तरीके से गोल में बदल दिया। इसके नौ मिनट बाद बार्सिलोना ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली।

## आरसीए आयोजित करेगा आरसीए पैनल मैच रेफरी वर्कशॉप व परीक्षा



जयपुर, 11 मई । आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा राज्य में राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में क्रिकेट संचालन को अधिक पेशेवर, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मई 2026 में मैच रेफरी वर्कशॉप एवं परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार हमारी कमेटी का उद्देश्य राज्य के पूर्व खिलाड़ियों के अनुभव का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर राज्य की क्रिकेट के विकास में योगदान देने का अवसर प्रदान करते हुए आरसीए के घरेलू सत्र की क्रिकेट गतिविधियों के संचालन व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के दौरान खेल सुविधाओं की गुणवत्ता, खिलाड़ियों में अनुशासन व मैच ऑफिशियल की जिम्मेदारियों को और बेहतर व प्रभावी बनाना है।



आरसीए एडहॉक सदस्य अरिष्ट सिंघवी के अनुसार आरसीए द्वारा आयोजित किये जाने वाले आरसीए पैनल मैच रेफ़री वर्कशॉप व परीक्षा के लिए प्रत्येक जिला क्रिकेट संघ से 3 नामांकन (2 पुरुष एवं 1 महिला) आमंत्रित किए गए हैं। सभी जिला संघों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित प्रारूप में नाम एवं आधार कार्ड की प्रति सहित आवेदन 14 मई 2026 तक आरसीए को प्रेषित करें।

सभी नामांकित अभ्यर्थियों के लिए एमएस ऑफिस, ईमेल एवं मोबाइल संचालन की सामान्य जानकारी तथा अंग्रेज़ी भाषा का व्यावहारिक ज्ञान आवश्यक रहेगा, क्योंकि मैच रेफरी रिपोर्ट अंग्रेज़ी में प्रस्तुत की जाएगी। आरसीए द्वारा मैच रेफरी की भूमिका को अधिक जिम्मेदार एवं प्रभावी बनाया जा रहा है। अब मैच रेफरी मैदान एवं वेन्यू की स्थिति, मेज़बान संघ द्वारा की गई व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, समय पर ओवर पूर्ण करवाने, पेनल्टी लागू करवाने, अनुशासनात्मक मामलों की निगरानी एवं अंपायर रिपोर्ट के संकलन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट आरसीए को प्रस्तुत करेंगे। इस नई व्यवस्था के माध्यम से आरसीए का उद्देश्य राज्य क्रिकेट में बेहतर अनुशासन, जवाबदेही एवं उच्च स्तरीय क्रिकेट संचालन सुनिश्चित करना है।

**पुरुष वर्ग हेतु पात्रता**

रणजी ट्रॉफी / अंडर–19 कूच बिहार ट्रॉफी / अंडर–23 सी.के. नायडू ट्रॉफी में प्रतिनिधित्व किया हो तथा न्यूनतम 5 बहु–दिवसीय मैच खेले हों।
घरेलू सत्र 2026–27 से कम से कम 5 वर्ष पूर्व सक्रिय क्रिकेट से संन्यास लिया हो।
31 मई 2026 को आयु 45 वर्ष से कम हो।

**महिला वर्ग हेतु पात्रता**

सीनियर बीसीसीआई महिला क्रिकेट में प्रतिनिधित्व किया हो तथा न्यूनतम 5 मैच खेले हों।
घरेलू सत्र 2026–27 से कम से कम 5 वर्ष पूर्व सक्रिय क्रिकेट से संन्यास लिया हो।
31 मई 2026 को आयु 45 वर्ष से कम हो।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल सरमथुरा (धौलपुर) राज0**
EMAIL- npsarmathura@gmail.com
क्रमांक – न.पा.स. / विकास / 2026 / 2738 दिनांक–07.05.2026
**ई–निविदा सूचना संख्या–17/2025–26**
नगरपालिका सरमथुरा की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा बेवसाईट http://Sppp.raj.gov.in /http://eproc.raj.gov.in के देखी / प्राप्त की जा सकती है। RTPP एक्ट की शर्त मान्य होगी एवं अन्य शर्त कार्यालय समय में देखी जा सकती है।
UBN NO.(DLB2627SLRC03726) Amt-15.00 Lacs
अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद / सी / 26 / 2486 नगर पालिका सरमथुरा

**कार्यालय नगर पालिका, जैतारण (ब्यावर)**
क्रमांक / नपाजै / ईनिविदा / 2026 / 443 दिनांक :– 04.05.2026
**:: ई –निविदा सूचना ::**
**(NIB NO. DLB2026A1471)**
नगर पालिका जैतारण की ओर से नगर पालिका जैतारण एवं राजकीय विभाग मे नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई– प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया ऑनलाईन निविदाएं आंमत्रित की जाती है । नगर पालिका क्षैत्र के कुल 03 कार्य अनुमानित लागत 93.13 (लाख) रू की निविदा बेचे जानी प्रारम्भ की दिनांक 08.05.2026 एवं 21.05.2026 प्राप्त करने की दिनांक निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajashtan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है ।
राज.संवाद / सी / 26 / 2482 प्रशासक अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर पालिका चौहटन, जि. बाड़मेर (राज.)**
E-mail : nagarpalikactn@gmail.com PH. NO. 02989-294501
क्रमांक : विकास / 2026–27 / 2347 दिनांक : 02.05.2026
**ई–निविदा सूचना संख्या – 01/2026–27**
नगर पलिका चौहटन की ओर से केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, उपक्रमों, संस्थानों में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान के नवीन नियमों के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त समकक्ष श्रेणी की फर्मो / ठेकेदारों से 03 निर्माण कार्य के लिये मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निर्माण कार्यो निविदा फार्म दिनांक 06.05.2026 से दिनांक 18.05.2026 तक ऑन लाईन प्राप्त की जाकर दिनांक 19.05.2026 को उपापन समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा को इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करानी होगी। उपरोक्त निविदा सूचना के संबंध में समस्त जानकारी / विवरण / शर्ते राज्य सरकार की वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in Or http://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं।
NIB CODE : DLB2627A1402
राज.संवाद / सी / 26 / 2477 अधिशाषी अधिकारी

राजस्थान–सरकार
**कार्यालय नगरपरिषद चूरू (राज0)**
राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल के पास, चूरू :– 331001
दूरभाष :– 01562–250318 ई–मेल :– npchuru@gmail.com
क्रमांक :– न.प.चूरू / विकास शाखा / 2026–27 / 21993174 दिनांक :– 05.05.2026
**ई–निविदा सूचना 13 वर्ष 2026–27**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, द्वारा 04 कार्यो की निविदा आईडी नम्बर DLB2627A1456 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।
UBN Code :- DLB2627WSOB03962, DLB2627WSOB03963, DLB2627WSOB03964, DLB2627WSOB03965
आयुक्त
राज.संवाद / सी / 26 / 2494 नगरपरिषद, चूरू

# सोमनाथ मंदिर सनातन संस्कृति, राष्ट्रीय स्वाभिमान व अटूट आस्था का प्रतीक है- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने सोमवार को झारखंड महादेव मंदिर में आयोजित ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'' कार्यक्रम को संबोधित किया

जयपुर, 11 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत की सनातन संस्कृति, राष्ट्रीय स्वाभिमान और अटूट आस्था का प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर पर विदेशी आक्रांताओं ने अनेक बार आक्रमण किए। मंदिर में लूटपाट की गई, लेकिन यह मंदिर हर बार और अधिक भव्यता एवं स्वाभिमान के साथ पुनः स्थापित हुआ।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झारखंड महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं कल्याण के लिए कामना की।**

उन्होंने कहा कि हमें हमारी समृद्ध विरासत, संस्कृति और स्वाभिमान को संजोते हुए आगामी पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने युवाओं से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाकर सशक्त और आत्मनिर्भर भारत निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया।

मुख्यमंत्री सोमवार को झारखंड महादेव मंदिर में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गुजरात के सोमनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुए सोमनाथ अमृत महोत्सव में मुख्यमंत्री वीसी के माध्यम से जुड़े और प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को झारखंड महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की।*

सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के सोमनाथ मंदिर पहुंचे। प्रधानमंत्री का मंदिर मार्ग पर शंख और डमरू वादन के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने सोमनाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की एवं देश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

उन्होंने कहा कि पिछले सवा दो साल में राज्य सरकार ने प्रदेश में आध्यात्मिक उत्थान एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक निर्णय लिए हैं। पुष्कर, खाटूश्यामजी, नाथद्वारा, केशोरायपाटन, डीग और चित्तौड़गढ़ जैसे धार्मिक एवं हेरिटेज शहरों में हेरिटेज वॉक-वे निर्माण, किराडू के मंदिर समूह का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के कार्य, पुष्कर, खाटूश्याम जी, देशनोक, डिग्गी में मुख्य प्रवेश मार्ग के मॉडल के रूप में विकास सहित, धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने झारखंड महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं कल्याण के लिए कामना की।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या एवं गोपाल शर्मा सहित, अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## शुभेन्दु ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की होगी कि तृणमूल कांग्रेस को चुनाव में एक और कार्यकाल मिल जाएगा। आखिरकार, विरोधी नेताओं पर धमकी, हिंसा और खुले तौर पर हत्या का चलन बंगाल में आम हो गया है। जो भी हत्या का आदेश देने में शामिल था, वह यह संदेश देना चाहता था कि सत्ता के ऊंचे शिखरों में बैठे लोगों का भी हिंसक दमन हो सकता है। शुभेन्दु के कार्यकारी सहायक बहुत मिलनसार व्यक्ति थे और उनकी ज्यादा कोई दुश्मनी नहीं थी। ऐसे सीधे सरल व्यक्ति की हत्या केवल उच्च अधिकारियों को सबक देने के लिए की गई थी। इसलिए ध्यान केवल हत्यारों पर नहीं, बल्कि आदेश देने वाले उच्चतम स्तर की कमांड चेन पर भी होना चाहिए।

## 'हाईकोर्ट्स जमानत याचिकाओं ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सूचीबद्ध करें। यदि कोई जमानत याचिका बिना सुनी रहे, तो हर दो सप्ताह में स्वतः पुनः सूचीबद्ध होने की व्यवस्था करने का सुझाव भी दिया गया।

अदालत ने यह भी आदेश दिया कि नई जमानत याचिकाएँ आम तौर पर दायर होने के बाद ''ऑल्टरनैट डे'' पर या एक सप्ताह के भीतर सूचीबद्ध की जाएँ।

एक अन्य प्रक्रियागत सुधार में, पीठ ने निर्देश दिया कि जमानत के मामलों की पहली सुनवाई से पहले स्टेटस रिपोर्ट दायर की जानी चाहिए। जमानत याचिकाएँ दाखिल करने वाले वकीलों को यह अनिवार्य रूप से अधिवक्ता जनरल के कार्यालय या नामित एजेंसियों को याचिका की प्रतियां भेजनी होंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि जमानत मामलों में प्रवेश स्तर पर नोटिस जारी करने की मौजूदा प्रथा को आम तौर पर टालना चाहिए, ताकि अनावश्यक देरी से बचा जा सके।

व्यक्तिगत स्वतंत्रता के महत्व को रेखांकित करते हुए पीठ ने कहा कि अदालतों की गंभीर जिम्मेदारी है कि वे मूलभूत अधिकारों की रक्षा करें।

अदालत ने यह भी चिंता जताई कि राज्यों में फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना के बावजूद फोरेंसिक रिपोर्टों में देरी हो रही है। उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से कहा गया कि वे राज्य अधिकारियों के साथ इस मुद्दे को उठाएँ एफ एस एल ताकि रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जा सके।

पीड़ित-केंद्रित मामलों में, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच अधिकारी यह समझें कि जांच में चूक या देरी के कारण अंततः आरोपी व्यक्तियों को जमानत मिल सकती है।

पीठ ने जोर दिया कि उच्च न्यायालय और जांच एजेंसियों को सहकारी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ताकि पीड़ितों के अधिकारों की हानि किए बिना जमानत याचिकाओं का समय पर निपटारा सुनिश्चित किया जा सके।

## शुभेन्दु के पीए ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पड़ोसियों की मानें तो देररात गाड़ियों की आवाज से नींद खुली, लेकिन सादे वेश में उतरे कुछ लोगों ने यहां पूछताछ की और वापस चले गए। हालांकि, आसपास के लोग और अधिक बताने को तैयार नहीं है। माना जा रहा है की राज सिंह एक स्थानीय राजनैतिक संरक्षण में रहता था, उस पर सदर कोतवाली में कुछ वर्ष पूर्व एक अंडा दुकानदार को गोली मारने का भी आरोप है। इस बाबत शहर कोतवाली निरीक्षक विपिन सिंह ने अभिज्ञता जतायी। वहीं, एसपी ओमवीर सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुई हत्या से जुड़े मामले में बलिया के किसी युवक की गिरफ्तारी को लेकर हमसे किसी ने कोई संपर्क नहीं किया है। सोशल मीडिया के माध्यम से ही जानकारी मिली है।

## केरल में कांग्रेस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

काफी महत्व है।

कांग्रेस के सहयोगियों का तर्क है कि सतीशन ने लेफ्ट फ्रंट के खिलाफ जमीनी लड़ाई लड़ी है, इसलिए मुख्यमंत्री पद पर उनका हक वाजिब है।

मामले के गतिरोध की स्थिति तक पहुँचने के कारण, केन्द्रीय नेतृत्व ने केरल के नेताओं को दिल्ली बुलाया।

कांग्रेस हाई कमान अब जटिल स्थिति में फंसी है। अब यह सुझाव दिया जा रहा है कि सोनिया गांधी, ए.के. एंटनी और यूडीएफ के अन्य घटक दल भी मुख्यमंत्री चयन प्रक्रिया में शामिल होंगे।

यदि वेणुगोपाल को मुख्यमंत्री बनाया जाता है, तो दो उप-चुनाव होंगे, एक लोकसभा सीट के लिए और एक विधानसभा सीट के लिए। (वेणुगोपाल अलप्पुझा के सांसद हैं)। यह भी सुझाव दिया जा रहा है कि राहुल गांधी वेणुगोपाल को कांग्रेस में और भी ज्यादा महत्वपूर्ण पद सौंप सकते हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे का कांग्रेस अध्यक्ष का कार्यकाल अगले वर्ष समाप्त होने वाला है। एक और कारक है वायनाड लोकसभा क्षेत्र, वर्तमान में प्रियंका गांधी जिसका प्रतिनिधित्व करती हैं, जहां मुस्लिम मतदाता 45 प्रतिशत से अधिक हैं। इसलिए उनकी पसंद को नज़रअदाज़ करना कांग्रेस के लिए जोखिम भरा हो सकता है। वेणुगोपाल ने रणनीतिक रूप से विधायकों का समर्थन सुरक्षित कर लिया है। अब यह राहुल गांधी पर निर्भर है कि वे उन्हें राज्य संभालने दें या नहीं। दिल्ली में कई कांग्रेस नेता चाहते हैं कि वेणुगोपाल केएल चले जायें, ताकि उन्हें महासचिव (संगठन) बनने का अवसर मिल सके। इन विभिन्न कारकों के कारण, पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने को तैयार नहीं है, क्योंकि किसी भी कदम के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। केरल विधान सभा का कार्यकाल 23 मई तक है, जो पार्टी को निर्णय लेने का समय दे रहा है।

## प्रधानमंत्री ने दूसरे दिन फिर विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की

वडोदरा, 11 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संकट और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच सोमवार को लगातार दूसरे दिन देशवासियों से विदेशी मुद्रा बचाने और आयातित वस्तुओं पर निर्भरता कम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के संसाधनों पर बोझ घटाने के लिए हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। वडोदरा में सरदार धाम से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, हमें हर छोटे-बड़े प्रयास से ऐसे उत्पादों का उपयोग कम करना है, जो विदेश से आते हैं और ऐसे व्यक्तिगत कामों से भी बचना है, जिनमें विदेशी मुद्रा खर्च होती हो।

## जल जीवन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सौंपा दिया। गौरतलब है कि मामले में तत्कालीन एसीएस सुबोध अग्रवाल सहित, जलदाय विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी जेल में हैं। वहीं फरार आरोपी जितेन्द्र शर्मा, मुकेश गोयल और संजीव गुप्ता को अदालत ने भगोडा घोषित कर उनके गिरफ्तारी के स्थायी वारंट जारी कर रखे हैं।

अदालती आदेश के बाद महेश जोशी ने अदालत कक्ष के बाहर आकर कहा कि एसीबी मामले में राजनीतिक दबाव में काम कर रही है। ईडी ने भी दबाव में काम किया था, वरना एक ही मामले में दो बार गिरफ्तारी नहीं होती। जोशी ने कहा कि एसीबी बिना वजह सनसनी फैला रही है।

## ईरान ने होर्मुज़ में टोल वसूली ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वाले किसी भी परिणाम का वह स्वयं सामना करेगा। इस्लामिक रिपब्लिक ने होर्मुज़ से गुजरने के लिए किसी भी देश को विशेष सुविधा देने के संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया है। तथापि, ईरान की सेना ने चेतावनी दी है कि जो देश अमेरिका के ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों का पालन करेंगे, उन्हें स्ट्रेट पार करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। रविवार को सेना अधिकारी मोहम्मद अकरामीनिया ने ईरान की अधिकारिक न्यूज़ एजेंसी आई.आर.एन.ए. को बताया कि ''जो देश अमेरिका के साथ मिलकर इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ ईरान पर प्रतिबंध लगाते हैं, उन्हें निश्चित रूप से स्ट्रेट पार करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।'' उन्होंने आगे कहा, ''हमने स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ में एक नया कानूनी और सिक्यूरिटी सिस्टम बनाया है। अब से, जो भी जहाज यहाँ से गुजरना चाहता है, उसे हमारे साथ समन्वय करना होगा।'' उन्होंने कहा कि यह प्रणाली ''अब लागू हो गई है'' और इससे ''आर्थिक, सुरक्षा और राजनीतिक लाभ'' होंगे। शनिवार को, ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख एब्राहीम अजिज़ी ने ''एक्स'' पर इसी तरह की चेतावनी जारी की।

## टीवीके ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कार्यवाही के संचालन की अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। इसी क्रम में विधानसभा उपाध्यक्ष पद के लिए तुरैयूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविशंकर के नाम पर भी सहमति बन गई है। ऐसी उम्मीद है कि विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन की घोषणा के बाद उपाध्यक्ष पद पर रविशंकर के नाम की घोषणा भी कर दी जाएगी।

## क्या प्र.मंत्री मोदी की अपील ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर निर्भरता कम करने और ''कोविड-युग की प्रथाओं के पुनर्चलन'' के लिए प्रधानमंत्री की अपील की तीव्र आलोचना की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील ''उपदेश'' नहीं, बल्कि असफलता के प्रमाण हैं। राहुल ने एक्स पर लिखा, ''12 साल में उन्होंने देश को ऐसी स्थिति में ला दिया है कि जनता को बताया जा रहा है कि क्या खरीदें, क्या न खरीदें, कहाँ जाएँ, कहाँ न जाएँ। हर बार, वे जिम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं, ताकि खुद जिम्मेदारी और जवाबदेही से बच सकें।'' कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की, ताकि प्रधानमंत्री के बयानों के पीछे की सच्ची स्थिति सामने आ सके। तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने भाजपा पर ''कड़े पाखंड'' का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी स्वयं एक लग्ज़री डिप्लोमेसी टूर पर जाने की योजना बना रहे हैं और भाजपा नेताओं ने चुनावी अभियान और वीआईपी मूवमेंट में भारी मात्रा में ईंधन खर्च किया है, जबकि नागरिकों से कटौती करने को कहा जा रहा है। घोष ने एक्स पर लिखा, ''राजा मस्त, जनता त्रस्त।''

## सोमनाथ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की 'सूर्यकिरण' टीम ने छह हॉक एमके-132 विमानों के साथ आकाश में भव्य प्रदर्शन किया।





T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Images used are for illustration purposes only. For details on safety features (including airbags), refer owner's manual. NEXA dealers exclusively provide all offers, which vary by model and variant. Offers are subject to availability of stock. ^Ex. showroom Price of ₹ 10.77 lakh, Consumer Offer (-) ₹ 25 000, Exchange Bonus (-) ₹ 30 000, Loyalty Bonus (-) ₹ 20 000, Corporate Offer (-) ₹ 10 000 = ₹ 9.92 lakh. The actual effective price mentioned may vary based on the customer's eligibility, profile, and applicable offers at the time of purchase. Offer valid on Grand Vitara Sigma Variant. Maruti Suzuki may withdraw offers without notice. Offer valid till limited period. Features and accessories shown may not be part of the standard fitment. 'EMI @ Rs 8 999' is a scheme illustration for upgrade from Brezza to Grand Vitara Sigma variant. Balloon Finance EMI is calculated @ 9.5% rate of interest; Balloon EMI is 30% of the total loan amount and loan tenure of 5 years. Balloon Finance Scheme provided by select financiers.


राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908